नई दिल्ली
बुधवार 27 मई 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
एकादशी वर्ष : 30, अंक : 38
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 43
न्यून. 38

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# अब देश में घुसपैठियों की खैर नहीं डेमोग्राफिक चेंज पर कमेटी बनाई

## घुसपैठ पर बदलती जनसंख्या पर केंद्र सख्त

देश में 'अस्वाभाविक जनसांख्यिकीय बदलाव' की जांच करेगी उच्चस्तरीय समिति, न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर होंगे अध्यक्ष

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने देश में घुसपैठ और अन्य कारणों से हो रहे जनसांख्यिकीय बदलावों की व्यापक समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। केंद्रीय



गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अवैध घुसपैठ और अन्य अस्वाभाविक कारणों से देश के कई हिस्सों में जनसंख्या संरचना में तेजी से बदलाव हो रहा है, जो भारत की संप्रभुता, राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक संतुलन के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। इस उच्चस्तरीय समिति की अध्यक्षता उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर करेंगे। समिति में भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त, पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी दुर्गा शंकर मिश्रा, पूर्व भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी बालाजी श्रीवास्तव तथा प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ. शामिका रवि को सदस्य बनाया गया है। गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव (विदेशी-1 प्रभाग) समिति के सदस्य सचिव होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले वर्ष लाल किले से स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में इस तरह की समिति गठित करने की घोषणा की थी। अब केंद्र सरकार ने इसे औपचारिक रूप देते हुए देशभर में जनसंख्या बदलाव के पैटर्न की गहन जांच शुरू करने का फैसला किया है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जनसांख्यिकीय परिवर्तन केवल आबादी का विषय नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध राष्ट्रीय सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, सामाजिक संरचना और जनजातीय समाज की पहचान एवं संरक्षण से भी जुड़ा है। उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में धार्मिक और सामाजिक समुदायों के बीच असामान्य जनसंख्या बदलाव देखने को मिल रहे हैं, जिनका अध्ययन करना आवश्यक है। समिति देशभर में अवैध प्रवासन और अन्य कारणों से हो रहे जनसंख्या परिवर्तनों का व्यापक आकलन करेगी। इसके अलावा धार्मिक एवं सामाजिक समुदायों के स्तर पर असामान्य जनसंख्या वृद्धि या बदलाव के पैटर्न का विश्लेषण कर समयबद्ध और योजनाबद्ध समाधान सुझाएगी। सरकार का मानना है कि सीमावर्ती राज्यों और संवेदनशील इलाकों में बदलती जनसंख्या संरचना भविष्य में सामाजिक तनाव, संसाधनों पर दबाव और सुरक्षा संबंधी चुनौतियों को जन्म दे सकती है। ऐसे में यह समिति नीति निर्माण और भविष्य की रणनीति तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## मोदी सरकार के 12 साल: जनकल्याण, विकास और वैश्विक नेतृत्व के साथ जीता लोगों का भरोसा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे कर लिए। वर्ष 2014 में इसी दिन नरेंद्र मोदी ने पहली बार देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। पिछले 12 वर्षों में



केंद्र सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं, आर्थिक सुधारों, बुनियादी ढांचे के विस्तार और वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा को अपनी प्रमुख उपलब्धियों के रूप में प्रस्तुत किया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के मंत्र को आधार बनाकर गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और मध्यम वर्ग के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं लागू कीं। सरकार का दावा है कि इन योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति पर विशेष ध्यान

*मोदी सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आतंकवाद विरोधी अभियानों, सीमा सुरक्षा और वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ कार्रवाई को तेज किया। सरकार का कहना है कि विदेश नीति के स्तर पर भारत की वैश्विक भूमिका पहले की तुलना में अधिक मजबूत हुई है और कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की सक्रिय भागीदारी बढ़ी है।*

### संस्कृति, विरासत और पर्यावरण संरक्षण

*सरकार ने सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण, धार्मिक स्थलों के विकास और पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष ध्यान देने का दावा किया है। वन्यजीव संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा और हरित विकास को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें शुरू की गईं। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, मोदी सरकार के 12 वर्षों का कार्यकाल देश की राजनीति, अर्थव्यवस्था और प्रशासनिक ढांचे में बड़े बदलावों का दौर माना जा रहा है। वहीं विपक्ष लगातार महंगाई, बेरोजगारी और सामाजिक मुद्दों को लेकर सरकार को घेरता रहा है। इसके बावजूद केंद्र सरकार अपनी उपलब्धियों और विकास मॉडल को जनता के सामने प्रमुखता से रख रही है।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
एसआरएच आरआर
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### दिल्ली में 2 रुपए फिर महंगी हुई सीएनजी



**नई दिल्ली।** पेट्रोल-डीजल के बाद अब आम जनता पर सीएनजी की महंगाई की मार पड़ी है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत पूरे देश में सीएनजी की कीमतों में 2 रुपए प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की गई है। इस ताजा वृद्धि के बाद दिल्ली में सीएनजी की नई कीमत अब 83.09 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। पिछले 11 दिनों के भीतर सीएनजी के दामों में यह चौथी बढ़ोतरी है, जिससे कुल मिलाकर कीमतें 6 रुपए तक बढ़ चुकी हैं। इससे पहले 15, 18 और 23 मई को भी दाम बढ़ाए गए थे। इसका असर दिल्ली-एनसीआर के ऑटो, टैक्सी, वैन चालकों पर पड़ेगा।

### राम रहीम फिर जेल से बाहर 30 दिन की मिली पैरोल



**नई दिल्ली।** सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को एक बार फिर जेल से रिहाई मिल गई है। सोमवार को उसे 30 दिन की पैरोल दी गई है। साल 2020 के बाद से यह 16वां मौका है जब राम रहीम को अस्थायी रिहाई (पैरोल या फरलो) मिली है। राम रहीम दो साध्वियों से रेप के मामले में 2017 से रोहतक की सुनारिया जेल में 20 साल की सजा काट रहा है। 16वीं बार पैरोल मिलने के बाद यह कानूनी प्रावधान एक बार फिर देश भर में चर्चा का विषय बन गया है। इस हाई-प्रोफाइल मामले के बाद पैरोल के नियमों को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं।

## समुद्री व्यापार, सप्लाई चेन में आ रही बाधाओं की वजह से ईंधन, खाद्य-उर्वरक सुरक्षा पर पड़ेंगे गंभीर परिणाम

# विवादों के शांतिपूर्ण समाधान, होर्मुज से स्वतंत्र नौवहन आवाजाही को लेकर प्रतिबद्ध क्वाड

- होर्मुज, लाल सागर में व्यापारिक जहाजों पर हमलों की निंदा करता क्वाड, मंजूर नहीं टोल वसूलना
- आतंकवाद के खिलाफ एकजुट भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया, पहलगाम-बांडी बीच हमले को लेकर जताया कड़ा विरोध
- यह जानकारी राजधानी में हुई क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद जारी किए गए संयुक्त बयान से मिली है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती चीन की आक्रामकता और पश्चिम-एशिया सहित मध्य-पूर्व में चल रहे युद्ध के बेहद चिंताजनक वैश्विक हालातों के बीच मंगलवार को राजधानी के हैदराबाद हाउस में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया द्वारा गठित क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें इन मुद्दों के अलावा समूह देशों के बीच संबंधों से जुड़े हुए तमाम क्षेत्रों में सहयोग को और अधिक प्रगाढ़ बनाने पर सहमति प्रदान की गई है। सभी ने पूरी एकजुटता के साथ एक खुले हुए, स्वतंत्र, समावेशी और अंतरराष्ट्रीय कानूनों पर आधारित समुद्री आवाजाही को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बनाए रखने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही वैश्विक विवादों का हर हाल में शांतिपूर्ण समाधान निकालने, जमीनी स्तर पर यथास्थिति को बलपूर्वक एकतरफा बदलने और होर्मुज व लाल सागर जैसे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक जलमार्गों से स्वतंत्र, सुरक्षित समुद्री नौवहन को बरकरार रखने को लेकर अपना संकल्प जताया है। आतंकवाद का मुद्दा भी बैठक में प्रमुखता ▶▶ शेष पेज 5 पर



### दक्षिण-पूर्वी चीन सागर पर जताई गंभीर चिंता

क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए चिंता का सबसे बड़ा कारण बने हुए दक्षिण और पूर्वी चीन सागर के मामले पर विचार किया है। दोनों जगहों पर किसी भी रूप में जमीनी स्थिति को एकतरफा बदलने के लिए किए गए प्रयासों (अपतटीय सैन्य तैनाती, समुद्री-हवाई आवाजाही में लगातार व्यवधान उत्पन्न करना, सैन्य-तटरक्षकबल के विमानों व समुद्री सशस्त्र समूहों द्वारा खतरनाक रूप से चक्कर काटना) का भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान मिलकर विरोध करेंगे। जिससे क्षेत्र की शांति, स्थिरता पर खतरा मंडराता है। विवादित स्थानों का सैन्यीकरण करने को लेकर भी क्वाड गंभीर रूप से चिंतित है। साथ ही समूह देश समुद्री आवाजाही की स्वतंत्रता, यूएन कानूनों के तहत विवादों के शांतिपूर्ण समाधान सहित दस साल पहले वैश्विक न्यायाधिकरण द्वारा मामले के निदान को लेकर दिए गए फैसले को एक सराहनीय कदम के अलावा मील के पत्थर के रूप में स्वीकार किया है।

### आर्थिक-ऊर्जा सुरक्षा पर जोर

*बैठक में क्वाड देशों ने ऊर्जा और आर्थिक सुरक्षा को अपने सहयोग का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बताया है। इस संबंध में भविष्य में सभी देश अपने सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने के लिए भी राजी हैं। एक साफ सुथरे और विविधतापूर्ण जटिल खनिजों वाले बाजार के गठन को लेकर भी सहमति जताई गई है। मामले में किसी एक देश पर निर्भरता को घटाने के मकसद से क्वाड एक विविधतापूर्ण और भरोसेमंद ग्लोबल सप्लाई चेन के गठन को लेकर एकमत हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में खासतौर पर उर्वरकों को लेकर आ रही परेशानी को देखते हुए हिंद-प्रशांत ऊर्जा सुरक्षा सहयोग नामक एक कदम की घोषणा की गई है। चारों देश एक खुले हुए, बेहतर ढंग से काम करने वाले स्थिर ऊर्जा बाजार की स्थापना को लेकर साथ मिलकर काम करेंगे। जिससे क्षेत्र की समृद्धि को लेकर जरूरी वस्तुओं से जुड़ा व्यापार निबार्ध रूप से जारी रहेगा। क्वाड समुद्र के नीचे एक भरोसेमंद केबल सिस्टम के भी पक्षधर हैं। जो वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है। अमेरिकी नेतृत्व वाले पैक्स सिलिका समूह को क्वाड देशों ने अपने आर्थिक सुरक्षा एजेंडे का एक महत्वपूर्ण बिंदु माना है। प्राकृतिक आपदा-बचाव अभियान (एचएडीआर) को लेकर भी समूह एकजुटता से सहयोग के लिए तैयार है।*

### जयशंकर ने बताए 3 प्रमुख निष्कर्ष

- *डॉ.एस.जयशंकर ने कहा कि इस बैठक के तीन मुख्य निष्कर्ष रहे हैं। जिनमें,हिंद-प्रशांत समुद्री निगरानी पहल और समुद्री क्षेत्र में एक सामान्य संचालन को लेकर सहमति बनी है। समूह बंदरगाह अवसंरचना पर एक विशेषज्ञ पैनल को लेकर विचार करेगा, फिजी में एक पायलट बंदरगाह परियोजना, समुद्र के नीचे केबल के मामले में सहयोग किया जाएगा।*
- *क्वाड महत्वपूर्ण खनिज ढांचा रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया।*
- *भारत-अमेरिका महत्वपूर्ण खनिज ढांचा पर हस्ताक्षर किए गए हैं, क्वाड इस क्षेत्र में समान विचारधारा वाले बाकी देशों के साथ काम कर रहा है।*
- *प्रौद्योगिकी, प्रबंधन, नीति, अंतरराष्ट्रीय बाजार विश्लेषण, आपातकालीन प्रतिक्रिया अभ्यासों में हिंद-प्रशांत ऊर्जा सुरक्षा पर क्वाड पहल की घोषणा की गई है।*

## नई दिल्ली में हुई समूह देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान किया गया यह महत्वपूर्ण ऐलान

# क्वाड ने की जटिल खनिजों के लिए रूपरेखा की घोषणा, 20 अरब डॉलर का होगा निवेश



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दुर्लभ खनिजों के मामले में फिलहाल दुनियाभर के सामने बने हुए चीन के एकाधिकार की चुनौती देने के लिए भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे चार देशों के चतुष्कोणीय क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों ने मंगलवार को मामले पर सहयोग बढ़ाने को लेकर एक महत्वपूर्ण रूपरेखा (क्वाड क्रिटिकल मिनरल्स इनिशिएटिव फ्रेमवर्क) की घोषणा की है। साथ ही आपूर्ति श्रृंखलाओं को और अधिक सशक्त बनाने के लिए 20 अरब डॉलर की सार्वजनिक और निजी पूंजी देने का संकल्प भी जताया गया है। समूह देशों ने यह घोषणा नई दिल्ली में हुई क्वाड की अपनी बैठक के दौरान की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान के जरिए यह जानकारी दी है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### आर्थिक दबाव से चिंतित चारों देश

*क्वाड देशों ने चीन की निर्यात नियंत्रण व्यवस्था का नाम लिए बगैर इस बात को स्वीकार किया है कि आर्थिक दबाव चिंता को बढ़ाने वाला मामला है। वहीं, दूसरी ओर दुर्लभ खनिजों की बात करें तो यह मुख्य रूप से इलेक्ट्रिक वाहनों, ड्रोन और बैटरी भंडारण जैसे उच्च-प्रौद्योगिकी वाले उत्पादों के लिए अति आवश्यक माने जाते हैं। इस विषय को लेकर पूरी दुनिया में चीन शीर्ष पर रहा है और वर्तमान में उसका इस क्षेत्र पर दबदबा भी बना हुआ है। वैश्विक दुर्लभ खनिजों के खनन के मामले में चीन की हिस्सेदारी करीब 70 फीसदी तक बनी* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### क्वाड देशों को होगा यह लाभ

*रूपरेखा की मदद से क्वाड देशों की कंपनियों द्वारा संचालित, समूह देशों को आपूर्ति करने वाले बाजारों से जुड़ी हुई परियोजनाओं की पहचान की जाएगी। जो विशेष रूप से जरूरी खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं की कमियों को दूर करती हैं। समूह निर्यात ऋण एजेंसियों, विकास वित्त संस्थानों, निजी पूंजी जुटाने, बीमा-सब्सिडी जैसे अन्य सहायता माध्यमों के जरिए महत्वपूर्ण रणनीतिक खनिज परियोजनाओं को लेकर अपना* ▶▶ शेष पेज 5 पर

## दोनों देशों के साथ भारत की रणनीतिक साझेदारी, हिंद-प्रशांत के मुद्दे पर की गई चर्चा

# जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों ने की पीएम से शिष्टाचार मुलाकात

- ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वांग के साथ हुई डॉ.एस.जयशंकर की द्विपक्षीय बैठक।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को आयोजित की गई क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ शिष्टाचार भेंट की। दोनों शीर्ष मंत्रियों के साथ हुई मुलाकात को लेकर पीएम ने प्रसन्नता जताई। जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी के साथ हुई मुलाकात को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और जापान ने अपनी विशेष रणनीतिक और विशेष साझेदारी की जरूरी भूमिका को रेखांकित किया है। यह हिंद-प्रशांत क्षेत्र और उसके परे शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने में सहायक है।

**वांग संग वार्ता में उठे यह मुद्दे** : पीएम मोदी ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वांग के साथ ▶▶ शेष पेज 5 पर

## गिरिबाला सिंह के घर पहुंची सीबीआई, महत्वपूर्ण सबूत जब्त

# समर्थ से पूछा -10 दिन कहां रहे? मां और बेटे से 2 घंटे तक 'पूछताछ'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



एक्ट्रेस व मॉडल ट्विशा शर्मा मौत के मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने जांच तेज कर दी है। मंगलवार को दिल्ली से आई सीबीआई टीम रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह के बाग मुगलिया स्थित घर पहुंची और घटनास्थल का स्पॉट वैरिफिकेशन किया। टीम ने मौके से सीसीटीवी फुटेज समेत कई महत्वपूर्ण सबूत जब्त किए। इस दौरान गिरिबाला सिंह और समर्थ सिंह से दो घंटे तक पूछताछ की गई है। करीब दो घंटे तक चली कार्रवाई के बाद सीबीआई टीम घर से निकली और फिर ट्विशा के परिजनों से पूछताछ के लिए पहुंची। आर्मी कैंट स्थित गेस्ट हाउस में सीबीआई ने परिवार के लोगों से अलग-अलग रूम में बयान लिए। जैसा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा परिजनों को कहा गया है ▶▶ शेष पेज 5 पर

# सीबीएसई भुगतान व्यवस्था में होगा बड़ा बदलाव पेमेंट फेल और रिफंड की परेशानी से मिलेगी निजात

हरिभूमि ब्यूर ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की भुगतान प्रणाली को अधिक सुरक्षित, तेज और छात्र-अनुकूल बनाने के लिए चार प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य सीबीएसई के पेमेंट गेटवे सिस्टम में सुधार करना और छात्रों को ऑनलाइन भुगतान से जुड़ी तकनीकी समस्याओं से राहत दिलाना था। बैठक में शिक्षा मंत्री ने बैंकों को निर्देश दिया कि वे सीबीएसई के साथ मिलकर ऐसी मजबूत और निर्बाध भुगतान प्रणाली विकसित करें, जिससे छात्रों को फीस जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि समय पर ट्रांजेक्शन, पेमेंट संबंधी शिकायतों का तत्काल समाधान और अतिरिक्त या असफल भुगतान की स्थिति में स्वतः रिफंड की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। धर्मेंद्र प्रधान ने तकनीकी सुरक्षा उपायों को और मजबूत करने, रियल टाइम मॉनिटरिंग तथा तेज शिकायत निवारण प्रणाली विकसित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी भी प्रकार की तकनीकी गड़बड़ी और पेमेंट फेल होने जैसी समस्याओं को पूरी तरह समाप्त करना सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में शामिल बैंकों ने इस पहल को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया और कहा कि वे सीबीएसई के साथ समन्वय कर जल्द ही आवश्यक तकनीकी अपग्रेड और उन्नत भुगतान प्रोटोकॉल लागू करेंगे। बैठक में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, कैनरा बैंक और इंडियन बैंक के उच्चाधिकारी शामिल हुए। गौरतलब है कि 24 मई को भी शिक्षा ▶▶ शेष पेज 5 पर

## जींद- सोनीपत रूट पर दौड़ेगी

# देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के ट्रायल को मिली मंजूरी

### 75 किमी प्रति घंटे की होगी अधिकतम गति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने पर्यावरण अनुकूल तकनीक की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। रेलवे बोर्ड ने देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन (फ्यूल सेल) आधारित 10-कोच वाली ट्रेन के ट्रायल संचालन को हरी झंडी दे दी है। इसके तहत उत्तरी रेलवे और अनुसंधान डिजाइन एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) को दिल्ली डिवीजन के जींद-सोनीपत रूट पर इस ट्रेन को



हाइड्रोजन ट्रेन

चलाने की अनुमति मिल गई है। रेलवे बोर्ड के मुताबिक यह ट्रेन इस समर्पित रूट पर 75 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति से चलेगी। तकनीकी रूप से यह ब्रॉड गेज प्लेटफॉर्म पर दुनिया का सबसे लंबा (10 कोच) और सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेनसेट है। इसमें 1200 किलोवाट की दो ड्राइविंग पावर कार शामिल हैं, ▶▶ शेष पेज 5 पर

### जर्मनी, स्वीडन, जापान और चीन की कतार में हम भी

यह ट्रेन पूरी तरह प्रदूषण मुक्त है, इससे कार्बन डाइऑक्साइड की जगह केवल जलवाष्प उत्सर्जित होगी। ट्रेन का निर्धारित मेंटेनेंस दिल्ली के शकूरबस्ती में किया जाएगा। सफल व्यावसायिक संचालन के बाद भारत, जर्मनी, ▶▶ शेष पेज 5 पर

## 1991 से लेकर अब तक के अनुभवों का बेहतर प्रस्तुतिकरण

वह एक सच्चे कर्मयोगी और असाधारण इंसान: शिवराज

# शिवराज सिंह चौहान की किताब 'अपनापन' का विमोचन, कहा-पीएम मोदी सच्चे कर्मयोगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने 35 साल के अनुभवों को किताब के रूप में पेश किया है। उन्होंने 'अपनापन : नरेंद्र मोदी संग मेरे अनुभव' नाम से पुस्तक लिखी है, जिसका विमोचन मंगलवार को दिल्ली के पूसा स्थित एनएएससी कॉम्प्लेक्स में सुबह 10:30 बजे किया गया। इस पुस्तक का विमोचन पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा ने किया। समारोह में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश,

किताब युवाओं को प्रेरित करेगी



उत्तराखंड और राजस्थान समेत करीब एक दर्जन राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और गिरिराज सिंह सहित कई दिग्गज नेता मौजूद हैं। शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि यह किताब उनके लिए सिर्फ एक पुस्तक नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ बिताए लंबे समय का अपनापन है। 1991 की एकता यात्रा से लेकर आज तक के अनुभवों को इसमें शामिल किया गया है। उस समय मुरली मनोहर जोशी की यात्रा में नरेंद्र मोदी संगठनात्मक प्रभारी थे। शिवराज सिंह चौहान का कहना है कि यह पुस्तक युवाओं को विशेष रूप से प्रेरित करेगी। इसमें अनुशासन, तपस्या, समर्पण और लोगों के साथ अपनापन से बड़े लक्ष्य हासिल करने की सीख दी गई है। किताब में मोदी जी के नेतृत्व, सुशासन, राष्ट्र सेवा और नीति निर्माण के व्यक्तिगत पक्षों को खास तौर पर उजागर किया है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

## दो नाबालिग समेत चार दबोचे

# पीरागढ़ी चौकीदार मर्डर केस का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



आउटर डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने पीरागढ़ी इलाके में एक बुजुर्ग चौकीदार के सनसनीखेज ब्लाइंड मर्डर के मामले को 48 घंटे के भीतर सुलझा लिया है। इस सिलसिले में दो नाबालिग समेत चार आरोपियों को पकड़ा गया है। अपराध में इस्तेमाल किया गया वाहन और डंडा बरामद कर लिया गया है।

डीसीपी विक्रम सिंह के अनुसार 24 मई को सुबह लगभग 4 बजकर तीन मिनट पर पश्चिम विहार वेस्ट थाने में एक पीसीआर कॉल आई थी, जिसमें पीरागढ़ी गांव के एंट्री गेट पर स्थित टेम्पो स्टैंड पर एक जानलेवा दुर्घटना की सूचना दी गई थी। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर मोहित यादव अपने स्टाफ के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। वहां उन्होंने एक व्यक्ति को मृत अवस्था में पड़ा पाया, जिसके शरीर पर किसी भारी चीज से लगी चोटें और गाड़ी से कुचलने के निशान थे। मृतक की पहचान बिजेंद्र (60) निवासी एसआरएस-55, पीरागढ़ी गांव के रूप में हुई। शुरुआती जांच के दौरान पता चला कि मृतक पीरागढ़ी स्थित उक्त टेम्पो स्टैंड पर चौकीदार के तौर पर काम करता था। घटनास्थल पर वाहन के टायरों के फिसलने के निशान मिले, जिससे शक पैदा हुआ। पीड़ित को लगी चोटों और कई जगह मिले स्किड मार्क्स को देखते हुए इलाके में लगे कैमरों की फुटेज खंगाली गई। मंदिर पर लगे कैमरों में घटनास्थल का पूरा दृश्य कैद था। फुटेज में दिखा कि एक व्यक्ति हाथ में डंडा लिए हुए एक चार-पहिया वाहन से नीचे उतरा और उसने चौकीदार पर डंडे से हमला कर दिया। इसी दौरान चार-पहिया वाहन के ड्राइवर ने गाड़ी को तेजी से मृतक की तरफ बढ़ाया और उसे कुचलने की कोशिश की। जब मृतक ने वहां से भागने की कोशिश की, तो उसी कार ने उसे दो बार कुचल दिया। मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। स्पेशल स्टाफ और पश्चिम विहार वेस्ट थाने की टीमों ने करीब 200 से अधिक कैमरों की फुटेज एकत्र की और उनका विश्लेषण किया। आखिरकार तब परिणाम मिला जब 25 मई को टीम को एक गुप्त सूचना मिली कि आरोपी अपराध में इस्तेमाल की गई काले रंग की महिंद्रा बोलेरो नियो गाड़ी से मुंडका औद्योगिक क्षेत्र के रास्ते हरिद्वार भाग रहे हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने मुंडका औद्योगिक क्षेत्र के पास जाल बिछाया और काले रंग की कार को रोक लिया। इसके बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। विस्तृत पूछताछ करने पर दो व्यक्ति बालिग और दो नाबालिग पाए गए। बालिग आरोपियों के नाम विनय (22) पुत्र पवन कुमार, निवासी बहादुरगढ़ हरियाणा और आयुष चौहान (18) पुत्र रामावतार निवासी नजफगढ़ है। पूछताछ में सभी ने उपरोक्त घटना में अपनी सीधी संलिप्तता स्वीकार की और खुलासा किया कि लगभग एक महीने पहले नाबालिग और मृतक के बीच एक मामूली कहासुनी हुई थी। मृतक ने नाबालिग के लिए अपशब्दों का प्रयोग किया था, जिसके परिणामस्वरूप नाबालिग के मन में मृतक के प्रति व्यक्तिगत रंजिश पैदा हो गई। उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर मृतक को खत्म करने की योजना बनाई थी। आरोपियों ने वाहन की असली रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट हटा दी थी। सत्यापन करने पर वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर नाबालिग की मामी के नाम पर रजिस्टर्ड पाया गया। लगातार पूछताछ और सोशल मीडिया अकाउंट के विश्लेषण से यह खुलासा हुआ कि आरोपी विनय और नाबालिग ने हरियाणा के बहादुरगढ़ में भी इसी तरह की एक घटना अंजाम दी थी, उसकी आगे और पुष्टि की जा रही है।

# हेड कांस्टेबल रिश्वत लेता रंगे हाथ पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

विजिलेंस यूनिट ने सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के कमला मार्केट थाने के हेड कांस्टेबल अंकुश धामा को उस समय गिरफ्तार किया, जब वह अजमेरी गेट निवासी शिकायतकर्ता से 20 हजार रुपये की रिश्वत ले रहा था। उसके कब्जे से रिश्वत की रकम बरामद कर ली गई। इस संबंध में विजिलेंस पुलिस स्टेशन बाराखंभा में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। केस में आगे की जांच जारी है। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता ने विजिलेंस यूनिट से संपर्क किया और आरोप लगाया कि कमला मार्केट पुलिस स्टेशन का हेड कांस्टेबल अंकुश धामा ने उससे रिश्वत की मांग की थी। शिकायतकर्ता और उसके एक रिश्तेदार के बीच कहा-सुनी हो गई थी। इसके बाद दोनों पक्ष शिकायत दर्ज कराने के लिए कमला मार्केट पुलिस स्टेशन में धामा के पास गए। धामा ने एलएनजेपी अस्पताल में दोनों पक्षों का मेडिकल परीक्षण करवाया। बाद में उनके एक परिचित की मध्यस्थता से दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से मामला सुलझा लिया। दोनों पक्षों के बीच मामला आपसी सहमति से सुलझ जाने के बावजूद धामा ने शिकायतकर्ता को जेल भेजने की धमकी दी और शुरू में जेल न भेजने के बदले 1.5 लाख रुपये की मांग की। बातचीत के बाद यह रकम घटाकर 1 लाख रुपये तय की गई। शिकायतकर्ता ने उसी दिन 50 हजार रुपये और बाद में 20 हजार रुपये और दिए। इसके बावजूद पुलिसकर्मी शिकायतकर्ता पर बाकी रकम देने के लिए दबाव बनाता रहा। इस संबंध में हुई बातचीत को ऑडियो-रिकॉर्ड भी किया गया। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए 25 मई की शाम को विजिलेंस यूनिट ने कमला मार्केट पुलिस स्टेशन के पुलिस बूथ पर एक जाल बिछाया। शिकायतकर्ता तय समय पर बूथ में दाखिल हुआ और मांग किए जाने पर धामा को रिश्वत के तौर पर 20 हजार रुपये सौंप दिए। विजिलेंस टीम ने तुरंत उसे गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से रिश्वत की रकम बरामद कर ली।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C & 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी अनवर उर्फ बउआ, पुत्रः** मोहम्मद असलम, **पताः** मकान नंबर 289, गली नंबर 7, डी–ब्लॉक, मंगल बाजार रोड, भलस्वा डेयरी, **दिल्ली FIR No. 592/2021, U/s: 25/54/59 Arms Act, पुलिस थानाः जहांगीरपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनवर उर्फ बउआ,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनवर उर्फ बउआ,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **अनवर उर्फ बउआ, FIR No. 592/2021, U/s: 25/54/59 Arms Act, पुलिस थानाः जहांगीरपुरी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.07.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**ज्योति नैन**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07**
**उत्तरी जिला**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/6702/NW/2026
(Court Matter)

## खबर संक्षेप

### पीएनजी पाइपलाइन में विस्फोट से इमारत में आग लगी, व्यक्ति झुलसा

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के सुभाष नगर इलाके में एक घर में पीएनजी पाइपलाइन में विस्फोट होने के कारण आग लग गई। इसमें 42 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना सोमवार रात तीन मंजिला आवासीय इमारत में सामने आई। पुलिस के अनुसार हमें सोमवार रात 10:20 बजे आग लगने की सूचना मिली। दमकल की तीन गाड़ियों को तुरंत मौके पर भेजा गया। आग पीएनजी की पाइपलाइन में विस्फोट के कारण लगी थी और इमारत के कुछ हिस्सों में फैल गई। दमकलकर्मियों ने घटना में बुरी तरह झुलसे एक व्यक्ति को निकाला और उसे दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) अस्पताल में भर्ती कराया। घायल की पहचान विजय कुमार (42) के रूप में हुई है, जो लगभग 85 प्रतिशत तक झुलस गया है। पुलिस ने बताया कि पीएनजी पाइपलाइन में विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

### नवविवाहिता ने की आत्महत्या, दहेज उत्पीड़न का आरोप

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में 25 वर्षीय नवविवाहिता ने इमारत की चौथी मंजिल से कथित तौर पर कूदकर आत्महत्या कर ली। परिवार ने पति और ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार सोमवार को हुई घटना के बाद महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि महिला ने लगभग तीन महीने पहले अपनी पसंद के लड़के से शादी की थी। उसके परिवार का आरोप है कि शादी के लगभग एक महीने बाद ही पति और उसके परिवार ने सोना और नकदी की मांग शुरू कर दी। महिला के परिवार का आरोप है कि इन मांगों को लेकर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था और पिछले कुछ हफ्तों से वह गंभीर तनाव में थी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानूनी कार्रवाई की जा रही है और मामले की आगे की जांच जारी है।

### डीआरडीओ आवासीय परिसर में वैज्ञानिक के घर लाखों रुपये की चोरी

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के आवासीय परिसर में चोरी की एक घटना सामने आई है। चोरों ने एक महिला वैज्ञानिक के फ्लैट से कथित तौर पर कई लाख रुपये के आभूषण, नकदी और अन्य कीमती सामान चुरा लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसके लिये आसपास के इलाके में लगे कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार यह घटना तिमारपुर इलाके में स्थित उच्च सुरक्षा वाले परिसर के अंदर हुई। वैज्ञानिक अपने परिवार से मिलने के लिए 15 मई को चंडीगढ़ गई थी। जब वह 23 मई को वापस लौटीं तो उन्होंने घर का सारा सामान बिखरा हुआ पाया। कई कीमती सामान गायब थे। महिला वैज्ञानिक की शिकायत के अनुसार चोरी की गई वस्तुओं में 15 हजार रुपये नकद, विदेशी मुद्रा, झुमके, एक नेकलेस सेट, चूड़ियां, चेन और अंगूठियां समेत अन्य आभूषण और तीन घड़ियां शामिल हैं।

# बकरीद से पहले दिल्ली पुलिस की अमन कमेटियों के साथ बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील

ईद-उल-अजहा से पहले उत्तर-पूर्वी दिल्ली में पुलिस अधिकारियों ने धार्मिक नेताओं और समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बैठक की, जिसमें लोगों से त्यौहार के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने व सरकारी दिशा निर्देशों का पालन करने की अपील की गई। देश में ईद-उल-अजहा 28 मई को मनाई जाएगी।

पुलिस के अनुसार इस बैठक में मस्जिदों और ईदगाहों के इमाम, नागरिक भाईचारा समिति एवं अमन कमेटी के सदस्य, नगर निकाय के अधिकारी तथा अन्य हितधारक शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त पुलिस आयुक्त (पूर्वी रेंज) अजीत कुमार सिंगला ने की। इस दौरान लोगों को सलाह दी गई कि वे केवल निर्धारित स्थानों पर ही पशुओं की कुर्बानी दें और खुले में सार्वजनिक स्थानों पर ऐसा करने से बचें। अधिकारियों ने लोगों से यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि त्योहार के दौरान अपशिष्ट का उचित निपटान हो तथा इलाकों में साफ-सफाई और स्वच्छता बनी रहे। उत्तर-पूर्वी जिले के डीसीपी राहुल अलवल ने कहा कि लोगों से अपील की गई है कि वे कुर्बानी के वीडियो या तस्वीरें न बनाएं और उन्हें सोशल मीडिया पर साझा करने से बचें। उन्होंने लोगों से यह भी अनुरोध किया है कि सोशल मीडिया पर ऐसी कोई आपत्तिजनक या भड़काऊ सामग्री पोस्ट न करें, जिससे सांप्रदायिक सौहार्द प्रभावित हो। बैठक में शामिल हितधारकों ने त्यौहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

उधर द्वारका जिला पुलिस ने भी बकरीद पर के शांतिपूर्ण आयोजन के लिए एक समन्वय बैठक आयोजित की। इसमें द्वारका जिले के डीसीपी, एडिशनल डीसीपी, एसीपी और एसएचओ आदि शामिल हुये। इसके अलावा 150 से अधिक मस्जिदों के इमामों और समुदाय के प्रतिनिधियों ने भी बैठक में हिस्सा लिया। ताकि आने वाले त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था और सांप्रदायिक सौहार्द सुनिश्चित किया जा सके। वरिष्ठ अधिकारियों ने समुदाय के सम्मानित सदस्यों से अपील की कि वे पुलिस के साथ सहयोग करें, सभी कानूनी दिशानिर्देशों का पालन करें, अफवाहें या गलत जानकारी फैलाने से बचें और शांति के संदेश को बढ़ावा दें। डीसीपी कुशल पाल सिंह ने सभी एसीपी और एसएचओ को निर्देश दिया कि वे कड़ी निगरानी रखें, नियमित गश्त सुनिश्चित करें और त्योहार के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए स्थानीय समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ घनिष्ठ समन्वय बनाए रखें।

# पूर्वांचली पांडव कुमार और राम पुकार को न्याय दिलाने के लिए आंदोलन करेगी दिल्ली कांग्रेसः डीपीसीसी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) ने कहा है कि पूर्वांचली पांडव कुमार और राम पुकार को न्याय दिलाने के लिए आंदोलन करेगी। इस मुद्दे पर मंगलवार को प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में आयोजित प्रेस वार्ता को प्रदेश महासचिव डॉ.पी.के. मिश्रा, कम्युनिकेशन विभाग के वाइस चेयरमैन अनुज आत्रेय, पूर्वांचल सेल के चेयरमैन प्रो.सुधांशु कुमार और लीगल एवं मानव अधिकार विभाग चेयरमैन एडवोकेट सुनील कुमार ने संबोधित किया। इस अवसर पर प्रो.सुधांशु ने कहा कि दिल्ली में पांडव कुमार की हत्या के बाद दिल्ली के कापसहेड़ा में पूर्वांचली राम पुकार यादव की आत्महत्या से पूर्वांचली लोग डर और असुरक्षित महसूस करने लगे है। पिछले 3 साल से यौन उत्पीड़न, शोषण, 5 लाख की अवैध देनदारी और दुर्व्यवहार के शिकार था। अंत में जब राम कुमार यादव से उसके रुम सहयोगी एक सुपरवाईजर ने पहले लड़कियां और बाद उनकी पत्नी की डिमांड रखी तो तंग आकर उन्होंने अपनी जीवन लीला ही खत्म कर ली। उन्होंने कहा कि राम पुकार यादव के सुसाइड नोट से यह भी जाहिर हुआ कि उन्हें बिहारी होने कि वजह से यह प्रताड़ना झेलनी पड़ी। उन्होंने कहा कि परिवार के लाख गुहार के बावजूद भी घटना के 8 दिन बाद भी दिल्ली पुलिस ने एफआईआर तक दर्ज नहीं करने पर कांग्रेस ने हस्तक्षेप का और एफआईआर दर्ज करवाई। उन्होंने कहा कि दूसरी घटना में पांडव कुमार को भी अभी पूरा न्याय नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस अगर पांडव कुमार तथा रामपुकार यादव को न्याय दिलाने हेतु तुरंत करवाई नही करती है तो दिल्ली कांग्रेस पूर्वांचल प्रकोष्ठ के तत्वाधान में जून के पहले सप्ताह में एक बड़ा आंदोलन करेगी और न्याय की लड़ाई तब तक जारी रखेगी जब तक दोषियों को सजा नही मिल जाती। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 80-90 लाख से अधिक पूर्वांचल के लोग रहते है, जो दिल्ली की सत्ता बनाने और बिगाड़ने में अहम भूमिका निभाती है। उन लोगों पर क्षेत्र, भाषा के नाम पर प्रहार होगा तो यह सरकार की नाकामी है। इस मौके पर अनुज आत्रेय ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव की तरफ से मांग की है कि राजधानी दिल्ली में पांडव कुमार की हत्या और राम कुमार यादव की आत्महत्या जैसी घटनाएं खौफनाक है। क्योंकि लगातार भाषा, धर्म, जाति, क्षेत्रवाद विशेष कर बिहारी होने पर हो रही घटनाओं और प्रताड़ना के खिलाफ दिल्ली कांग्रेस प्रताड़ित लोगों के न्याय की लड़ाई मुफ्त लड़ेगी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **वीरेंद्र उर्फ सहबाग उर्फ रतन** पुत्र राजपाल निवासी ग्राम निठारा थाना लोनी, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश और फ्लैट नंबर 478, पहली मंज़िल, जीडीए फ्लैट्स, टीला मोड़ के पास, लोनी, गाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 479/2014 धारा 457/380 भा.द.स, थाना फ़र्श बाज़ार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **वीरेंद्र उर्फ सहबाग उर्फ रतन** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **वीरेंद्र उर्फ सहबाग उर्फ रतन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **वीरेंद्र उर्फ सहबाग उर्फ रतन, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 479/2014 धारा 457/380 भा.द.स, थाना फ़र्श बाज़ार, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.07.2026** को या उरारो पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री अखिल मलिक**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
न्यायालय संख्या 38
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/6684/SHD/2026

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे रामक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी मंगल रिंह, पुत्रः** कन्हैया लाल, **पताः** 3/90ए, बीना एन्क्लेव नांगलोई, **दिल्ली FIR No. 506/21, U/s: 279/338/471 IPC, थानाः प्रेम नगर, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मंगल सिंह**, मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मंगल सिंह**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **मंगल सिंह, FIR No. 506/21, U/s: 279/338/471 IPC, थानाः प्रेम नगर, दिल्ली**, से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.10.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**शगुन**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी**
**उत्तर पश्चिम कोर्ट नं. 109, प्रथम तल**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/6342/RD/2026
(Court Matter)

**Plant Nursery Associate से संबंधित कोर्स के लिये आवेदन आंमत्रित ।**

**(सूचना)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अमरुद उत्कृष्टता केन्द्र, भूना ज़िला फतेहाबाद (हरियाणा) पर वर्ष 2026-27 में Plant Nursery Associate (QP) से संबंधित कोर्स हेतू पोर्टल ओपन किया जा रहा है। इच्छुक प्रार्थी दिनांक- 27.05.2026 से 10.06.2026 को सांय 05:00 बजे तक उद्यान विभाग की वेबसाईट (kaushal.hortharyana.gov.in) के माध्यम से उक्त प्रशिक्षण हेतू ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की सूची।

| केन्द्र का नाम | कोर्स का नाम | शैक्षणिक योग्यता | सीटों की संख्या |
|---|---|---|---|
| अमरुद उत्कृष्टता केन्द्र, भूना (फतेहाबाद)। | Plant Nursery Associate (270 Hours.) | 10 वीं उत्तीर्ण | 05 |

> प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतू प्रार्थी की आयु न्यूनतम 18 वर्ष व अधिकतम 30 वर्ष होनी चाहिऐ।
> प्रशिक्षण के लिये अमरुद उत्कृष्टता केन्द्र, भूना पर सीटों की संख्या 05 हैं।
> प्रार्थी हरियाणा का स्थाई निवासी होना चाहिये।
> प्रार्थियों का चयन कक्षा 10वीं के अंकों की मैरिट के आधार पर होगा।
> काउंसलिंग दिनांक- 12.06.2026 को प्रातः 10:30 बजे अमरुद उत्कृष्टता केन्द्र, भूना में होगी।
> आवेदनकर्ता अपने जरुरी कागजात जैसे कि आधार कॉर्ड, 10वीं कक्षा की मार्कशीट, बैंक पासबुक, पैन कॉर्ड, परिवार पहचान पत्र की फोटो प्रति, पासपोर्ट साईज फोटो एवं मूल रुप में काउंसलिंग के दौरान अपने साथ लेकर आयें।

अधिक जानकारी के लिये अधिकारी (मो0 98966-27768) से किसी भी कार्यदिवस में संपर्क कर सकते हैं।

**हस्ता/-(लिंक ऑफिसर-1)**
**उपनिदेशक उद्यान,**
**अमरुद उत्कृष्टता केन्द्र,**
**भूना (फतेहाबाद)।**

पीआरडीएच 1149/11/1106/2027/45596/88/7 दि. 26/05/2026

# आवासीय इमारत में आग लगने के बाद 23 लोगों को बचाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

रोहिणी इलाके में चार मंजिला आवासीय इमारत में मंगलवार सुबह आग लग गई। इसके बाद 23 लोगों को बचाया गया। घटना में दो लोग घायल हुये हैं। यह घटना विजय विहार फेज-2 में श्मशान घाट रोड पर स्थित एक इमारत में सामने आई। इस घटना के कुछ दृश्य भी सामने आए हैं, जिनमें दिख रहा है कि घने धुएं के बीच बालकनी में लोग फंसे हुए हैं और दमकल कर्मी सीढ़ियों का उपयोग करके बचाव अभियान चला रहे हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने बताया कि उसे विजय विहार फेज-2 में श्मशान घाट रोड पर स्थित एक इमारत में आग लगने की सूचना सुबह सात बजकर छह मिनट पर मिली। आग इमारत के भूतल पर लगी थी, जहां बिजली के 18 मीटर और तीन स्कूटी, दो मोटरसाइकिल और एक साइकिल समेत छह वाहन आग की चपेट में आ गए। आग लगने से लोगों में दहशत फैल गई, क्योंकि घना धुआं पूरी इमारत में तेजी से फैल गया, जिससे कई लोग अपने घरों और बालकनी में फंस गए। घटनास्थल के एक वीडियो में धुएं और आग की लपटों से मची अफरा-तफरी के बीच दूसरी मंजिल की बालकनी पर खड़ा एक व्यक्ति रस्सी की मदद से नीचे उतरने की कोशिश करता दिखाई दिया। हालांकि, अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने उसे रुकने के लिए कहा और उसे सुरक्षित रूप से निकाल लेने का आश्वासन दिया। बाद में दमकलकर्मियों ने इमारत पर सीढ़ी लगाई और बालकनी में फंसे तीनों लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। अन्य वीडियो में आग लगने वाले क्षेत्र से लगातार चिंगारियां निकलती हुई दिखाई दे रही है, जबकि भूतल पर जहां बिजली के मीटर लगे थे वहां से आग की लपटें और घना धुआं निकलता दिख रहा था। दहशत में आए लोग मदद के लिए चिल्ला रहे थे, जबकि दमकलकर्मी निकासी और आग बुझाने का अभियान एक साथ चला रहे थे। सुबह आठ बजे तक आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। अग्निशमन विभाग ने बताया कि दमकलकर्मियों ने 22 लोगों को बचाया, जबकि एक व्यक्ति को अग्निशमन विभाग के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने बचा लिया था। इस घटना में दो लोग घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए जयपुर गोल्डन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। आग लगने का सटीक कारण अब तक पता नहीं चल पाया है, हालांकि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आग भूतल पर वहां लगी जहां बिजली के मीटर लगे थे। इससे शॉर्ट सर्किट की आशंका प्रबल होती है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | गांव खेवड़ा, राई, जिला सोनीपत में पीएचसी का निर्माण (ईएलवी सेवाओं का प्रावधान) + 6 कार्य। | 23.05.2026 29.05.2026 | 160.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में जिन्दल चौक से सूर्य नगर रोड पर आरयूबी एलसी-89 और एलसी-60 पर पानी के लीकेज को बंद करना और वाटरप्रूफ, क्रैक सीलिंग के कार्य हेतु डीएनआईटी + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 29.05.2026 | 180.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प रोहतक | जीन्द में लघु सचिवालय में स्थापित 4 अदद जॉनसन मेक लिफ्ट्स को बदलना + 3 कार्य। | 25.05.2026 01.06.2026 | 81.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में जुलाना में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भवन की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 01.06.2026 | 69.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 5 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में जीन्द में ऑफिसर कॉलोनी में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के लिए 2 अदद और सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के लिए 4 अदद मकानों का निर्माण। | बंद होने की तिथि 15.06.2026 | 518.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 6 | लोनिवि भ व प रोहतक | रोहतक जिले में रोहतक में मौजूदा नागरिक हस्पताल के प्रथम तल पर डीईआईसी का निर्माण (बैड एलेवेटर का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 22.05.2026 29.05.2026 | 33.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 7 | बागवानी विभाग भुना (फतेहाबाद) | सीईजी, भुना में संरक्षित संरचनाओं की मरम्मत करने के लिए ई-निविदा सूचना। | 27.05.2026 18.06.2026 | 35000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9896389920 ddhbhuna@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | 2026-27 में बाढ़ का पानी निकालने के लिए उपयोग की जाने वाली सामग्री की आवश्यकता। | बंद होने की तिथि 01.06.2026 | 17.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 9 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 30 मदों तक मदें निहित सूची (30 मदों का सिंगल लॉट)* | 26.05.2026 01.07.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 10 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 124 मदों तक मदें निहित सूची (124 मदों का सिंगल लॉट)* | 26.05.2026 01.07.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 11 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 05 मदों तक मदें निहित सूची (05 मदों का सिंगल लॉट)* | 26.05.2026 01.07.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 12 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 206 मदों तक अर्थात लिक्विड नाइट्रोजन गैस सिलेंडर मदें निहित सूची (206 मदों का सिंगल लॉट)* | 26.05.2026 01.07.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 13 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 01 तक अर्थात फुट ओवर ब्रिज मदें निहित सूची (01 मद का सिंगल लॉट)* | 26.05.2026 01.07.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 14 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 51 मदों तक मदें निहित सूची (51 मदों का सिंगल लॉट)* | 26.05.2026 01.07.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 15 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 18 मदों तक मदें निहित सूची (18 मदों का सिंगल लॉट)* | 26.05.2026 01.07.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in**

पीआरडीएच-11/2027/300/45611/I/88/7 दि. 26.05.26

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में दी गई मंजूरी

# राशन कार्ड बनाने के लिए वार्षिक आय सीमा बढ़कर हुई दो लाख 50 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



खाद्य सुरक्षा के दायरे का विस्तार करने के उद्देश्य से दिल्ली कैबिनेट ने मंगलवार को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत राशन कार्ड की वार्षिक आय पात्रता सीमा को 1 लाख 20 हजार से बढ़ाकर 2 लाख 50 हजार रुपए करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस बात की घोषणा कैबिनेट की बैठक होने के बाद खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने की।

उन्होंने कहा कि इस निर्णय से दिल्ली के ऐसे लाखों परिवारों को बड़ी राहत और लाभ मिलने की उम्मीद है, जो पहले कम आय सीमा के कारण इस योजना के लाभ से वंचित रह जाते थे। मंत्री सिरसा ने कहा कि पहले, राशन कार्ड के लिए आय की पात्रता बहुत कम थी। वर्तमान में 1 लाख 20 हजार रुपए की वार्षिक आय एक परिवार के लिए न्यूनतम मजदूरी के स्तर से भी कम है। इसे ध्यान में रखते हुए, रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने आय की सीमा बढ़ाकर 2 लाख 50 हजार रुपए कर दी है, ताकि ज्यादा से ज्यादा पात्र परिवार पीडीएस प्रणाली के तहत किफायती राशन का लाभ उठा सकें। मंत्री सिरसा ने बताया कि रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार सीबीडीसी (सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी) आधारित राशन वितरण प्रणाली लागू करने की दिशा में भी कार्य कर रही है। इस प्रणाली के अंतर्गत भविष्य में राशन हेतु वित्तीय सहायता सीधे लाभार्थियों के खातों में जमा की जाएगी, जिससे वे डिजिटल मुद्रा के माध्यम से आवश्यकतानुसार सरकारी राशन की दुकानों से राशन प्राप्त कर सकेंगे। इससे प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ेगी और अनियमितता समाप्त होगा। मंत्री सिरसा ने बताया कि प्रस्तावित सीबीडीसी आधारित मॉडल को चरणबद्ध तरीके से राशन दुकानों पर लागू किया जाएगा तथा भविष्य में इसे बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा जाएगा, जिसमें निजी बैंक भी शामिल होंगे इस योजना का उद्देश्य लाभों की प्रभावी डिलीवरी सुनिश्चित करना, प्रणाली की खामियों को कम करना तथा लाभार्थियों को खाद्य आपूर्ति व्यवस्था को सरल और पारदर्शी बनाना है।

### राशन का पैसा सीधे लाभार्थियों के सीबीडीसी वॉलेट में पहुंचेगा

दिल्ली सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से खाद्य सब्सिडी लाभों के वितरण हेतु सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी आधारित मॉडल अपनाने की दिशा में प्रयासरत है। प्रस्तावित मॉडल के अंतर्गत सरकार पात्र लाभार्थियों के खाद्यान्न पर देय सब्सिडी राशि की गणना कर उसे सीधे उनके सीबीडीसी वॉलेट में स्थानांतरित करेगी। यह नया मॉडल सामान्य नकद हस्तांतरण व्यवस्था के स्थान पर डिजिटल मुद्रा आधारित प्रणाली को बढ़ावा देगा। सीबीडीसी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी की जाने वाली स्वीकृत डिजिटल मुद्रा है, जिसे भारतीय करेंसी के समान कानूनी मान्यता प्राप्त है।

### सीबीडीसी आधारित पीडीएस मॉडल से व्यवस्था अधिक पारदर्शी बनेगी

सीबीडीसी आधारित पीडीएस मॉडल से व्यवस्था अधिक पारदर्शी, पोर्टेबल और सिटीजन फ्रेंडली बनाए जाने की उम्मीद है। यह आधुनिक और स्मार्ट मॉडल लाभार्थियों को अधिकृत उचित मूल्य दुकानों के चयन में अधिक सुविधा प्रदान करेगा, साथ ही उन्हें सब्सिडी पात्रता तथा लेन-देन के वितरण की रियल टाइम स्थिति की सुविधा भी प्रदान करेगा। इसके साथ ही डिजिटल रिकॉर्ड आधारित एक सशक्त शिकायत निवारण व्यवस्था भी उपलब्ध होगी।

## दिल्ली मेट्रो के 10 स्टेशनों पर लगेंगे पुराने कपड़ों के कलेक्शन बॉक्स : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में नई पहल शुरू करते हुए दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) राजधानी के 10 प्रमुख मेट्रो स्टेशनों पर पुराने कपड़ों के संग्रह के लिए विशेष कलेक्शन बॉक्स स्थापित करेगा, जहां लोग अपने अनुपयोगी कपड़े जमा करा सकेंगे। इन कपड़ों को रिसाइकल कर उपयोगी उत्पादों में बदला जाएगा। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री ने मंगलवार को दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली सरकार स्वच्छ, हरित और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार राजधानी के निर्माण के लिए लगातार कार्य कर रही है। कपड़ा अपशिष्ट तेजी से बढ़ती पर्यावरणीय चुनौतियों में शामिल है और इस पहल के माध्यम से पुराने कपड़ों का वैज्ञानिक तरीके से रिसाइकल सुनिश्चित की जाएगी। इससे न केवल कचरे में कमी आएगी, बल्कि सतत विकास को भी मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य लोगों को रिसाइक्लिंग अभियान से जोड़ना और कपड़ों के दोबारा उपयोग के प्रति जागरूक बनाना है। दिल्ली सरकार जन सहभागिता आधारित पर्यावरणीय अभियानों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री के अनुसार डीएमआरसी ने जिन 10 मेट्रो स्टेशनों को इस पहल के लिए चिह्नित किया है, उनमें शाहदरा (रेड लाइन), मोहन एस्टेट (वायलेट लाइन), रोहिणी वेस्ट (रेड लाइन), लाजपत नगर (वायलेट और पिंक लाइन), मालवीय नगर (येलो लाइन), मयूर विहार फेज-एक (ब्लू और पिंक लाइन), हौज खास (येलो और मैजेंटा लाइन), पंजाबी बाग वेस्ट (पिंक और ग्रीन लाइन), द्वारका (ब्लू लाइन) और शालीमार बाग (पिंक लाइन) स्टेशन शामिल हैं।

## पावर कट रोकने के लिए बिजली व्यवस्था को ठीक करने में जुटी सरकार : सूद

नई दिल्ली। दिल्लीवालों को भयंकर गर्मी में पावर कट न झेलने पड़े इसके लिए दिल्ली सरकार दिल्ली में बिजली व्यवस्था को ठीक करने में लगी है। अगले दो साल में बेहतर व्यवस्था हो जाएगी, जिसके बाद दिल्ली में पॉवर कट पूरी तरह से बंद हो जायेंगे। यह बात मंगलवार को दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने कही है। दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को बताया कि दिल्ली में पिछले साल गर्मी के समय में पावर कट लग रहे थे। उस समय दिल्ली सरकार व्यवस्था को ठीक करने में लगी थी। इस वजह से बढ़ती गर्मी के बीच भी दिल्ली में इस साल बिजली कटौती की घटना नहीं है। मंत्री सूद ने बताया कि दिल्ली सरकार ने दिल्ली में पॉवर मास्टर प्लान बनाकर वितरण व्यवस्था को बेहतर किया है। जिसके चलते बीते वर्ष 22 जून को जो पीक 8600 मेगावाट दर्ज किया गया था, उतनी मांग चालू मई महीने में ही पूरी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में इस साल 25 मई को 168 मिलियन यूनिट बिजली की खपत हुई जबकि पिछले साल 25 मई को 110 मिलियन यूनिट की खपत हुई थी।

## 30 जून तक पूरा होगा बारापुला फेज-3 कॉरिडोर: प्रवेश

नई दिल्ली। दिल्ली के बहुप्रतीक्षित बारापुला फेज-3 प्रोजेक्ट का कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है। लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने मंगलवार को परियोजना स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया और वरिष्ठ अधिकारियों एवं इंजीनियरों के साथ निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कहा कि शेष निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है और यह कॉरिडोर 30 जून तक उद्घाटन के लिए पूरी तरह तैयार हो जाएगा। करीब एक दशक तक तकनीकी, पर्यावरणीय और प्रक्रियागत कारणों से रुका रहा बारापुला फेज-3 प्रोजेक्ट अब वर्तमान सरकार की निरंतर निगरानी में अंतिम चरण में पहुंच चुका है। पूर्वी और मध्य दिल्ली के महत्वपूर्ण हिस्सों को जोड़ने वाला यह कॉरिडोर सराय काले खां, मयूर विहार, एनएच-24, डीएनडी फ्लाईवे और रिंग रोड के बीच ट्रैफिक आवागमन को काफी सुगम बनाएगा। यह परियोजना शहरी आधारभूत संरचना विकास में एक नई पहचान भी स्थापित करेगी। मंत्री प्रवेश ने कहा कि पहली बार भारत में किसी फ्लाईओवर कॉरिडोर को समर्पित साइकिल ट्रैक के साथ डिजाइन किया गया है, जो हरित एवं टिकाऊ परिवहन को बढ़ावा देगा। तेज यातायात के साथ-साथ इस परियोजना में पैदल यात्रियों के लिए अनुकूल सुविधाएं और आधुनिक शहरी डिजाइन तत्व भी शामिल किए गए हैं। परियोजना की एक और बड़ी इंजीनियरिंग विशेषता यमुना के फ्लड प्लेन क्षेत्र पर तैयार किया गया विशेष ब्रिज स्ट्रक्चर है। नदी के प्राकृतिक प्रवाह को पूरी तरह सुरक्षित रखने के उद्देश्य से इस पुल में लगभग 125 मीटर लंबे पिलर स्पैन बनाए गए हैं, जिससे सक्रिय नदी क्षेत्र में न्यूनतम हस्तक्षेप हो और पर्यावरणीय प्रभाव भी कम से कम रहे।

## उपमहापौर ने प्रीत विहार वार्ड का किया निरीक्षण

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम की उपमहापौर डॉ. मोनिका पंत ने मंगलवार को प्रीत विहार वार्ड का क्षेत्रीय दौरा कर क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था तथा चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर स्थानीय निगम पार्षद रमेश गर्ग तथा शाहदरा दक्षिणी जोन की उपायुक्त वैरोकपम पुनशीबा सिंह और वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान उप महापौर ने क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों एवं सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण करते हुए सफाई व्यवस्था, सड़कों की स्थिति, नालों की सफाई, पार्कों के रखरखाव, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था एवं अन्य जनसुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को भी गंभीरता से सुना।

## 26 मई को सेवा सुशासन स्थापना दिवस के रूप में किया जाएगा याद : सचदेवा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मंगलवार 26 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा सुशासन के 12 वर्ष पूरे होने पर उन्हें बधाई देते हुए कहा है कि 26 मई 2014 का दिन भारत में केवल सत्ता परिवर्तन के दिन की तरह नहीं सेवा सुशासन स्थापना दिवस के रूप में याद किया जायेगा। सचदेवा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने राजपथ को कर्तव्यपथ एवं राजभवन को लोकभवन में परिवर्तित करके, केन्द्र सरकार के भवन परिसर को कर्तव्य भवन नामित करके नये सेवा आयम तय किये तो वहीं कोविड़काल एवं पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से लड़ने तक और कश्मीर में धारा 370 खत्म करके एवं अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण करवा कर हर भारतीय की ना सिर्फ इच्छा पूर्ति की है बल्कि सभी को राष्ट्र सेवा को प्रेरित भी किया है।

## सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के नरेला स्थित सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में मंगलवार को रोगी कल्याण समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक एवं रोगी कल्याण समिति के अध्यक्ष राजकरण खत्री ने की। बैठक में अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने तथा मरीजों को सुविधाजनक उपचार उपलब्ध कराने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में समिति के सदस्यों ने अस्पताल की व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में मौजूद कई कमियों और समस्याओं को भी उजागर किया गया, जिनके समाधान पर गंभीरता से विचार किया गया। अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक ज्योत्सना भारती ने अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुधारने और समन्वय के साथ कार्य करने का आश्वासन दिया।

## जलापूर्ति नहीं होने से परेशान लोगों ने किया डीजेबी कार्यालय का घेराव, लगा लंबा जाम

नई दिल्ली। इन दिनों पड़ रही प्रचंड गर्मी और झुलसाने वाली लू में पेयजल आपूर्ति नहीं होने से दक्षिणी दिल्ली स्थित देवली क्षेत्र के परेशान लोगों ने मंगलवार को दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) कार्यालय के बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। हजारों लोगों द्वारा ग्रेटर कैलाश स्थित डीजेबी कार्यालय पर प्रदर्शन के चलते स्थानीय बीआरटी कॉरिडोर रोड पर लंबा जाम लग गया और सैंकड़ों वाहन बीच सड़क पर फंस गए। इस मौके पर आप पार्टी के स्थानीय विधायक प्रेम कुमार भी अपने समर्थकों के साथ प्रदर्शन में मौजूद रहे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गत लंबे समय से देवली विधानसभा में डीजेबी द्वारा आपूर्ति किए जाने वाले पेयजल की भारी दिक्कत बनी हुई है। कई बार शिकायत करने के बावजूद डीजेबी ने अभी तक कुछ नहीं किया है। लोगों का कहना है कि स्थानीय विधायक प्रेम कुमार भी हमारे साथ खड़े है। स्थानीय निवासी भरत सिंह का आरोप है कि पहले तो यहां पानी के लिए निशुल्क टैंकर भी आते थे, लेकिन अब तो वो भी बंद कर दिए गए है। इस भीषण गर्मी में पानी की एक एक बूंद को तरस गए है।

## करोल बाग ज़ोन को मिला प्रतिष्ठित आईएसओ प्रमाणन

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के करोल बाग ज़ोन को स्वच्छता, कचरा प्रबंधन एवं नागरिक सेवा वितरण के क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रतिष्ठित आईएसओ प्रमाणन प्रदान किया गया है। यह प्रमाणन ज़ोन द्वारा स्वच्छता, कार्यकुशलता और सतत शहरी प्रबंधन के उच्च मानकों को बनाए रखने की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों की महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। निगम प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि एमसीडी आयुक्त संजीव खिरवार ने इस उपलब्धि पर करोल बाग ज़ोन के उपायुक्त, अधिकारियों, स्वच्छता कर्मियों, फील्ड टीमों तथा स्थानीय निवासियों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह प्रमाणन गुणवत्तापूर्ण सार्वजनिक सेवाएं उपलब्ध कराने और नागरिक अवसंरचना को बेहतर बनाने के प्रति ज़ोन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



## खबर संक्षेप

### निगम नई तकनीकी से 3 नालों को साफ कराएगा



**गाजियाबाद।** नगर निगम शहर के तीन नालों को नई तकनीकी से साफ कराएगा। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) लगाए बिना ही नालों का पानी शोधित होगा। आईआईटी दिल्ली ने प्लान तैयार किया है। शहरी क्षेत्र के आठ नालों का पानी हिंडन नदी में गिर रहा है। इस कारण नदी दूषित हो रही है। शासन का आदेश है कि नालों के पानी को शोधित किया जाए ताकि नदी को दूषित होने से बचाया जा सके।

### शिविर में 146 की नेत्र जांच 40 की नजरें कमजोर



**गुरुग्राम।** मंगलवार को नेत्र जांच शिविर को सेंटिस फाउंडेशन द्वारा प्रोजेक्ट सेवा के अंतर्गत मियां वाली पंचायत घर खसापुरा में किया गया। नेत्र जांच निरामया चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से हुआ। मंगलवार को 146 लोगों ने नेत्र जांच का लाभ उठाया। 40 लोगों की नजर कमजोर पाई गई, उनको 23 जून को निशुल्क चश्में दिए जाएंगे। डॉ. मिट्ठी जैन की अगुवाई में यह जांच संपन्न हुआ।

### निवेश के नाम साढ़े 6 लाख की ठगी, आरोपी काबू



**फरीदाबाद।** साइबर थाना बल्लभगढ़ ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर हुई 6,60,500 रुपए की ठगी के मामले में बैंक खाता उपलब्ध करवाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान अंशुमन सिंह उर्फ वैभव वासी गांव बैरवा नानकार जिला सिद्धार्थनगर उप्र के रुप में हुई है। जिसको माननीय अदालत में पेश कर 2 दिन पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### जान से मारने की धमकी के मामले में आरोपी काबू



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-56 ने मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान कार्तिक के रूप में हुई है। जिसको अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपी ने खुलासा किया है कि शिकायतकर्ता सलमान की आरोपी कार्तिक के साथी मुकुल, हर्ष व अन्य के साथ कुछ समय पहले कहासुनी हुई थी।

### शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त साइबर क्राइम हिमाद्री कौशिक के नेतृत्व में पुलिस की साइबर थानों की टीम द्वारा साइबर अपराध में लिप्त आरोपितों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 72,74,882 रुपए की ठगी के मामले में एक को गिरफ्तार किया है जिसकी पहचान रणजीत सिंह के रुप में हुई।

### डेयरी से गाय चोरी, एक आरोपी को किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने सराय ख्वाजा बाईपास रोड स्थित डेयरी से गाय चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसको अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। यशविंदर ने थाना सराय ख्वाजा में दी शिकायत में बताया कि वह गायों की डेयरी चलाता है तथा उसकी एक डेयरी शराब ठेका बाईपास सराय फरीदाबाद के पीछे स्थित है।

---

### जाटौली में नशा मुक्ति व साइबर अपराध जागरुकता शिविर

# युवाओं को नशे से दूर रहन व साइबर अपराधों से बचने की जरूरत पर बल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरुग्राम

मानेसर जोन पुलिस की टीम द्वारा क्षेत्र पटोदी के जाटोली मंडी के वार्ड-2 और तीन में नशा रोकथाम व साइबर फ्रॉड को रोकने के लिए जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। इसमें मानेसर जोन के टीम इंचार्ज एएसआई हरेंद्र सिंह व टीम के नेतृत्व में मानेसर से संबंधित गांव व शहरों में नशे के प्रति व साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए यह पहल की जा रही है।



#### अपराध की सूचना 1930 व 1933 नंबर पर दे सकेंगे

उन्होंने लोगों को यह भी बताया कि अगर आप किसी तरह की असहजता या कोई डर महसूस करते है तो तुरंत 112 नंबर पर कॉल करें। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के अपराध की सूचना आप 1930 व 1933 नंबर डायल करके भी दे सकते हैं, जिससे आपकी सूचना को भी गुप्त रखा जाएगा।

---

### दमकल ने 20 मिनट में आग पर पाया काबू

# शिप्रा सृष्टि सोसायटी की 15वीं मंजिल में लगी आग, मौके पर दमकल की गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गाजियाबाद





गाजियाबाद के इंदिरापुरम थानाक्षेत्र स्थित शिप्रा सृष्टि सोसायटी में 15वीं मंजिल पर बने फ्लैट में अचानक आग लग गई। हादसे में समय फ्लैट बंद था। बालकनी से जब आग की लपटें और धुआं निकला तब लोगों को इसका पता चला। सोसायटी के सुरक्षा कर्मियों व स्थानीय लोगों ने फायर सिस्टम का इस्तेमाल करते हुए आग बुझाना शुरू किया। हालांकि आग फैलती चली गई। सूचना पर दमकल की टीम मौके पर पहुंची। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि फायर स्टेशन वैशाली पर 4 बजे सूचना मिली थी। तुरंत चार वाटर टेंडर के साथ टीम मौके पर पहुंची और करीब आधा घंटे में आग को बुझा दिया गया।

#### कुछ घरेलू सामान जलकर राख

बताया कि सोसायटी का फायर सिस्टम चालू हालत में था और उसकी मदद से आग बुझाने में भी आसानी हुई। सीएफओ ने बताया कि हादसे के समय फ्लैट में कोई नहीं था। कुछ घरेलू सामान जलकर राख हो गया है। शुरुआती जांच में आग शॉर्ट सर्किट से लगने की आशंका जताई जा रही है।
बाद में सोसायटी के निवासी एकत्र हुए और दमकल के कार्य पर उनका ताली बजाकर स्वागत किया।

---

### ईद-उल-जुहा के मद्देनजर फरीदाबाद पुलिस अलर्ट

# 1000 से अधिक पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात थाना स्तर पर निकाला गया पैदल मार्च

*जिले के सभी थाना क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर पैदल मार्च निकाला गया। इस दौरान संबंधित सहायक पुलिस आयुक्त के नेतृत्व में ईआरवी, राइडर स्टाफ तथा थाना के पुलिस बल ने बाजारों, धार्मिक स्थलों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, मुख्य मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

ईद-उल-जुहा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से फरीदाबाद पुलिस पूरी तरह सतर्क है। पुलिस आयुक्त सतेन्द्र कुमार गुप्ता के दिशा-निर्देश में जिलेभर में व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे और आमजन सुरक्षित माहौल में पर्व मना सकें।

इसी क्रम में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर पैदल मार्च निकाला गया। इस दौरान संबंधित सहायक पुलिस आयुक्त के नेतृत्व में ईआरवी, राइडर स्टाफ तथा थाना के पुलिस बल ने बाजारों, धार्मिक स्थलों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, मुख्य मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पैदल मार्च के माध्यम से पुलिस ने आमजन में सुरक्षा का विश्वास मजबूत करने के साथ-साथ असामाजिक तत्वों को स्पष्ट संदेश दिया कि कानून व्यवस्था भंग करने अथवा शांति भंग करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**खास बातें**

- असामाजिक तत्वों को स्पष्ट संदेश दिया
- सायं 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक पैदल मार्च
- व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई



**सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील**

मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों, धर्मगुरुओं, सामाजिक संगठनों एवं क्षेत्रवासियों से संवाद स्थापित कर आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द एवं शांति बनाए रखने की अपील की। साथ ही लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना सोशल मीडिया पर सांझा न करने का आग्रह किया है। 27 मई को भी संबंधित सहायक पुलिस आयुक्तों के नेतृत्व में थाना क्षेत्रों में सायं 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक पैदल मार्च निकाला जाएगा।

#### संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल

ईद.उल.जुहा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए फरीदाबाद पुलिस द्वारा 1000 के करीब पुलिसकर्मियों की विशेष ड्यूटी लगाई जाएगी। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, लगातार गश्त, क्विक रिस्पांस टीम की सक्रियता तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी सुनिश्चित की जाएगी।

---


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता—2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बबलू, पुत्रः राजिंदर गोस्वामी, पताः म. नं. 25 जी, हर्ष विहार, नंद नगरी, दिल्ली** ने **FIR No. 12377/2023, U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना नंद नगरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **बबलू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **बबलू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 12377/2023, U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना नंद नगरी, दिल्ली** के अभियुक्त **बबलू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.07.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार – सुश्री दीपाक्षी राणा**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03**
**शाहदरा जिला, कमरा नं. 19, पहली मंजिल,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/6887/NE/2026**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा**

**(धारा 82(2) (ii) Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रामू पुत्र जगपाल निवासी ग्राम भोजपुर, जिला सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश बल्दी राय सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश** अन्य पताः **डी-578, गली नं. 17, श्री राम कॉलोनी, खजूरी खास, दिल्ली** ने केस एफआईआर सं. **251/2022, दिनांक 23.01.2022, अन्तर्गत धारा 380/457/411/75/34 आईपीसी, 103 डीपी एक्ट, थाना मुण्डका, बाहरी जिला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रामू** मिल नहीं रहा/रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रामू** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर सं. **251/2022, दिनांक 23.01.2022, अन्तर्गत धारा 380/457/411/75/34 आईपीसी, 103 डीपी एक्ट, थाना मुण्डका, बाहरी जिला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रामू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.07.2026** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री गौरव सिंगल**
एलडी न्यायिक मजिस्ट्रेट-प्रथम श्रेणी-06
(पश्चिम) कमरा नं. 355, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/6016/OD/2026**
**(Court Matter)**


---

### शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था का लिया जायजा

# एमडीयू के कुलपति ने सीपीएएस को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने का किया आह्वान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरुग्राम

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (मदवि) के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने एमडीयू-सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड एलाइड स्टडीज का आधिकारिक दौरा कर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था का जायजा लिया। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने एमडीयू-सीपीएएस में चल रही सेमेस्टर परीक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए परीक्षा केंद्र की विजिट की। उन्होंने दिशा-निर्देश दिया कि परीक्षा व्यवस्था का संचालन सुचारू ढंग से पूरी शुचिता के साथ किया जाए। कुलपति ने एमडीयू-सीपीएएस के पुस्तकालय का दौरा किया तथा पुस्तकालय की कार्य प्रणाली का निरीक्षण किया। पुस्तकालय प्रणाली को अधिक बेहतर बनाने के लिए दिशा-निर्देश भी कुलपति ने दिए।

इस दौरान कुलपति ने विद्यार्थियों से संवाद किया तथा एमडीयू-सीपीएएस बारे विद्यार्थियों से फीडबैक लिया। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर गंभीरता से अध्ययन करने का परामर्श दिया। आज के प्रतिस्पर्धी युग में ज्ञान विस्तारण तथा कौशल विकास पर विशेष फोकस करने की सलाह विद्यार्थियों को दी।

#### कुलपति ने शैक्षणिक व्यवस्था की फीडबैक ली

कुलपति प्रो. पूनिया ने एमडीयू-सीपीएएस दौरे के दौरान संस्थान के शिक्षकों से भी इंटरैक्शन (संवाद) किया। शिक्षकों से संस्थान के शैक्षणिक व्यवस्था की फीडबैक ली। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने शिक्षकों को प्रेरित किया कि गुरुग्राम स्थित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (मदवि) के इस सेंटर के शैक्षणिक विकास में अपना योगदान दें। इस संस्थान को उत्कृष्ट बनाने के लिए सुझाव आमंत्रित करते हुए शिक्षकों से सीपीएएस को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने के लिए यथा संभव प्रयास करने के लिए आह्वान किया।

#### आधार भूत सुविधाओं का निरीक्षण

निदेशक सीपीएएस प्रो. प्रदीप अहलावत ने कुलपति प्रो. पूनिया का स्वागत किया। उन्होंने कुलपति को इस संस्थान में संचालित पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। बताया कि संस्थान के विकास एवं प्रगति के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे।

---

### स्वास्थ्य कर्मचारी तालमेल समिति का ऐलान

# बर्खास्त स्वास्थ्य कर्मी की बहाली तक हड़ताल जारी रहेगी



**फरीदाबाद।** स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल आज पांचवें भी दिन जारी भी जारी रही। आज के धरने को अपना समर्थन देने के स्वास्थ्य कर्मचारी तालमेल समिति की प्रधान श्रीमती आशा शर्मा एवं चेयरमैन जितेन्द्र मोर ने विशेष रूप से संबोधित किया।

धरनारत स्वास्थ्य कर्मियों को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश शास्त्री एवं जिला प्रधान करतार सिंह जागलान, बलबीर बालगुहेर, अनिल चिंडालिया, सुनील चिंडालिया अपनी टीम के साथ शामिल होकर अपना जोरदार समर्थन दिया।

---


**पर्ल पॉलिमर्स लिमिटेड**
PET POLYETHYLENE TEREPHTHALATE JARS BOTTLES
CIN No. L25209DL1971PLC005535
पंजीकृत कार्यालय : ए–97/2, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेस–II, नई दिल्ली – 110020, भारत
टेलीफोन नंबरः +91–11–47385300, फैक्सः +91–11–47480746
ईमेलः pearl@pearlpet.net, वेबः www.pearlpet.net

**31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश**

(रुपये लाख में)

| क्रम सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 31.03.2026 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 31.12.2025 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 31.03.2025 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31.03.2026 लेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31.03.2025 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1 | परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 448.08 | 465.12 | 471.98 | 2,265.36 | 2,516.81 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ /(हानि) (कर और अपवादात्मक मदों से पहले) | (422.91) | (164.26) | (457.86) | (491.51) | (527.13) |
| 3 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ /(हानि) कर से पहले (असाधारण मदों के बाद) | (422.91) | (164.26) | (457.86) | (491.51) | (527.13) |
| 4 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) कर के बाद (असाधारण मदों के बाद) | (408.22) | (164.26) | (442.73) | (476.89) | (512.00) |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय अवधि [इस अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | (384.32) | (164.26) | (445.97) | (452.99) | (515.24) |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 |
| 7 | रिजर्व (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) जैसा कि पिछले वर्ष की ऑडिटेड बैलेंस शीट में दिखाया गया है | | | | 1,204.37 | 1,657.36 |
| 8 | प्रति शेयर आय (10/– रुपये प्रत्येक) (निरंतर और बंद परिचालन के लिए) | | | | | |
| | 1. मूल | (2.43) | (0.98) | (2.63) | (2.83) | (3.04) |
| | 2. तनुकृत | (2.43) | (0.98) | (2.63) | (2.83) | (3.04) |

नोटः
उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल अलेखापरीक्षित तिमाही और समाप्त वर्ष के लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। तिमाही के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप और 31 मार्च, 2026 को समाप्त वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटों: www.nseindia.com, www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइटः www.pearlpet.net पर उपलब्ध हैं।

पर्ल पॉलिमर्स लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षरकर्ता/–
उदित सेठ
अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक
डीआईएन 00005403

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 26 मई, 2026


---

### जिला स्तरीय समिति की बैठक

# पीसी-पीएनडीटी अधिनियम के नियमों का कड़ाई से पालन हो



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरुग्राम

उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को लघु सचिवालय में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट की जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीसी-पीएनडीटी एक्ट, मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (एमटीपी) एक्ट और एआरटी एक्ट के तहत चल रही कार्यवाही की समीक्षा की गई। उपायुक्त उत्तम सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार की मंशा के अनुरूप कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए पीसी-पीएनडीटी अधिनियम के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। जिले में अवैध लिंग जांच और गैर-कानूनी गतिविधियों पर पूरी सख्ती के साथ कार्रवाई की जाए।

---


**Alankit**

**अलंकित लिमिटेड**
CIN: L74900DL1989PLC036860
पंजी. कार्यालय : 205–208, अनारकली कॉम्पलैक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110055

**31.03.2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु समेकित एवं स्टैंडअलोन अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण का सार**

(ईपीएस को छोड़कर रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समेकित: समाप्त तिमाही 31.03.2026 अंकेक्षित | समेकित: समाप्त तिमाही 31.12.2025 (अअंकेक्षित) | समेकित: समाप्त तिमाही 31.03.2025 (अंकेक्षित) | समेकित: समाप्त वर्ष 31.03.2026 अंकेक्षित | समेकित: समाप्त वर्ष 31.03.2025 अंकेक्षित | स्टैंडअलोन: समाप्त तिमाही 31.03.2026 अंकेक्षित | स्टैंडअलोन: समाप्त तिमाही 31.12.2025 (अअंकेक्षित) | स्टैंडअलोन: समाप्त तिमाही 31.03.2025 (अंकेक्षित) | स्टैंडअलोन: समाप्त वर्ष 31.03.2026 अंकेक्षित | स्टैंडअलोन: समाप्त वर्ष 31.03.2025 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 10092.22 | 7170.21 | 10201.44 | 34349.44 | 30105.64 | 5443.20 | 2133.38 | 3147.97 | 10626.15 | 10589.16 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण मदों से पूर्व) | 377.25 | 568.22 | 1731.18 | 2283.51 | 3686.95 | 472.74 | 245.23 | 1270.71 | 1380.14 | 2270.50 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 377.25 | 568.22 | 1138.92 | 2283.51 | 3094.69 | 472.74 | 245.23 | 678.46 | 1380.14 | 1678.24 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | 238.58 | 803.37 | 527.12 | 2087.02 | 2167.02 | 333.66 | 354.71 | 295.11 | 1228.24 | 1163.76 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 265.49 | 819.21 | 556.30 | 2161.45 | 2230.39 | 353.30 | 368.94 | 318.09 | 1291.09 | 1221.39 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 2711.58 | 2711.58 | 2711.58 | 2711.58 | 2711.58 | 2711.58 | 2711.58 | 2711.58 | 2711.58 | 2711.58 |
| 7 | रिजर्व्स (पूर्ववर्ती लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुरूप पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | - | - | - | 29008.77 | 26960.35 | - | - | - | 30351.33 | 29060.16 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (रु. 1/- प्रत्येक के) (वार्षिकृत नहीं) | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| | 1. बेसिक | 0.08 | 0.28 | 0.16 | 0.70 | 0.73 | 0.12 | 0.13 | 0.11 | 0.45 | 0.43 |
| | 2. डायल्युटेड | 0.08 | 0.28 | 0.16 | 0.70 | 0.73 | 0.12 | 0.13 | 0.11 | 0.45 | 0.43 |

टिप्पणी :
1. 31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु उपरोक्त अंकेक्षित वित्तीय परिणामों की समीक्षा कर ली गई है और ऑडिट कमेटी द्वारा अनुशंसा कर दी गई है तथा 26 मई 2026 को आयोजित उनकी बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित कर लिए गए हैं। सेबी (लिस्टिंग आब्लीगेशंस और अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 के नियमन 33 के तहत ऑडिट अरूपांतरित मत सहित वैधानिक अंकेक्षक द्वारा पूर्ण कर ली गई है।
2. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग और अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किए गए तैमाहिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स **www.bseindia.com** और **www.nseindia.com** पर उपलब्ध हैं। ये कम्पनी की वेबसाइट **www.alankit.in** पर भी उपलब्ध हैं।
3. उपरोक्त परिणाम कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 और अन्य मान्यताप्राप्त लेखा प्रैक्टिसेज और पॉलिसीज, जहां तक लागू योग्य हैं, के तहत निर्धारित कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों 2015 (Ind AS) के अनुरूप तैयार किये गये हैं।

कृते अलंकित लिमिटेड
हस्ता/–
अंकित अग्रवाल
प्रबंध निदेशक

दिनांक : 26.05.2026
स्थान : नई दिल्ली

## खबर संक्षेप

### राज्यसभा चुनावः जेएमएम का आयोग को पत्र

रांची। झारखंड में 18 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच सत्तारूढ़ झामुमो ने चुनाव आयोग को एक लेटर लिखा है। इसमें भाजपा पर धनबल और अनैतिक दबाव बनाने की आशंका जताई है। जेएमएम का दावा है कि उनके गठबंधन के पास 56 विधायकों का स्पष्ट बहुमत है जिससे उनकी जीत तय है।

### लखीमपुर खीरी के कारीबरेडी गांव में लगी आग

लखीमपुर खीरी। यहां मितौली तहसील क्षेत्र के कारीबरेडी गांव में सोमवार रात भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में करीब 50 घर जल गए, जिससे ग्रामीणों को लाखों का नुकसान हुआ है।

# योगी सरकार की नीति से बदलेगा टूरिज्म का स्वरूप, यूपी में होटल नहीं, 'होमस्टे' बन रहे पर्यटकों की पहली पसंद

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



**ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा, स्थानीय रोजगार सृजन**

उत्तर प्रदेश में अयोध्या के भव्य राम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम के कायाकल्प और मथुरा-वृंदावन में रिकॉर्ड संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालुओं के कारण किफायती आवास की मांग तेजी से बढ़ी है। पर्यटकों की इस जरूरत को पूरा करने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति' गेमचेंजर साबित हो रही है। इस योजना के तहत अब तक पूरे प्रदेश से 3,000 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें से करीब 900 होमस्टे और फार्मस्टे सफलतापूर्वक पंजीकृत होकर संचालित हो रहे हैं। वर्ष 2026 की शुरुआत से इन आवेदनों में आई भारी तेजी यह दर्शाती है कि आम जनता अब पर्यटन को स्वरोजगार के एक बड़े माध्यम के रूप में देख रही है।

### पलायन पर लगेगी रोक

यह नीति छोटे जिलों और ग्रामीण इलाकों से बड़े शहरों की ओर होने वाले पलायन को रोकने में मददगार साबित हो रही है। इस मॉडल के तहत स्थानीय परिवार अपने खाली कमरों को आय के अतिरिक्त और सुरक्षित साधन में बदल रहे हैं। यह व्यवस्था विशेष रूप से रिटायर्ड कर्मचारियों, बुजुर्ग दंपतियों और महिलाओं द्वारा संचालित परिवारों के लिए घर बैठे सम्मानजनक कमाई का जरिया बन रही है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सरकार के विजन को साझा करते हुए कहा कि पर्यटन का असली लाभ तब है जब वह सीधे गांवों और स्थानीय परिवारों तक पहुंचे। होमस्टे मॉडल से खाली पड़े घर आय के साधन बन रहे हैं। हमारी कोशिश है कि पर्यटन का आर्थिक लाभ केवल बड़े होटलों तक सीमित न रहकर घर-घर तक पहुंचे। पर्यटन विभाग के विश्लेषण के अनुसार, वाराणसी, मथुरा, आगरा, अयोध्या, प्रयागराज और लखनऊ जैसे प्रमुख धार्मिक व ऐतिहासिक शहर 'शहरी होमस्टे' श्रेणी में सबसे आगे चल रहे हैं। वहीं, 'ग्रामीण होमस्टे मॉडल' में सबसे अप्रत्याशित और सकारात्मक बदलाव बुंदेलखंड क्षेत्र में देखने को मिला है।

# हर गांव को बस सेवा से जोड़ने की तैयारी: सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने के लिए, निजी वाहनों के उपयोग में कमी लाना जरूरी है। इसके लिए अधिक से अधिक लोगों तक सरकारी बस सेवा पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की बढ़ती आबादी तथा भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नया रूट प्लान तैयार किया जाए, ताकि प्रदेश के अधिक से अधिक गांव और शहर बस सेवा से जुड़ सकें। मुख्यमंत्री मंगलवार को हरियाणा विजन-2047 के तहत परिवहन विभाग की आगामी पांच वर्षों की कार्ययोजना और रोडमैप की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के लगभग 6500 गांवों और शहरी क्षेत्रों में आबादी बढ़ी है, लेकिन उसके अनुरूप बस सेवाओं का विस्तार नहीं हो पाया। सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले समय में कोई भी गांव बस सेवा से वंचित न रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांवों का क्लस्टर बनाकर आपस में बसों से जोड़ा जाए।

## पेज एक का शेष

### मोदी सरकार के 12...

**गरीब कल्याण और सामाजिक योजनाओं पर जोर** : मोदी सरकार ने बीते वर्षों में गरीबों के लिए कई बड़े अभियान चलाए। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और जल जीवन मिशन जैसी योजनाएं प्रमुख रहीं। सरकार का कहना है कि इन पहलों के जरिए गरीब परिवारों को आवास, मुफ्त राशन, स्वास्थ्य बीमा, गैस कनेक्शन और स्वच्छ पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।

**महिलाओं, किसानों और युवाओं के सशक्तिकरण पर फोकस** : महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सरकार ने "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ", मातृत्व लाभ योजनाओं और महिला स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देने जैसे कदम उठाए। वहीं किसानों के लिए पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना और कृषि अवसंरचना को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया गया। युवाओं के लिए स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं के माध्यम से रोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया।

**आर्थिक सुधारों और डिजिटल क्रांति का दौर** : मोदी सरकार के कार्यकाल में देश ने कई बड़े आर्थिक सुधार देखे। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू करना, डिजिटल भुगतान प्रणाली को बढ़ावा देना और सीधे खाते में सहायता राशि का भुगतान (डीबीटी) व्यवस्था को मजबूत करना प्रमुख कदमों में शामिल रहा। सरकार का दावा है कि भारत आज डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल हो चुका है। इसके अलावा, व्यापार सुगमता (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) और जीवन सुगमता (ईज ऑफ लिविंग) सुधारों के जरिए निवेश और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर भी जोर दिया गया।

**बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी का विस्तार** : पिछले 12 वर्षों में सड़कों, रेलवे, मेट्रो नेटवर्क, हवाई अड्डों और बंदरगाहों के विकास पर बड़े स्तर पर निवेश किया गया। सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार, वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत और ग्रामीण कनेक्टिविटी बढ़ाने को अपनी प्रमुख उपलब्धियों में गिनाया है।

### विवादों के शांतिपूर्ण...

से शामिल किया गया और चारों देशों के शीर्ष मंत्रियों ने इसके सभी रूपों, प्रकारों और अभिव्यक्तियों का कड़ा विरोध करते हुए वैश्विक प्रयासों के जरिए इस चुनौती का समाधान करने की वकालत की है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय द्वारा बैठक के बाद जारी किए गए समूह देशों के संयुक्त बयान से मिली है। बैठक में भारत के विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी और ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वांग ने भाग लिया। इस वर्ष भारत क्वाड की अध्यक्षता कर रहा है। जिसके तहत क्वाड की इस 11वीं बैठक का आयोजन किया गया था। सितंबर महीने में समूह देशों का शिखर सम्मेलन होगा। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ और जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची शामिल हो सकते हैं।

**चीन को दिया कड़ा संदेश** : बयान के मुताबिक, चारों विदेश मंत्रियों ने स्वीकार किया कि समूह की ये बैठक ऐसे समय पर हो रही है। जब दुनिया एक ओर कई सारी चुनौतियों जैसे विवाद, भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक सप्लाई चेन पर पड़ रहे भारी दबाव से जूझ रही है। तो दूसरी ओर अपार संभावनाएं भी मौजूद हैं। चीन का नाम लिए बगैर क्वाड ने दो टूक अंदाज में उसे संदेश देते हुए कहा कि हम हिंद-प्रशांत क्षेत्र की शांति, स्थिरता और समृद्धि को बनाए रखने के लिए मजबूती के साथ अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं। साथ ही अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत विवादों के निपटारे के पक्ष में हैं। चारों देश क्षेत्र में कानून के शासन, संप्रभुता और अखंडता को बरकरार रखने के लिए भी एकजुट हैं। भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान इलाके में यथास्थिति को सैन्य रूप से या अन्य तरीकों से बलपूर्वक बदलने का पुरजोर अंदाज में विरोध करेंगे। जिससे कहीं न कहीं तनाव बढ़ेगा और क्षेत्रीय शांति-स्थिरता खतरे में पड़ेगी। एक खुले हुए, स्वतंत्र हिंद-प्रशांत को लेकर क्वाड का समर्थन बना रहेगा। साथ ही हम अपने सहयोगी देशों को उनके मार्ग पर दृढ़ता से खड़े होकर आगे बढ़ने के लिए क्षमता विकास को लेकर जरूरी सहायता प्रदान करेंगे।

**होर्मुज में जहाजों पर हमले बर्दाश्त नहीं** : बैठक में पश्चिम-एशिया, मध्य पूर्व के हालातों पर चर्चा के दौरान सभी भागीदारों ने क्षेत्र में चल रहे तमाम कूटनीतिक प्रयासों को लेकर बने हुए अपने समर्थन को दोहराते हुए यह उम्मीद जताई कि इनकी मदद से दीर्घकालिक स्थायी शांति स्थापित होगी। होर्मुज और लाल सागर जैसे दो प्रमुख जलमार्गों से संयुक्त राष्ट्र के समुद्री कानून (यूएनसीएलओएस) के मद्देनजर वैश्विक वाणिज्य की स्वतंत्र, निबार्ध नौवहन आवाजाही के अधिकार को बनाए रखने को लेकर भी समर्थन प्रदान किया गया है। साथ ही समूह देशों ने क्षेत्र से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों पर किए जाने वाले किसी भी तरह के हमलों की सख्त लहजे में निंदा करते हुए भावी कदम के तौर पर यूएन कानूनों के खिलाफ जाते हुए किसी भी प्रकार का टोल वसूलने का भी विरोध किया है।

**वैश्विक प्रयासों से खत्म होगा आतंकवाद** : क्वाड देश आतंकवाद और उसके सभी रूपों, प्रकारों (सीमा पार आतंकवाद सहित) के खिलाफ हैं। उन्होंने पिछले साल 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके बाद 14 दिसंबर को बांडी बीच पर हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। आतंकवाद के खिलाफ सटीक, निणार्यक कार्रवाई करने के लिए अंतरराष्ट्रीय कदम उठाए जाने का आह्वान भी क्वाड ने दुनिया के बाकी देशों से किया है। जिसमें वैश्विक कानून ही आधारशिला के रूप में मौजूद रहेंगे। मामले में वैश्विक रूप से घोषित आतंकवादी, आतंकी संगठन, उनके छद्म रूप, प्रायोजक और वित्तीय मददगार शामिल हैं, जिनके खिलाफ क्वाड ने एकजुटता जाहिर की है। साथ ही कहा है कि हम अपने तमाम भागीदार देशों के साथ आतंकवाद, हिंसक चरमपंथ के प्रभावों, आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए उभरती हुई तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल से उठने वाले किसी भी खतरे के खिलाफ मुकाबला करने के लिए उनकी क्षमताओं को मजबूत बनाने के लिए तैयार हैं। क्वाड दक्षिण-पूर्व एशिया में तेजी से बढ़ते ऑनलाइन स्कैम सेंटरों के जाल से भी चिंतित है। जिससे सीमा पार अपराधों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है।

**उत्तर कोरिया का हो परमाणु निरस्त्रीकरण** : क्वाड देश संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के जरूरी प्रस्तावों के आधार पर उत्तर कोरिया के परमाणु निरस्त्रीकरण के पक्ष में हैं। सभी ने उससे परिषद द्वारा पारित किए गए प्रस्तावों का पालन करने के लिए कहा है। भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने उत्तर कोरिया द्वारा की गई जन विनाश वाले अति-विध्वंसक हथियारों (बैलिस्टिक मिसाइल) की तैनाती की निंदा की है। उसकी गलत साइबर और आईटी कर्मियों वाली गतिविधियों को लेकर भी समूह देश चिंतित हैं। क्योंकि इसका संबंध परमाणु हथियारों के विकास कार्यक्रम से है। क्वाड ने यूएन में शामिल देशों से जरूरी वैश्विक कानूनों, संधियों की अनुपालना करने पर भी जोर दिया है। जिसमें उत्तर कोरिया को किसी भी तरह से परमाणु हथियारों के विकास को लेकर मदद पहुंचाना शामिल है। उत्तर कोरिया के साथ कुछ देशों के बढ़ते गठजोड़ को लेकर भी समूह ने चिंता प्रकट की है। अपहरण के मामलों के तत्काल समाधान पर भी समूह देशों ने जोर दिया है।

**आसियान की केंद्रीयता, एकता बनी रहे** : म्यांमार में जारी संघर्ष और उसके क्षेत्र पर पड़ते प्रभावों को लेकर क्वाड के विदेश मंत्रियों ने चिंता जताई है। जिसका मुकाबला आर्थिक समृद्धि, सुरक्षा, दुर्लभ-उभरती हुई तकनीक, मानवीय सहायता-आपात प्रतिक्रिया, समुद्री और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा जैसे चार प्रमुख स्तंभों के मद्देनजर किया जाएगा। क्वाड देश इन चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए एकजुटता से तैयार हैं। वहीं चारों देशों ने आसियान की केंद्रीयता और एकता के पक्ष में भी अपने मजबूत समर्थन का ऐलान किया है।

**एक देश के हाथों में न पड़ जाएं संसाधन** : उन्होंने कहा कि बैठक में हमारा पूरा ध्यान सामूहिक गतिविधियों और विश्व के सामने मौजूद चुनौतियों का सामूहिक समाधान ढूंढने पर केंद्रित रहा है। जयशंकर के मुताबिक, क्वाड का प्राथमिक क्षेत्र हिंद-प्रशांत ही रहेगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आपूर्ति श्रृंखला को मजबूती प्रदान करनी होगी। कनेक्टिविटी के मार्ग में आने वाली रुकावटों और अन्य बाधाओं को दूर करना पड़ेगा। ताकि मैन्युफैक्चरिंग और संसाधन एक स्थान या देश के हाथों में केंद्रीयकृत होकर न रह जाएं।

### क्वाड ने की जटिल...

**एक देश पर निर्भरता उचित नहीं** : मंत्रालय ने बयान में कहा कि क्वाड देशों ने आर्थिक दबाव, गैर बाजार नीतियों और उनसे जुड़ी हुई गतिविधियों के उपयोग पर गंभीर रूप से चिंता जताई है। इस पूरी प्रक्रिया में मनमाफिक निर्यात प्रतिबंध, मूल्य को लेकर अनियमितता, खनिजों की आपूर्ति को लेकर बाधाएं शामिल हैं। चारों विदेश मंत्रियों ने कहा कि हम एकजुटता के साथ विविधतापूर्ण और भरोसेमंद वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के महत्व के अलावा मामले में किसी एक देश विशेष पर निर्भरता से बचने की आवश्यकता के महत्व को रेखांकित करते हैं। यह रूपरेखा क्वाड भागीदारों को आर्थिक नीति उपायों का लाभ उठाने में मार्गदर्शन करेगी। इस संबंध में समूह देश समन्वित निवेश का उपयोग करने के लिए साथ मिलकर काम करने की मंशा रखते हैं।

### आर्थिक दबाव से ...

हुई है। भारत अपनी तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था के साथ अपनी आर्थिक वृद्धि को आगे बढ़ाने के लिए इन खनिजों की निर्बाध आपूर्ति के पक्ष में हैं।

### क्वाड देशों को ...

समर्थन प्रदान करेगा। साथ ही समूह देशों के बीच, क्षेत्रीय भागीदारों की मदद से निजी स्तर पर पूंजी जुटाने और आपूर्ति श्रृंखलाओं को सशक्त बनाने के लिए नए उपायों की भी तलाश इस रूपरेखा की मदद से की जाएगी।

### जापान और ..

बातचीत में रक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला का लचीलापन सुनिश्चित करने जैसे क्षेत्रों में बढ़ती भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा की गई। दोनों देश एक खुले हुए, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के गठन के लिए काम करना जारी रखेंगे। ज्ञात हो कि क्वाड की बैठक में डा.जयशंकर के अलावा तोशिमित्सु मोटेगी, मार्को रुबियो और पेनी वांग शामिल हुए। अमेरिका के विदेश मंत्री पहले ही प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुलाकात कर चुके हैं।

**जयशंकर-वांग के बीच हुई बैठक**: उधर, भारत और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों के बीच क्वाड की बैठक के बाद एक अन्य द्विपक्षीय-प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। जिसे संबोधित करते हुए डॉ. एस.जयशंकर ने कहा कि बतौर विदेश मंत्रियों के रूप में दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी है। व्यापार और निवेश को लेकर जारी वार्ताओं को लेकर हमारा सहयोग बना हुआ है। ऊर्जा के संबंध में दोनों देश अपना व्यापार बढ़ाने के पक्ष में हैं। परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भारत ने हाल में कुछ जरूरी सुधार किए हैं। जिसके बाद भविष्य में हमारे सहयोग की संभावनाएं खुली हैं। दुर्लभ खनिजों के मामले में भी हम विचार-विमर्श कर रहे हैं। रक्षा आदान-प्रदान, सैन्य अभ्यास के अलावा समुद्री सहयोग भारत, ऑस्ट्रेलिया संबंधों का एक अहम स्तंभ रहा है। अंतरिक्ष, खेल के विषय को लेकर भी दोनों देशों के बीच सहयोग बना हुआ है।

### समर्थ से पूछा -10...

कि वे अब किसी भी मीडिया को कोई बयान नहीं देंगे इसलिए बातचीत का हिस्सा निकलकर सामने नहीं आया। एजेंसी अब मामले के हर एंगल की जांच कर रही है। परिजनों से घटनाक्रम, पारिवारिक विवाद, दहेज प्रताड़ना और घटना वाली रात की परिस्थितियों को लेकर सवाल किए गए। जिन 46 बड़े लोगों को गिरिबाला ने फोन किए, उनके भी सीबीआई बयान लेगी। इनमें कई नौकरशाह व जज और अन्य रसूखदार लोग हैं।

**पुलिस कमिश्नर से मिली सीबीआई टीम** : शाम को सीबीआई अधिकारियों ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर पुलिस कमिश्नर संजय कुमार से मुलाकात की। इस दौरान केस से जुड़े दस्तावेज, डिजिटल डिवाइसेज और अन्य सबूत सीबीआई को ट्रांसफर करने की प्रक्रिया पर चर्चा हुई। संजय कुमार ने कहा कि मामले से जुड़े सभी दस्तावेज और डिजिटल डिवाइसेज सीबीआई को सौंप दिए गए हैं। जहां भी सीबीआई को जरूरत होगी, भोपाल पुलिस पूरा सहयोग करेगी।

**सीबीआई ने एसआईटी की जांच पर नाराजगी जताई** : मामले में भोपाल पुलिस की एसआईटी की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। सीबीआई ने भी एसआईटी की जांच को लेकर नाराजगी जताई है। बताया जा रहा है कि अब तक केस डायरी तक पूरी नहीं हो पाई थी। सात दिन की रिमांड और तीन दिन की पूछताछ के बावजूद एसआईटी पति समर्थ सिंह से अहम जानकारी नहीं निकाल पाई। जांच एजेंसी अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि घटना के बाद समर्थ कहां था और घटनाक्रम क्या रहा? ट्विशा के परिजन पहले से ही पुलिस जांच पर सवाल उठा रहे थे। उनका आरोप था कि मामले में शुरुआती स्तर पर लापरवाही बरती गई और साक्ष्यों को सुरक्षित रखने में देरी हुई।

**समर्थ को मेडिकल के लिए एम्स ले जाया गया** : शाम को पुलिस टीम समर्थ सिंह को कटारा हिल्स थाने से मेडिकल परीक्षण के लिए एम्स लेकर पहुंची। मेडिकल प्रक्रिया पूरी करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस बीच सीबीआई की टीम अब कटारा हिल्स थाने पहुंचकर केस डायरी, डिजिटल रिकॉर्ड और जब्त सामग्री की जांच कर सकती है। सीबीआई पिछले पांच दिनों के पुलिस जांच की भी एक बार पड़ताल करेगी कि कौन से पहलू पर पुलिसजांकर रही थी?

**समर्थ बोला- मैंने उस पर कभी हाथ नहीं उठाया** : सीबीआई से समर्थ ने कहा है कि उसने कभी ट्विशा पर हाथ नहीं उठाया है कभी-कभार विवाद जरूर होता था लेकिन हमने कभी इस विषय को मारपीट का रूप नहीं दिया। वहीं, गिरिबाला सिंह ने सीबीआई से कहा कि मेरे घर में 15 साल बाद बहू नहीं बेटी आई थी। उन्होंने अपना पुराना बयान ही सीबीआई को बताया। सीबीआई ने कहा कि आगे पूछताछ की जरूरत पड़ेगी तो वह फिर से आएगी।

### सीबीएसई भुगतान...

मंत्री ने इस मुद्दे पर केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ चर्चा की थी। हाल ही में सीबीएसई के पोस्ट-रिजल्ट और री-इवैल्यूएशन प्रक्रियाओं के दौरान छात्रों को भुगतान और तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लिया। बैठक में विशेष रूप से री-इवैल्यूएशन, उत्तर पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी प्राप्त करने और अन्य शुल्क आधारित सेवाओं के लिए छात्र-अनुकूल डिजिटल भुगतान व्यवस्था विकसित करने पर चर्चा की गई। सरकार का मानना है कि नई व्यवस्था लागू होने के बाद लाखों छात्रों को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और सुगम डिजिटल सेवा मिल सकेगी।

### देश की पहली ...

जिनकी कुल क्षमता 2400 किलोवाट है। साथ ही, इसमें यात्रियों के लिए 8 कोच लगाए गए हैं।

### जर्मनी, स्वीडन ...

स्वीडन, जापान और चीन जैसे उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल हो जाएगा, जिनके पास हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेनें हैं।

### शिवराज सिंह चौहान...

कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कभी-कभी आपको ऐसे व्यक्ति के साथ काम करने का मौका मिलता है जिसे दुनिया नेता कहती है, लेकिन वास्तव में वह एक सच्चे कर्मयोगी और असाधारण इंसान होते हैं। वह इंसान हैं नरेंद्र मोदी। 26 मई का वह ऐतिहासिक दिन है, जब नरेंद्र मोदी ने पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। 12 वर्ष पूरे हो गए, लेकिन मेरा और उनका साथ 35 साल पुराना है। इन 35 वर्षों में मैंने उन्हें हर क्षण देश के लिए जीते हुए देखा है। उनका हर कदम देश की प्रगति और विकास के लिए उठा है। मुझे उनके साथ अनेक भूमिकाओं में संगठन के कार्यकर्ता के नाते काम करने का मौका मिला।


थाना कैम्प पलवल  जिला पलवल

**इश्तहार लावारिश नाश नामपता नामालुम**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 14.05.26 को सुबह के समय करीब



08.30 AM आगरा चौक पलवल पर साहिल रेस्टोरेंट के पास एक नामपता नामालूम व्यक्ति उम्र करीब 35 वर्ष बेहोशी की हालत में मिला था जो सुचना मिलने पर सरकारी अस्पताल पलवल भिजवाया गया था जो सरकारी अस्पताल पलवल से सफदरजंग अस्पताल दिल्ली में रेफर किया गया था जो सफदरजंग अस्पताल में ईलाज के दौरान अज्ञात व्यक्ति की मृत्यु हो गई है जिसकी नाश को शिनाख्त हेतु शवगृह सफदरजंग अस्पताल दिल्ली मे रखवाया हुआ है। जिसका हुलिया निम्न प्रकार है - रंग सांवला, गोल चेहरा, दुबला पतला शरीर, कद करीब 5 '8" उम्र करीब 35 वर्ष व मृतक ने हल्के नीले रंग की जीन्स व कमर पर कुछ नहीं पहना हुआ है। जो उपरोक्त नामपता नामालुम व्यक्ति को नाश के बारे में पता चले तो नीचे लिखे मो. न. पर सुचित करने की कृपा करे।

प्रबंधक अफसर थाना कैम्प पलवल जिला पलवल मो. 8930202029
पुलिस कंट्रोल रुम पलवल जिला पलवल मो. 01275-298065
PSI सचिन अनुसंधान अधिकारी थाना कैम्प पलवल मो. 8295164100

हस्ता/-थाना कैम्प पलवल
दिनांक 25.05.2026

पीआरडीएच-1084/11/4863/2027/45587/88/7 दि. 26.05.2026



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तः **हंसराज उर्फ रमणे, पुत्रः गोवर्धन, निवासीः मकान संख्या 441, जी–ब्लॉक, जे.जे.कॉलोनी, बक्करवाला, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No. 339/2024 U/S 25/54/59 शस्त्र अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना मुंडका, बाहरी जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **हंसराज उर्फ रमणे** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **हंसराज उर्फ रमणे** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No. 339/2024 U/S 25/54/59 शस्त्र अधिनियम, थाना मुंडका, बाहरी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **हंसराज उर्फ रमणे** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए **दिनांक 29.06.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, गौरव सिंघल,
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–06 (पश्चिम),
कमरा संख्या 355, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली।

DP/6851/OD/2026
(अदालती मामला)



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी गीता पुत्रीः** राम चंदर, **पताः** झुग्गी नंबर 76/47 धोबी घाट, न्यू ओम नगर संगम पार्क रोड प्रताप बाग मॉडल टाउन, दिल्ली **FIR No. 477/20, U/s: 380/411 IPC, पुलिस थानाः करोल बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गीता**, मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गीता**, फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **गीता, FIR No. 477/20, U/s: 380/411 IPC, पुलिस थानाः करोल बाग, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.07.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
निशांत बनगढ़
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–01 (केंद्रीय)
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/6766/CD/2026
(Court Matter)



## आर ओ एफ इंफ्राटेक एंड हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड

आम जनता से, सेक्टर–07, सोहना में 11.11875 एकड़ के किफायती ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी क्षेत्र लाइसेंस संख्या/वर्षः 2024 का 182, दिनांकः 10–12–2024 में आवासीय अपार्टमेंट के पहले ई–ड्रॉ की बुकिंग के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इस प्रोजेक्ट का नाम "आरओएफ द्वारा एंटारेस" है (HARERA द्वारा पंजीकृत, संख्या – 2026 का 29, दिनांक – 13.04.2026), जिसे मेसर्स आरओएफ इंफ्राटेक एंड हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित किया जा रहा है। यह विकास कार्य हरियाणा सरकार के नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग द्वारा अधिसूचना संख्या पीएफ–27/48921 दिनांक 19.08.2013 के माध्यम से निर्धारित नीति के नियमों और शर्तों के अनुसार किया जा रहा है, जिसमें समय–समय पर संशोधन भी किए गए हैं (विवरण विभाग की वेबसाइट, यानी tcpharyana.gov.in पर उपलब्ध हैं)।

### परियोजना विवरण

| | |
|---|---|
| 1. कॉलोनाइजर/डेवलपर | आरओएफ इंफ्राटेक एंड हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड, बिल्डिंग नं. 80, सेक्टर–44, दूसरी मंजिल, गुरुग्राम, हरियाणा–122003 |
| 2. परियोजना की स्वीकृति | लाइसेंस नं./वर्षः 2024 का 182 दिनांकः 10–12–2024, ज्ञापन संख्या–जेडपी–2059/जेडी (आरए)/2025/39819 दिनांकः 15–10–2025, के माध्यम से भवन योजना स्वीकृत। रेरा संख्याः 2026 का 29 दिनांकः 13–04–2026 |
| 3. स्थान | सेक्टर–07, सोहना, गुरुग्राम |
| 4. प्रावधान परियोजना क्षेत्र | 11.11875 एकड़ में कुल 1891 इकाइयां शामिल हैं, जिनमें से 383 फ्रीज की गई इकाइयां हैं। अब 1508 इकाइयों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। सामुदायिक सुविधाएंरू 411.182 वर्ग मी. का सामुदायिक हॉल या 4425.963 वर्ग मी. और 411.182 वर्ग मी. या 4425.963 वर्ग मी. का आंगनवाड़ी–सह–शिशु–गृह। |

5. अपार्टमेंट के विवरण, आबंटन दरें और भुगतान की शर्तेः **कालीन क्षेत्र पर मूल बिक्री मूल्य– कर को छोड़कर रु. 88881/– प्रति वर्ग फीट (अतिरिक्त बालकनी लागत / रु. 1300/– प्रति वर्ग फीट कर को छोड़कर)**

अपार्टमेंट विवरण

| श्रेणी (प्रकार) | कालीन क्षेत्र वर्ग फुट (लगभग) | बालकनी/छत क्षेत्र वर्ग फीट (लगभग) | इकाइयों की संख्या | अपार्टमेंट के आवंटन की दर (कर को छोड़कर) | आवेदन बुकिंग राशि 5% के साथ | आवंटन पर 20% |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 बीएचके – प्रकार ए (एमक्यू के तहत 75 यूनिट) | 644.516 | 409.462 | 88 | 36,42,614 | 1,75,630.61 | 7,28,523 |
| 3 बीएचके – प्रकार बी | 644.516 | 205.377 | 17 | 36,42,614 | 1,75,630.61 | 7,28,523 |
| 3 बीएचके– प्रकार सी | 644.516 | 122.978 | 1403 | 36,42,614 | 1,75,630.61 | 7,28,523 |
| | | | 1508 | | | |

निर्माण से जुड़ी भुगतान योजना के अनुसार किश्तों में राशि का 75% शेष भुगतान की नियत तारीख से पहले कोई ब्याज देय नहीं होगा। भुगतान में किसी भी चूक पर विलंबित अवधि पर हरियाणा भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण, नियम 2017 के नियम 15 में दिए गए अनुसार दंडात्मक ब्याज लगेगा।

| | |
|---|---|
| 6. पार्किंग | उक्त परियोजना केवल दोपहिया वाहन पार्किंग स्थान प्रदान करती है, अर्थात प्रति आवास इकाई 0.5 ईसीएस |
| 7.अपार्टमेंट के व्यापक विनिर्देश | **फर्शः** लिविंग/डाइनिंग, बेडरूम/रसोई/शौचालय/बालकनी – विट्रिफाइड और एंटीस्किड सिरेमिक टाइल्स, **दीवार की फिनिशः** ओबीडी के साथ प्लास्टर, **रसोईः** मार्बल/ग्रेनाइट काउंटर और ओबीडी/बैलेंस क्षेत्र में कलर वॉश के साथ 2 फीट तक की ऊंचाई की टाइल्स/सिरेमिक टाइल्स, स्लैब प्लेटफॉर्म, सिंगल बाउल एसएस सिंक, **दरवाज़े का फ्रेम/दरवाजेः** पेंटेड लकड़ी/एमएस/फ्लश डोर/स्किन डोर/फाइबर डोर के साथ फाइबर डोर फ्रेम, **खिड़कियांः** पाउडर कोटेड एल्यूमीनियम या यूपीवीसी/एनोडाइज्ड फ्रेम खिड़कियां, **बाथरूमः** 7 फीट तक ऊंचाई फिनिश दीवार पर सिरेमिक टाइल्स, डब्ल्यूसी और वॉशबेसिन के साथ सीपी फिटिंग और फिक्स्च, **विद्युत** – आईएसआई मार्क, वायरिंग, स्विच/सॉकेट के लिए उत्पा, **सामान्य क्षेत्र फर्शः** कोटा पत्थर/पेवर्स/मार्बल **सुरक्षाः** गेटेड कॉम्प्लेक्स। |
| 8. आवेदन समयरेखा | आवेदन पत्र **https://edraw.tcpharyana.gov.in/tcp-dms/home** पर पंजीकरण करके ऑनलाइन भरा जाएगा। शुरुआत की तिथिः **28.05.2026**, आवेदन जमा करने की अंतिम तिथिः 16.06.2026 |

**योग्यताः**

1. आवेदक को किसी भी मौजूदा कानून के तहत कानूनी रूप से बाध्यकारी अनुबंध करने से रोका नहीं गया होना चाहिए।
2. कोई भी व्यक्ति आवेदन कर सकता है; हालाँकि, PMAY लाभार्थियों (जिनमें उनके पति/पत्नी या आश्रित बच्चे शामिल हैं) को, जिन्हें हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने 'प्रधानमंत्री आवास योजना – सबके लिए आवास' कार्यक्रम के तहत पहचाना है, आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी। पहली प्राथमिकता उस संबंधित शहर के पहचाने गए लाभार्थियों को दी जाएगी, जिसके बाद हरियाणा राज्य के अन्य PMAY लाभार्थियों को प्राथमिकता मिलेगी। इसके बाद, बाकी बचे फ्लैटों के लिए, उन व्यक्तियों (जिनमें उनके पति/पत्नी या आश्रित बच्चे शामिल हैं) को आवंटन में अगली प्राथमिकता दी जाएगी, जिनके पास हरियाणा के किसी भी शहरी क्षेत्र, चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश (UT) या दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCT) में किसी भी HUDA विकास कॉलोनी/सेक्टर या किसी भी लाइसेंस्ड कॉलोनी में कोई फ्लैट/प्लॉट नहीं है।
3. कोई भी आवेदक केवल एक ही आवेदन कर सकता है। इस नीति के तहत सफल होने वाला कोई भी आवेदक, इस नीति के अंतर्गत किसी अन्य कॉलोनी में किसी अन्य फ्लैट के आवंटन के लिए पात्र नहीं होगा। यदि वह एक से अधिक कॉलोनियों में सफल होता है, तो उसके पास केवल एक फ्लैट रखने का विकल्प होगा।

**आवंटन मानदंडः**

1. अपार्टमेंट का आवंटन उपायुक्त या उनके प्रतिनिधि (कम से कम हरियाणा सिविल सेवा के कैडर के), वरिष्ठ नगर योजनाकार (सर्किल कार्यालय), संबंधित जिले के डीटीपी और संबंधित उपनिवेशक के प्रतिनिधि की उपस्थिति में लॉट के ई–ड्रॉ के माध्यम से किया जाएगा।
2. लॉट के ई–ड्राव की तारीख तय करने के बाद, डेवलपर द्वारा आवेदकों को लोट के ड्रॉ की तारीख/समय और स्थान के बारे में जानकारी देते हुए एक विज्ञापन जारी किया जाएगा, जो उन समाचार पत्रों में जारी किया गया था, जिनमें मूल विज्ञापन जारी किया गया था।
3. जांच और आवंटन के लिए अपनाए जाने वाले विस्तृत मानदंड और समय–सीमा के लिए, आवेदक किफायती आवास नीति 2013 में अधिसूचित विवरणों को भी देख सकते हैं, जो दिनांक 19.08.2013 को क्रमांक पीएफ–27/48921 है और उसके संशोधन (विभाग की वेबसाइट, यानी tcpharyana.gov.in पर उपलब्ध है।.)।

**नोटः यह सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त कॉलोनी की भवन योजना को ज्ञापन संख्या ./2025/39819 दिनांक 15.10.2025, लाइसेंस संख्या . 182/2024 दिनांक 10.12.2024 के माध्यम से अनुमोदित किया गया था। पर्यावरण मंजूरी (ईसी) संख्या. 07.01.2026 और स्थापना के लिए सहमति (सीटीई) ज्ञापन संख्या . 12074107426 जीयूएससीओटीई136711517 दिनांक 26.02.2026 सक्षम अधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया है। परियोजना दोपहिया वाहन पार्किंग स्थान प्रदान करती है, अर्थात, प्रति आवास इकाई 0.5 ईसीएस, जैसा कि किफायती आवास नीति दिनांक 19.08.2013 और संशोधन दिनांक 04.01.2021 के अनुसार पहले से ही उक्त भवन योजनाओं में अनुमोदित है। यह स्पष्ट किया जाता है कि कारपेट क्षेत्र पर संशोधित आवंटन दर को दिनांक 08.04.2026 की संशोधित नीति के अनुसार माना जाएगा।**

**नोटः किसी भी परियोजना के पहले के ड्रॉ के सफल आवेदकों के सरेंडर/वापस लिए गए आवेदकों को इस नोटिस के प्रकाशन के 02 सप्ताह के भीतर वर्तमान परियोजना में आवेदन दाखिल करने से पहले एसटीपी कार्यालय, गुरुग्राम में स्थिति को अपडेट करना होगा।**

स्थानः गुरुग्राम, हरियाणा  संपर्क नंबरः +91-124-4399399



# पाकिस्तानी क्रिकेटर का किरदार निभाएंगे फरहान

**मुंबई।** फरहान अख्तर इन दिनों रणवीर सिंह के साथ 'डॉन 3' विवाद को लेकर चर्चाओं में हैं। इसी बीच उनके काम से जुड़ी भी एक खबर आ रही है। फरहान जल्द ही क्रिकेटर लाला अमरनाथ पर बन रही फिल्म में कैमियो रोल कर सकते हैं। वह फिल्म में एक पाकिस्तानी क्रिकेटर की भूमिका में दिखाई दे सकते हैं। इसमें उनका किरदार लाला अमरनाथ के बेहद नजदीक है और भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ है। हालांकि, अभी मेकर्स ने और फरहान ने इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया। बता दें वह इस प्रोजेक्ट से निर्माता के तौर पर भी जुड़े हुए हैं। क्रिकेटर लाला अमरनाथ पर बन रही इस बायोपिक को कई निर्माता मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं।

## लाइफ Style

# पूजा
## इकोज ऑफ अस को लेकर हैं सुर्खियों में

पूजा बत्रा की बतौर निर्माता फिल्म 'इकोज ऑफ अस'को कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में प्रदर्शित किया गया, जिसे लेकर अभिनेत्री ने खुशी जाहिर की। पूजा ने सोशल मीडिया पर रेड कार्पेट से अपनी ग्लैमरस तस्वीरें साझा करते हुए इस उपलब्धि को यादगार बताया।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक्ट्रेस पूजा बत्रा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म इकोज ऑफ अस को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म इकोज ऑफ अस एक इमोशनल ड्रामा है, जो प्रेम, बिछड़ने के दर्द और मानवीय रिश्तों की जटिल भावनाओं को दर्शाती है। इस फिल्म में यूलिया वंतूर ने अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत की है। उनके साथ दीपक तिजोरी और स्पेनिश अभिनेत्री एलेसांद्रा व्हेलन मेरेडिज भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं। फिल्म का निर्देशन जो राजन ने किया है, जबकि इसे पूजा बत्रा ने अपने लॉस एंजिल्स स्थित प्रोडक्शन हाउस 'ग्लोबेलिंक'के तहत एलायंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से प्रोड्यूस किया है। महज 20 मिनट लंबी इस शॉर्ट फिल्म ने दुनियाभर के कई फिल्म समारोहों में जबरदस्त सराहना हासिल की है। पूजा बत्रा ने इंस्टाग्राम पर कान्स फिल्म फेस्टिवल से अपनी कई ग्लैमरस तस्वीरें पोस्ट कीं। इन तस्वीरों में वह रेड कार्पेट पर बेहद खूबसूरत अंदाज में नजर आईं। पोस्ट के साथ अभिनेत्री ने फिल्म और अपनी टीम के लिए एक भावुक नोट भी लिखा। उन्होंने मजाकिया अंदाज में लिखा, कान्स यानी के-ए-एन, क्योंकि हम कर सकते हैं। फिल्म अब तक 80 से अधिक अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी है।



## हॉलीवुड मसाला



# जीता आर्टिस्ट ऑफ द ईयर अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** के-पॉप बैंड बीटीएस के फैंस दुनियाभर में हैं। इस बार अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स 2026 में इस बैंड ने लगभग तीन अवॉर्ड अपने नाम किए। पहला पुरस्कार उन्होंने 'आर्टिस्ट ऑफ द ईयर' का जीता। इसके बाद बैंड ने 'स्विम' के लिए सॉन्ग ऑफ द समर और बेस्ट मेल के-पॉप आर्टिस्ट का खिताब भी अपने नाम किए। इसके पहले बीटीएस ने 2021 में यह पुरस्कार अपने नाम किया था। अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स में सिंगर सबरीना कारपेंटर के एल्बम 'मैन्स बेस्ट फ्रेंड' को एल्बम ऑफ द ईयर और बेस्ट पॉप एल्बम का अवॉर्ड दिया गया।



# ब्रैड तलाक के बाद के हालात के कारण नहीं कर रहे शादी!

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सुपरस्टार ब्रैड पिट एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर यह खबर जंगल में आग की तरह फैल रही है कि एंजेलिना जोली से तलाक के बाद वह दोबारा शादी करने वाले हैं। ब्रैड पिट इन दिनों खुद से 29 साल छोटी इनेस डी रेमोन को डेट कर रहे हैं। दोनों करीब 4 साल से एक-दूसरे के साथ हैं। हालांकि, शादी की खबरों को एक हालिया रिपोर्ट ने फर्जी बताया है। रिपोर्ट में एक करीबी सूत्र ने कहा है, 'ब्रैड और इनेस की जोड़ी आपस में 'बहुत खुश' है। ऑस्कर जीत चुके एक्टर 'अपनी शांत स्वभाव वाली गर्लफ्रेंड से मिलने वाले सुकून और सहारे का आनंद ले रहे हैं। हालांकि, उनका शादी को लेकर अभी कोई प्लान नहीं है। इसकी एक वजह एंजेलिना जोली से उनके अलगाव के बाद के हालात हैं। वैसे, ब्रैड पिट की तरह ही इनेस भी तलाकशुदा हैं। ब्रैड पिट की उम्र 62 साल है।



# शकीरा के डांस की दीवानी हुईं अमीषा

**मुंबई।** अभिनेत्री अमीषा पटेल इन दिनों सोशल मीडिया पर दो बातों को लेकर काफी चर्चा में हैं। पहली वजह है पॉप स्टार शकीरा की तारीफ करना और दूसरी वजह है बॉलीवुड के नए कलाकारों पर गुस्सा निकालना। मशहूर सिंगर शकीरा ने फीफा विश्व कप 2026 के ऑफिशियल गाने 'दाई दाई' से धमाकेदार वापसी की है। इस गाने में उनके साथ नाइजीरियाई सिंगर बर्ना बॉय भी हैं। गाने के एक वीडियो में शकीरा पीले रंग के कपड़ों में शानदार डांस करती नजर आ रही हैं, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इस वीडियो को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर करते हुए अमीषा पटेल ने लिखा, 'वाह शकीरा, आप 49 साल की उम्र में भी कमाल हैं। आपका डांस, ड्रेस और लुक 25 साल की उम्र से भी ज्यादा हॉट और खूबसूरत है।'



# है जवानी तो इश्क होना है... का गाना रिलीज

**मुंबई।** 'है जवानी तो इश्क होना है' के मेकर्स ने मंगलवार को वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े पर फिल्माया गया गाना 'चुनरी चुनरी' रिलीज किया। जहां डांस स्टेप्स, नएपन और गाने की वाइब ने लोगों का ध्यान खींचा, वहीं कुछ लोगों को पुराने वर्जन और सलमान खान-सुष्मिता सेन की याद आ गई। यह गाना सलमान खान और सुष्मिता सेन पर फिल्माए गए 'चुनरी' गाने का रीमेक है। ऐसा लगता है कि नेटिजन्स को यह गाना ज़्यादा पसंद नहीं आया। एक ने लिखा- सलमान और सुष्मिता की एनर्जी का कोई मुकाबला नहीं। एक यूजर ने कहा- सलमान कोने में रो रहे होंगे। एक कमेंट में लिखा था- इससे घटिया क्या ही होगा। हाल ही में एक इवेंट में, मस्ती भरे माहौल में कैमरों के सामने पोज देते हुए, सलमान खान ने वरुण धवन का मजाक उड़ाया था।

## टीवी मसाला




# रमाकांत की मौजूदगी हर सीन को कर देती थी रोशन

**नई दिल्ली।** टीवी और बॉलीवुड फिल्मों में नजर आने वाले दिग्गज अभिनेता रमाकांत दायमा का 26 मई को निधन हो गया। इस खबर को सुनकर उनके करीबी और फैंस गहरे शोक में डूब गए हैं। टीवी अभिनेता करण मेहरा ने भी रमाकांत दायमा के निधन पर शोक जताया है। उनके लिए एक भावुक पोस्ट सोशल मीडिया पर लिखी है। टीवी अभिनेता करण मेहरा ने एक भावुक पोस्ट इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए लिखा, 'आज हमने एक अद्भुत शख्सियत को खो दिया है। एक ऐसा इंसान जिनकी आवाज बुलंद थी, उनकी मौजूदगी हर सीन को रोशन कर देती थी। वह सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेता और प्रतिभाशाली गायक ही नहीं थे, बल्कि एक मार्गदर्शक, एक पिता-तुल्य हस्ती और न जाने कितने लोगों के दोस्त भी थे। उनकी दयालुता, उनकी कला और उनकी गर्मजोशी हम सभी के दिलों में हमेशा जिंदा रहेगी। उनका प्यार और उनका जुनून हमेशा हमारे दिलों में गूंजता रहेगा। ईश्वर आपकी आत्मा को शांति दे।' अभिनेता रमाकांत दायमा के निधन पर सिने एंड टीवी आर्टिस्ट्स एसोसिएशन ने भी शोक व्यक्त किया। सोशल मीडिया पर एक शोक संदेश साझा करते हुए एसोसिएशन ने लिखा, 'गहरे दुख के साथ हम श्री रमाकांत दायमा के निधन पर शोक व्यक्त करते हैं, वे एक सम्मानित पूर्व कार्यकारी समिति सदस्य और हमारी इंडस्ट्री का एक खास हिस्सा थे।' वर्षों के अभिनय करियर में रमाकांत दायमा ने कई फिल्मों, टेलीविजन सीरियल और थिएटर प्ले में काम किया। शाहरुख खान अभिनीत चक दे इंडिया के अलावा वह धनक जैसी फिल्मों में नजर आए। रमाकांत दायमा के मौत की पुष्टि उनकी साथी एक्ट्रेस शुभांगी लटकर ने सोशल मीडिया पर की है।

## मेरे कारण-अर्जुन आ गए : दिव्यांका


**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल ये है मोहब्बतें में ईशी मां का रोल से प्रसिद्ध हुईं दिव्यांका त्रिपाठी शादी के 10 साल बाद मां बन गई हैं। उनकी खुशी डबल हो गई है, क्योंकि उन्होंने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया है। दिव्यांका और उनके पति विवेक ने इस खुशखबरी को सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ शेयर किया है। दिव्यांका जुड़वां बच्चों की मां बन गई हैं। 26 मई को दिव्यांका और विवेक ने इंस्टाग्राम पर दो जुड़वां बेटों की तस्वीर वाला पोस्टर शेयर करके खुशखबरी दी। पोस्टर पर लिखा, 'हमने खुशी मांगी थी, भगवान ने कहा, 'दोगुनी खुशी लो।'जुड़वा बेटों का आशीर्वाद मिला है।' दिव्यांका और विवेक ने आगे लिखा, 'इंतजार आखिरकार खत्म हुआ, हमारे बेटे आ गए हैं और जिंदगी हमारी कल्पना से कहीं ज्यादा खूबसूरत लग रही है। मेरे करण अर्जुन आ गए।'



# पिता की पुण्यतिथि पर भावुक हुए संजय, साझा कीं पुरानी तस्वीरें

**मुंबई।** अभिनेता संजय दत्त अपने जीवन के उतार-चढ़ाव के बाद अपने परिवार के बेहद करीब रहे हैं। हाल ही में अपने दिवंगत पिता और दिग्गज अभिनेता सुनील दत्त की 21वीं पुण्यतिथि पर संजय ने उनसे जुड़ी यादें ताजा कीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने परिवार की कुछ पुरानी तस्वीरें साझा करते हुए पिता को याद किया। संजय दत्त अपने पिता के काफी करीब रहे हैं। एक्टर के हर बुरे वक्त में सुनील दत्त उनके साथ मजबूती से खड़े रहे थे। पिता की पुण्यतिथि के मौके पर संजय ने कुछ पुरानी पारिवारिक तस्वीरें साझा कीं। इसमें से एक में जहां वो बचपन में अपने पिता की गोद में बैठे नजर आए। वहीं, एक अन्य तस्वीर में वो बहनों प्रिया-नम्रता दत्त और पिता के साथ खड़े हैं। ये ब्लैक एंड वाइट फोटोज संजय के जवानी के दिनों की याद दिलाती हैं। संजय दत्त ने इन तस्वीरों के साथ एक भावुक कैप्शन लिखा। एक्टर ने लिखा, 'पापा, मैं आपको हमेशा याद करता रहूंगा और आपसे बहुत प्यार करता हूं। आप मेरे जीवन में हमेशा से एक मजबूत स्तंभ रहे हैं। आपके जैसा पिता पाकर मैं खुद को खुशनसीब महसूस करता हूं।' बता दें, अभिनेता सुनील दत्त का निधन 25 मई 2005 में 75 वर्ष की उम्र में हुआ था। उन्हें नींद में ही दिल का दौरा पड़ा था। उनकी पत्नी यानी संजय की मां नरगिस कई साल पहले ही दुनिया को अलविदा कह चुकी थीं। सुनील दत्त का हिंदी सिनेमा में एक अलग मुकाम रहा है। उन्होंने बॉलीवुड को 'एक ही रास्ता' और 'मदर इंडिया' जैसी सफल फिल्में दी हैं। इसके अलावा 'सुजाता', 'गुमराह', 'हमराज', 'पड़ोसन' और 'हीरा' जैसी फिल्मों में उनकी एक्टिंग के लिए आज भी दर्शक उन्हें याद करते हैं। एक सफल करियर के बाद सुनील आखिरी बार बेटे संजय दत्त के साथ ही पर्दे पर दिखाई दिए थे। उन्होंने 2003 में रिलीज हुई संजय दत्त की फिल्म 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' में उनके पिता का किरदार निभाया था।





# कांतारा विवाद के बाद रणवीर ने किए चामुंडेश्वरी देवी मंदिर के दर्शन

**मुंबई।** धुरंधर स्टार रणवीर सिंह मंगलवार को मैसूर के चामुंडेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे। उन्होंने यह कदम धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप लगने के बाद उठाया है। रणवीर सिंह ने यह कदम कांतारा फिल्म में दैव की विवादास्पद मिमिक्री के संबंध में कर्नाटक हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए उठाया। रणवीर सिंह ने मंदिर का दौरा 'कांतारा' मिमिक्री मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट के एक निर्देश के बाद किया है। अप्रैल में रणवीर सिंह ने इस मामले में अदालत में एक हलफनामा जमा किया था और बिना शर्त माफी मांगी थी। इसके बाद अदालत ने उन्हें चार हफ्तों के भीतर चामुंडेश्वरी मंदिर में पूजा करने का आदेश दिया। रणवीर सिंह ने अदालत के आदेश का पालन किया और देवी चामुंडेश्वरी की पूजा की। उनके इस दौरे को काफी हद तक गुप्त रखा गया था। एक्टर को मंगलवार सुबह मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया। उन्होंने मंदिर के गर्भगृह तक पहुंचने तक मास्क पहना हुआ था। बाद में, वे पूजा करने के लिए गर्भगृह में प्रवेश कर गए। यह मामला 30 नवंबर, 2025 को गोवा में आयोजित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया की एक घटना से जुड़ा है। इस समारोह के दौरान, रणवीर सिंह ने 'कांतारा' के उस 'दैव' दृश्य की नकल की थी, जिसमें फिल्म के निर्देशक और अभिनेता ऋषभ शेट्टी नजर आए थे। रणवीर सिंह का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद कन्नड़ भाषी समुदाय के एक वर्ग की ओर से उन्हें कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा। बाद में, रणवीर सिंह ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इस आलोचना का जवाब दिया और अपनी इस हरकत के लिए माफी मांगी। उन्होंने लिखा, 'मेरा मकसद फिल्म में ऋषभ के अभिनय को उजागर करना था।



## 95 साल पहले ऐसे हुई पहले गाने की शूटिंग

# ट्रेन के रुकने का इंतजार, रात को शूटिंग, पेड़ों के पीछे दिया संगीत

*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में जितना प्यार फिल्मों को मिला है, उतना ही प्यार उन फिल्मों के संगीत से भी किया गया है। अब तो मानो हर फिल्म की रूह उसके संगीत को ही माना जाता है। फिल्मों में अगर संगीत ना हो तो मानो वह फिल्में अधूरी सी लगती हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारतीय सिनेमा का पहला गाना कौन सा था? इस गाने की कहानी क्या थी?*



### कैमरे के सामने गाया था लाइव गाना

कुछ आर्काइव रिपोर्ट्स के मुताबिक, उस दौर में बड़े वाद्य यंत्र या फिर कोई खास उपकरण नहीं होते थे। ऐसे में डब्ल्यू. एम. खान ने कैमरे के सामने इस गाने को लाइव गाया था और उनके साथ बजने वाले वाद्य यंत्रों को भी उसी वक्त लाइव बजाया गया था। गाने की रिकॉर्डिंग के दौरान हारमोनियम और एक तबला बजाया गया था। कहा जाता है कि, संगीतकार फिरोजशाह मिस्त्री हारमोनियम और तबला लेकर कैमरे के पीछे, स्टूडियो के एक कोने में छिपकर बैठ गए थे, ताकि वह फ्रेम में न आएं, और उनकी आवाज सीधे माइक्रोफोन में रिकॉर्ड हो सके।

### साल 1931 में आया था पहला गाना

अक्सर लोगों के मन में सवाल आता है कि जिन गानों पर असल में हम झूमते हैं और डांस करते हैं आखिर उन्हीं गानों की सिनेमा में कहानी क्या है? फिल्मों का पहला गाना क्या था, तो इसका जवाब है कि सिनेमा का पहला गाना साल 1931 में आया था। जी हां, भारतीय सिनेमा का पहला गाना है, 'दे दे खुदा के नाम पर प्यारे, ताकत हो गर देने की...'। यह गाना साल 1931 में रिलीज हुई भारत की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' का है। इसी गाने को सिनेमा का पहला गाना कहा जाता है।

### सिंगर नहीं, एक्टर ने गाया था गाना

इस गाने को किसी पेशेवर सिंगर ने अपनी आवाज नहीं दी थी। उस दौर में 'प्लेबैक सिंगिंग' की तकनीक तब उतनी प्रचलित नहीं थी। इस गाने को फिल्म आलम आरा के ही एक अभिनेता डब्ल्यू. एम. खान (वजीर मोहम्मद खान ने गाया था। फिल्म में उन्होंने एक फकीर का किरदार निभाया था और यह गाना उसी फकीर पर फिल्माया गया था, जिसमें उन्होंने ही इसे आवाज दी और उन्होंने ही इस पर एक्ट भी किया था।

### कोई रिकॉर्ड अब नहीं बचा

इन बीते वर्षों में भारत की पहली बोलती फिल्म का कोई रिकॉर्ड अब नहीं बचा है। आलम आरा फिल्म के प्रिंट्स और इसके गानों के ओरिजिनल साउंड ट्रैक अब खो चुके हैं। महज कुछ ही तस्वीरें और रिकॉड्र्स बाकी हैं, जिन्हें संजोकर रखा गया है।

### ज्योति स्टूडियो में की गई थी शूटिंग

जब ये गाना रिकॉर्ड हुआ तो उस दौरान काफी कुछ नया हुआ था। दरअसल 'आलम आरा' फिल्म और इसके गानों की शूटिंग मुंबई के 'ज्योति स्टूडियो' में की गई थी। परेशानी की बात तो यह थी कि ये स्टूडियो रेलवे ट्रैक के पास ही मौजूद था, ऐसे में दिनभर यहां पर ट्रेनों की आवाजाही रहती थी। जब गाने की शूटिंग होती थी तो उस वक्त ट्रेनों का शोर नहीं होता था। उस दौर में सिंगल साउंड सिस्टम से ही रिकॉर्डिंग की जाती थी। ऐसे में हल्का सा भी शोर इसके लिए परेशानी बन जाता, तो जब ट्रेनें रुक जाती थीं तभी गाने की रिकॉर्डिंग की जाती थी। इसलिए गाने और फिल्म की शूटिंग रात के 1 बजे से सुबह 4 बजे के बीच की जाती थी।

haribhoomi.com

# मध्यप्रदेश ने बिखेरी औद्योगिक क्रांति की चमक

हरिभूमि

## पीएम मोदी के 5 सूत्रों को सीएम डॉ.यादव ने अपनाया, तमाम जरूरतों को पूरा किया

### राज्य में निवेश आसान हुआ, और सभी जरूरतें पूरी हुईं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व का फायदा मध्य प्रदेश को मिल रहा है। राज्य के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव उनके एक एक शब्द पर अमल करते हैं जिसके कारण राज्य के विकास को पंख लगे हैं। इसी कड़ी में पीएम मोदी ने 5 प्रमुख बिंदुओं पर बल दिया, जो निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यहां 5 लाख किलोमीटर से अधिक सड़कें बनीं। 100% रेलवे विद्युतीकरण का कार्य पूरा हुआ। राज्य में नए लॉजिस्टिक्स हब और औद्योगिक क्लस्टर विकसित किए हैं। रीवा और ओंकारेश्वर सोलर प्रोजेक्ट्स से मध्यप्रदेश भारत की ग्रीन एनर्जी कैपिटल बना। मध्यप्रदेश में 31,000 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता है, जिसमें 30% नवीकरणीय ऊर्जा शामिल है। मध्यप्रदेश को देश का फूड प्रोसेसिंग हब बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

मिलेट्स (श्री अन्न) और जैविक कृषि के क्षेत्र में नई संभावनाएं दिखाई दे रही है। मध्यप्रदेश में ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल और फार्मा सेक्टर में रिकॉर्ड निवेश आ रहा है।



पीएम नरेंद्र मोदी से मार्गदर्शन लेते हुए सीएम डॉ.मोहन यादव

**पीएम मोदी के 5 सूत्र जिससे निवेश आसान हुआ**

(1) 5 लाख किमी की बेहतरीन चमचमातीं सड़कें
2) 100% रेलवे विद्युतीकरण का कार्य पूरा हुआ
(3) राज्य में नए लॉजिस्टिक्स हब और औद्योगिक क्लस्टर विकसित किए,
(4) मध्यप्रदेश भारत की ग्रीन एनर्जी कैपिटल बना
(5) मध्यप्रदेश देश का फूड प्रोसेसिंग हब बना

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीथमपुर को भारत का डिफेंस और ऑटोमोबाइल हब बनाने की योजना है। ओंकारेश्वर, उज्जैन महाकाल लोक और सांची जैसे धरोहर स्थल वैश्विक आकर्षण के केंद्र बन रहे हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय पर्यटन और हील इन इंडिया ₹अभियान को बढ़ावा दिया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि भारत की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में मध्यप्रदेश की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनकी सरकार की निवेश अनुकूल नीतियों की प्रशंसा की और निवेशकों को प्रदेश में उद्योग स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया। केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर को पार करेगी और मध्यप्रदेश इसमें अहम योगदान देगा।उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत अब विरासत भी, विकास भी की नीति के साथ आगे बढ़ रहा है । केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए उपयोगी नीतियाँ अपनाई गई हैं। लॉजिस्टिक्स हब, एक्सप्रेसवे और औद्योगिक गलियारों का तेजी से विकास हो रहा है। टेक्सटाइल, फार्मा,ऑटोमोबाइल और खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

### भारत के औद्योगिक भविष्य की नींव बना प्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कहना है कि राज्य सरकार ने उद्योग वर्ष घोषित कर नवाचार, तकनीक और निवेश को प्रोत्साहित किया। मध्यप्रदेश को कॉटन कैपिटल ऑफ इंडिया का दर्जा मिला है । चंदेरी और माहेश्वरी साड़ियों को जीआई टैग मिला है, जिससे इनके निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। महाकाल लोक और रामराजा लोक जैसे धार्मिक पर्यटन केंद्रों को विकसित किया गया है। राष्ट्रीय उद्यानों और टाइगर रिजर्वों को इको-टूरिज्म से जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री का कहना है कि भोपाल, इंदौर और जबलपुर में नए टेक्नोलॉजी पार्क विकसित किए जा रहे हैं। राज्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), बायोटेक और इलेक्ट्रिक व्हीकल्स में निवेश को बढ़ावा मिल रहा है। इससे राज्य की युवा प्रतिभाओं का पलायन रुकेगा। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे का बड़ा हिस्सा मध्यप्रदेश से गुजर रहा है, जिससे लॉजिस्टिक्स में सुधार होगा। देवास, पीथमपुर और रतलाम में हजारों एकड़ में नए औद्योगिक क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं। ्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि मध्यप्रदेश भारत के औद्योगिक भविष्य की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

---

### मध्य प्रदेश का औद्योगिक विकास बना नजीर

## सीएम डॉ.यादव ने औद्योगीकरण के लिए 'लोकल से ग्लोबल' दृष्टिकोण अपनाया




मध्यप्रदेश अब औद्योगिक विकास के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए लोकल से ग्लोबल दृष्टिकोण को अपनाया गया है। इस रणनीति के तहत रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और रोड शो जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से निवेशकों और उद्योगपतियों को आकर्षित करने के ठोस प्रयास किए गए हैं। यह पहल न केवल राज्य की आर्थिक समृद्धि को गति दे रही हैं, बल्कि स्थानीय उद्योगों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान भी दिला रही हैं। औद्योगिक विकास की नींव तब मजबूत होती है जब स्थानीय उद्योगों को आवश्यक संसाधन, तकनीकी सहायता और निवेश का अवसर मिलता है। इसी सोच के साथ मध्यप्रदेश सरकार ने बीते कुछ महीनों में संभाग स्तर पर 7 रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किए,

- संभाग स्तर पर 7 रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किए
- स्थानीय व्यापारियों और उद्यमियों से बात कर उनका भरोसा जीता
- नतीजा ये रहा-भरोसा बढ़ा और निवेश की झड़ी लग गई

जिनका उद्देश्य स्थानीय व्यापारियों और उद्यमियों को निवेशकों और बड़े उद्योगपतियों से जोड़ना था।

रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के कारण स्थानीय उद्योगों को राष्ट्रीय पहचान मिली। छोटे और मध्यम उद्यमों को बड़े व्यापारिक नेटवर्क से जोड़ा गया। इससे निवेशकों ने मध्यप्रदेश में उद्योग स्थापित करने की रुचि दिखाई। इसके साथ ही उद्योगों को और अधिक अनुकूल माहौल देने के लिए आवश्यक बदलावों पर विचार किया गया। बढ़ते उद्योगों के कारण युवाओं के लिए नए रोजगार सृजित हुए। इन कॉन्क्लेव्स के माध्यम से एमएसएमई सेक्टर को विशेष बढ़ावा मिला, जिससे छोटे और मझोले उद्योगों को नई उड़ान मिली। प्रदेशभर में रिजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के सफल आयोजन ने निवेशकों का ध्यान आकर्षित किया और मध्यप्रदेश को निवेश के लिए एक मजबूत विकल्प के रूप में स्थापित किया। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और रोड शो जैसे आयोजनों के माध्यम से मध्यप्रदेश सरकार ने यह साबित कर दिया है कि वह न केवल स्थानीय उद्योगों को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि वैश्विक निवेश को भी आकर्षित करना चाहती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य तेजी से औद्योगिक प्रगति की ओर बढ़ रहा है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, आधारभूत संरचना मजबूत होगी और प्रदेश की आर्थिक स्थिति और अधिक सुदृढ़ होगी।

### केंद्र सरकार ने सीएम डॉ. यादव के कामों को सराहा

औद्योगिक क्रांति के इस नए दौर में, मध्यप्रदेश सिर्फ निवेशकों के लिए एक संभावनाओं से भरा प्रदेश नहीं, बल्कि एक ऐसा हब बन गया है जहां उद्योग, व्यापार और नवाचार एक साथ विकसित हो रहे हैं। आने वाले वर्षों में इन प्रयासों का प्रभाव और अधिक स्पष्ट होगा, जिससे प्रदेश न केवल आत्मनिर्भर भारत अभियान में योगदान देगा, बल्कि औद्योगिक क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम करेगा। राजधानी में आयोजित ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट के आयोजन पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और उनके मंत्रिमण्डल सहयोगी तथा अफसरों के टीमवर्क की हौसला अफजाई करते हुए देश के गृहमंत्री अमित शाह ने इस अवसर पर कहा कि यह आयोजन देश को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। प्रधानमंत्री ने ₹विकास की नई उड़ान₹ थीम पर जोर देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश भारत के औद्योगिक और आर्थिक भविष्य का अहम स्तंभ बनेगा। नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज जब दुनिया भारत की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है, तब मध्यप्रदेश जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाएं वैश्विक निवेशकों को आकर्षित कर रही है।



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कुशल नेतृत्व में हो रहे नवाचार

## राज्य सरकार की सेमी कंडक्टर और स्टार्ट-अप पॉलिसी,मील का पत्थर बनी

देश में टियर 2 सिटी टेक्नोलॉजी सेक्टर में लीडर बनकर उभर रहे हैं। इनमें जयपुर, इंदौर और भोपाल भी शामिल हैं। टीयर 1 सिटीज में ट्रैफिक और प्रदूषण जैसी समस्याएं होती हैं। मध्यप्रदेश सरकार ने अपनी नई नीतियों में उद्योग-व्यापार को सहज-सरल बनाने पर ध्यान दिया गया है। मध्यप्रदेश सांस्कृतिक विविधता, खानपान दृष्टि से समृद्ध है। प्रदेश में 9 हवाई अड्डे है और यहाँ से इंटरनेशनल उड़ानें उपलब्ध हैं। प्रदेश में 21 अभायरण्य, 12 नेशनल पार्क और 7 टाइगर रिजर्व और 3 यूनेस्को साइट हैं। मध्यप्रदेश टाइगर और चीता स्टेट भी है। प्रदेश में बिजली सबसे सस्ती दरों पर मिलती है। भोपाल में एयरपोर्ट के पास 200 एकड़ भूमि पर एआई एवं नॉलेज सिटी पर काम चल रहा है। राज्य सरकार डेटा सेंटर स्थापित करने पर 2 रुपए प्रति यूनिट इलेक्ट्रिसिटी सब्सिडी दे रही है। हमने जीसीसी पॉलिसी 2025 के माध्यम से ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का एक बेहतर माहौल तैयार किया है। प्रदेश में फिल्म निर्माण उद्योग तेजी से विस्तार कर रहा है। राज्य सरकार ने सेमी कंडक्टर पॉलिसी, स्टार्ट-अप पॉलिसी लॉन्च की हैं। प्रदेश में आईटी सेक्टर में 100 करोड़ निवेश करने पर 30 करोड़ रुपए की सब्सिडी दी जा रही है। इसी प्रकार ड्रोन टेक्नोलॉजी सेक्टर में 100 करोड़ निवेश करने पर 34 करोड़ और सेमी कंडक्टर में 100 करोड़ निवेश करने पर 38 करोड़ सब्सिडी देने का प्रावधान किया है। समिट में मध्यप्रदेश की मजबूत उद्योग शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हुए, राज्य में मुख्यालय या परिचालन आधारित विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त कंपनियों द्वारा मध्यप्रदेश की प्रौद्योगिकी सफलता एवं वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी उद्यमों को सशक्त बनाने में राज्य की महत्वपूर्ण भूमिका पर देशभर में चर्चा हो रही है। सीईओ इम्पेटस टेक्नोलॉजीज श्री संजीव अग्रवाल ने कहा कि वे पिछले 32 वर्षों से मध्यप्रदेश में कार्यरत हैं।उस समय राज्य में आईटी इकोसिस्टम की शुरुआत हो रही थी।

### ऐसे हुआ अनुकूल वातावरण का निर्माण

मध्यप्रदेश सरकार का व्यावहारिक सहयोग, संवाद के प्रति खुलापन, लागत-प्रभावशीलता पर जोर और गुणवत्तापूर्ण प्रतिभा पर ध्यान, ये सभी कारक मिलकर निवेश और विकास के लिए अत्यंत अनुकूल वातावरण का निर्माण करते हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि आज राज्य वैश्विक ग्राहकों के साथ सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है और निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।यदि कोई निवेशक सतत विकास, मजबूत सरकारी सहयोग और विश्वसनीय पारिस्थितिकी तंत्र की तलाश में है, तो मध्यप्रदेश इसके लिए सबसे उपयुक्त और आदर्श स्थान है।



### प्राकृतिक संसाधनों की भरमार

मध्यप्रदेश में उद्योग काफी हद तक प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर है। यहां चूना पत्थर, कोयला, तिलहन, दालें, बॉक्साइट, लौह अयस्क, हीरा, तांबा अयस्क, मैंगनीज अयस्क, रॉक फॉस्फेट, सिलिका, सोया, कपास और अन्य प्राकृतिक संपदा प्रचुर मात्रा में है। राज्य में कपड़ा, सीमेंट, इस्पात, खाद्य प्रसंस्करण, ऑटोमोबाइल और ऑटो कम्पोनेंट, फार्मा और ऑप्टिकल फाइबर जैसे क्षेत्रों के लिए एक मजबूत औद्योगिक नींव बनी हुई है। राज्य में निवेश को आकर्षित करने के लिए मध्यप्रदेश संसाधनों से समृद्ध राज्य है। प्रगतिशील नीतियों और सक्रिय उपायों के माध्यम से सरकार लगातार कारोबारी माहौल में सुधार कर रही है। मध्यप्रदेश के संसाधनों और निवेश के अवसरों के बारे में निवेशकों में जागरूकता पैदा करने के लिए राज्य सरकार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों की संगोष्ठी का आयोजन करती है। अपने संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग और निवेशकों के लिए एक सुविधाजनक वातावरण बनाने पर ध्यान देते हुए, मध्यप्रदेश बहुत जल्द ही औद्योगिक समुदाय के लिए सबसे पसंदीदा गंतव्य बनने की उम्मीद रखता है।



### मध्यप्रदेश सर्वाधिक निवेश प्रस्ताव लाने वाला देश का तीसरा राज्य

## 104 अरब डॉलर का निवेश और देश में प्रदेश का अपना मॉडल चर्चित

- *आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अभूतपूर्व योगदान*
- *राज्य के पास अपनी प्राकृतिक संपदा की समृध्द विरासत*

मध्यप्रदेश, भारत का दूसरा सबसे बड़ा राज्य है, जो प्राकृतिक संसाधनों, स्वास्थ्यकर वातावरण और उपजाऊ कृषि वातावरण स्थितियों से संपन्न है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था में काफी बदलाव आया है। बाजार की ताकतों ने औद्योगिक क्षेत्रों में निवेश प्रवाह को निर्देशित करना शुरू कर दिया है। आर्थिक विकास के लिए औद्योगिक विकास में निवेश बढ़ाना, मध्यप्रदेश के लिए प्रमुख केंद्रित क्षेत्रों में से एक है। तेजी से विकसित हो रहा यह राज्य विभिन्न क्षेत्रों में भारी व्यापार के अवसर प्रदान करता है। मध्यप्रदेश में निवेशकों को परियोजना के स्थान, बुनियादी ढांचे, प्रोत्साहन और अन्य सुविधाओं के मामले में बेहतर विकल्प उपलब्ध है। वर्तमान समय में विभिन्न चरणों में 104 अरब से अधिक अमेरिकी डॉलर वाले निवेश के प्रस्ताव हैं। बड़ी बात ये है कि मप्र में जिस तरह का इंफ्रास्ट्रक्चर डवलप किया गया है वो चर्चित हो रहा है।

मध्यप्रदेश विकास और अवसरों का केंद्र होने के साथ निवेशकों और उद्योगपतियों के लिए उन चुनिंदा राज्यों में है, जहां प्राकृतिक संसाधन, उद्योग-अनुकूल नीतियां, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और सहयोगी सरकार सभी निवेशकों के लिए आदर्श वातावरण तैयार कर रहे हैं। प्रदेश में 18 नई उद्योग-अनुकूल नीतियां, विस्तृत लैंड बैंक, भरपूर जल उपलब्धता, स्किल्ड मानव संसाधन, उत्कृष्ट लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी और पारदर्शी प्रशासन निवेशकों को सर्वोत्तम सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। सभी राज्यों के बीच औद्योगिक विकास की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा चल रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश के सभी राज्यों को आगे बढ़ने का समान अवसर मिल रहा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था आज भी उहापोह की स्थिति में है, ऐसी परिस्थिति में भी भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। भारत के लोकतंत्र में 'जियो और जीने दो' की भावना समाहित है। उद्योग-व्यापार से कई लोगों के जीवन में सवेरा आता है। इससे पवित्र काम कुछ नहीं हो सकता है। मध्यप्रदेश विकास के सभी सेक्टर्स में लगातार आगे बढ़ रहा है। प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर भी कई बड़े पुरस्कार मिले हैं। हमारे टूरिज्म सेक्टर में सबसे अच्छे रिजल्ट देखने को मिल रहे हैं। पिछले दो साल में हमने प्रदेश में दो नए टाइगर रिजर्व बनाए हैं। मध्यप्रदेश टाइगर और वल्चर स्टेट तो है ही, हमारी धरती पर चीता भी तेजी से अपना कुनबा बढ़ा रहा है।

**निवेश के व्यापक अवसर:** मध्यप्रदेश में होटल, हास्पिटल, एआई, ड्रोन, सेमी कंडक्टर निर्माण एवं अन्य कई व्यवसाय स्थापित करने पर अनुदान दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खोलने की शुरुआत की है। जिससे प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को गति मिलेगी और हमें पर्याप्त संख्या में डाक्टर्स भी मिलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रिन्यूएबल एनर्जी, ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, फार्मा, आईटी और पेट्रो केमिकल्स जैसे सभी प्रमुख सेक्टर्स में निवेश के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं।

### ऐसे मजबूत हुआ मप्र

**मजबूत अर्थव्यवस्था** : अवधि के दौरान 9.5% के प्रभावशाली सीएजीआर के साथ भारत में सबसे तेजी से बढ़ रहा राज्य

**मजबूत औद्योगिक बुनियादी ढांचा** : औद्योगिक निवेश की सुविधा के लिए 231 अधिसूचित औद्योगिक क्षेत्र, 19 विकास केंद्र, चार अधिसूचित विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) और 12 उत्पाद विशिष्ट औद्योगिक पार्क।

**रणनीतिक स्थान** : भारत के केंद्र में स्थित, देश भर के सभी प्रमुख बाजारों और प्रथम स्तरीय शहरों के करीब।

**शांतिपूर्ण माहौल** : राज्य में निवेश प्रक्रिया की निर्बाध सुविधा के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने कई निवेशक अनुकूल नीतियां बनाई है और एकल खिड़की सचिवालय, म. प्र. ट्रायफेक का निर्माण किया है।

**बेहतरीन कनेक्टिविटी** : 99403 किमी. की मजबूत सड़क का नेटवर्क, जो राज्य को एक आदर्श स्थल, केंद्रीकृत विनिर्माण और वितरण का केंद्र बनाता है।

**औद्योगिक उपयोग के लिए बड़े पैमाने पर भूमि** : राज्य भर में विभिन्न रणनीतिक स्थानों पर औद्योगिक उपयोग के लिए 16,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि।

**मजबूत उपभोक्ता आधार** : 70 लाख से अधिक की आबादी के साथ, बड़े शहरों की 40% विकास दर की तुलना में राज्य की दशक की शहरीकरण विकास दर 26% की है।

### सुविधा संपन्न राज्य

- उद्योग अनुकूल प्रशासन का निर्माण और एक पैनी औद्योगिक संवर्धन नीति।
- छोटे, मध्यम और कुटीर उद्यमों के विकास के लिए राज्य, सुविधाजनक वातावरण प्रदान करता है।
- यहां विशेष आर्थिक क्षेत्र है।
- उद्योगों के लिए विश्वसनीय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करता है।
- प्रमुख औद्योगिक शहरों के साथ एयर कनेक्टिविटी उपलब्ध है।
- 25 करोड़ रुपए से अधिक निवेश वाली बड़ी निवेश परियोजनाओं के लिए प्रोत्साहन के साथ विशेष पैकेज।
- औद्योगिक पार्क की स्थापना के लिए सहायता।
- पर्यटन परियोजनाओं के लिए रियायतें।
- परियोजना क्लीयरेंस कार्यान्वयन बोर्ड (पीसीबी) के माध्यम से मेगा परियोजनाओं को एकल तालिका मंजूरी। लगभग 2,64,129 करोड़ रुपए लागत वाली परियोजनाएं की है।

D-16014/26

## चिंतन

# घुसपैठियों से सुरक्षा का बड़ा खतरा, संसाधनों पर दबाव

देश की बदलती डेमोग्राफी अब राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक संतुलन से जुड़ा गंभीर विषय बनती जा रही है। खासकर पश्चिम बंगाल, असम और अन्य सीमावर्ती राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों की बढ़ती मौजूदगी ने सरकार के कान खड़े कर दिए हैं। बंगाल में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ चलाए गए अभियान के बाद जिस तरह बड़ी संख्या में लोग सामने आए हैं, उसने यह साबित किया है कि यह समस्या वर्षों से लगातार बढ़ती रही है। पूर्व की सरकारों ने इन्हें आश्रय दिए हैं। अवैध घुसपैठ केवल जनसंख्या संतुलन यानी डेमोग्राफी को प्रभावित नहीं करती, बल्कि देश की सुरक्षा और संसाधनों पर भी दबाव बढ़ाती है। फर्जी दस्तावेजों के सहारे कई घुसपैठिये विभिन्न राज्यों में काम कर रहे हैं। उत्तराखंड, यूपी, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर तक इनके नेटवर्क फैलने की खबरें सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय है। कई मामलों में नशा, हथियार तस्करी और सेना व अर्धसैनिक बलों की जासूसी जैसी गतिविधियों में भी इनके शामिल होने की आशंका जताई गई है। अब यह केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं रहता, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, संसाधनों और सामाजिक संतुलन के लिए गंभीर चुनौती बन जाता है। केंद्र सरकार द्वारा देश में "असामान्य जनसंख्या बदलाव" की जांच के लिए हाई-लेवल कमेटी का गठन इसी चिंता का संकेत है कि समस्या अब राजनीतिक बहस से आगे बढ़कर राष्ट्रीय विमर्श का विषय बन चुकी है। सीमावर्ती राज्यों में वर्षों से अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा उठता रहा है। राजनीतिक स्वार्थों और वोट बैंक की राजनीति ने इस समस्या को समय रहते गंभीरता से नहीं लिया। ये लोग केवल मजदूरी या छोटे-मोटे रोजगार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ऑनलाइन ट्रांसपोर्ट, गिग वर्क, किराए के मकानों और पहचान आधारित सुविधाओं तक पहुंच बना चुके हैं। इससे सुरक्षा एजेंसियों के सामने पहचान और सत्यापन की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। सबसे गंभीर पहलू यह है कि अवैध घुसपैठ केवल जनसंख्या का मामला नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ प्रश्न है। दुनिया इस समय युद्ध, साइबर हमलों और खुफिया गतिविधियों के दौर से गुजर रही है। सूचना आज सबसे बड़ा हथियार बन चुकी है। ऐसे में यदि सीमाओं के रास्ते बिना सत्यापन के लोग देश में प्रवेश करें और वर्षों तक फर्जी पहचान के साथ रह सकें, तो यह किसी भी राष्ट्र के लिए खतरनाक स्थिति है। कई मामलों में विदेशी जासूसी नेटवर्क, तस्करी और आतंकी गतिविधियों से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी ने इस खतरे को और स्पष्ट किया है। इसके साथ ही देश के संसाधनों पर बढ़ता दबाव भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। भारत पहले से ही रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास जैसी बुनियादी जरूरतों के दबाव से जूझ रहा है। सरकारें जिन योजनाओं और सुविधाओं को देश के नागरिकों के लिए तैयार करती हैं, उन पर अवैध रूप से रह रहे लोगों का बोझ बढ़ने से स्थानीय आबादी प्रभावित होती है। गरीब और मध्यम वर्ग के नागरिकों के हिस्से की सुविधाएं कम पड़ने लगती हैं। यह स्थिति सामाजिक असंतोष और प्रतिस्पर्धा को जन्म देती है, जो आगे चलकर सांप्रदायिक और क्षेत्रीय तनाव का कारण बन सकती है। ऐसे समय में अवैध रूप से रह रहे विदेशी तत्व देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि सरकार डेमोग्राफी के बदलते प्रभाव को गंभीरता से लेते हुए घुसपैठियों की पहचान करे, सीमा सुरक्षा मजबूत बनाए और उन्हें वापस भेजने की प्रभावी कार्रवाई करे।

## मंथन

**अम्बरीष प्रजापति**



# डिजिटल प्रतिरोध या एल्गोरिदम का खेल

लोकतंत्र की आत्मा संवाद में बसती है। संवाद और प्रतिरोध लोकतांत्रिक परंपराएं रही हैं। जब संवाद की भाषा में मर्यादा की सीमाएं टूटने लगती हैं, तो समाज विरोध के नए रास्ते तलाश लेता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार देश के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने 15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए बेरोजगार युवाओं और सोशल मीडिया, आरटीआई एक्टिविस्ट की तुलना कॉकरोच और समाज के परजीवियों से कर दी। जब इस टिप्पणी का विरोध हुआ तो 16 मई को जस्टिस सूर्यकांत ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि मेरी टिप्पणी को कांट-छांट कर एवं गलत अर्थों में पेश किया गया। मैंने फर्जी डिग्री वाले कुछ युवाओं के लिए कहा था, लेकिन तब तक यह टिप्पणी सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी थी। उनकी इस टिप्पणी ने देश के युवाओं की दुखती रग पर हाथ रख दिया था। युवा पहले से ही बेरोज़गारी, पेपर लीक और व्यवस्था की उदासीनता से जूझ रहे थे। इसके जवाब में देश के युवाओं ने सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने या पारंपरिक तरीके से नारेबाजी करने के बजाय इंटरनेट के युग में डिजिटल प्रतीकात्मक आंदोलन करना चुना – व्यंग्य, हास्य और मीम। इसी बीच सोशल मीडिया पर वर्चुअल 'कॉकरोच जनता पार्टी' का जन्म हुआ। इसने चंद ही दिनों में देश की सबसे बड़ी और स्थापित राजनीतिक पार्टियों के फॉलोअर्स की संख्या को पीछे छोड़कर सोशल मीडिया पर एक नया इतिहास रच दिया। इससे बड़े-बड़े राजनीतिक विश्लेषक हैरत में पड़ गए। यह महज एक सोशल मीडिया ट्रेंड नहीं, बल्कि इसे देश के युवाओं का व्यवस्था के प्रति एक गहरा प्रतीकात्मक विरोध बताया गया।

सवाल यह है कि इस डिजिटल राजनीतिक मोर्चे की नींव किसने रखी और इसके पीछे की वास्तविक मंशा क्या थी? क्या यह कॉकरोच जनता पार्टी का डिजिटल अभियान वास्तव में युवाओं के मुद्दों के लिए चलाया गया या कोई नैरेटिव/ एजेंडा तो नहीं? इसे समझना आवश्यक है। कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके हैं, जो पुणे से पत्रकारिता की पढ़ाई करने के बाद वर्तमान में अमेरिका की बोस्टन यूनिवर्सिटी से पब्लिक रिलेशंस में मास्टर्स कर रहे हैं। दिपके कोई नौसिखिए इंटरनेट यूजर नहीं हैं बल्कि राजनीतिक संचार और सोशल मीडिया नैरेटिव बिल्डिंग के रणनीतिकार हैं। वर्ष 2020 में दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी की सोशल मीडिया टीम में काम किया था। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बीजेपी के नेताओं ने दावा किया कि इन फॉलोअर्स में एक बहुत बड़ा हिस्सा 'बॉट्स' (फर्जी कंप्यूटर अकाउंट्स) का है, जिनका संचालन पाकिस्तान, बांग्लादेश और अन्य देशों से किया जा रहा है। कॉकरोच जनता पार्टी लोकतांत्रिक ढांचे के लिए एक चेतावनी की तरह है। यह इस बात का संकेत है कि भविष्य के चुनाव केवल जमीनी स्तर पर नहीं, बल्कि डिजिटलमैनिपुलेशन और एल्गोरिदमके जरिए भी लड़े जा सकते हैं। इस सटायरिकल डिजिटल मूवमेंट को मीडिया थ्योरीज से समझते हैं। रूसी दार्शनिक मिखाइलबख्तिन ने सदियों पहले कार्निवलेस्क का सिद्धांत दिया था जिसके अनुसार लोक संस्कृति में आम जनता हास्य और प्रतीकों के जरिए अपनी बात रखती थी और प्रतिरोध करती थी। सीजेपी का इसी कार्निवलेस्क सिद्धांत के तहत प्रतिरोध है। यह प्रतीकात्मक आंदोलन डिजिटल संचार की उन आधुनिक कूटनीतियों पर टिका है जो पारंपरिक मीडिया के पूरे ढांचे को चुनौती देती है। मैकोम्ब्स और शॉ का 'एजेंडा-सेटिंग' सिद्धांत कभी यह दावा करता था कि एजेंडे मुख्यधारा का मीडिया तय करता है। कॉकरोच जनता पार्टी का यह डिजिटल मूवमेंट नेटवर्क एजेंडा सेटिंग के जरिए काम कर रहा है। जहां इंटरनेट पर पैरोडी घोषणा पत्रों, व्यंग्यात्मक मीम्स और हैशटैग्स को वायरल किया जाता है। जो सोशल मीडिया के एल्गोरिदम को प्रभावित करते है। इस पूरे प्रकरण से यह साफ है कि जनता को यह समझना होगा कि हर चमकती हुई चीज सोना नहीं होती और सोशल मीडिया पर दिखने वाले फॉलोअर्स असली जनसमर्थन का प्रतीक नहीं होते। इस तरह के डिजिटल संगठनों के उभार, उनके पीछे छिपे अज्ञात चेहरों और फंडिंग के स्त्रोतों की गहन जांच होनी चाहिए ताकि हमारे देश की संप्रभुता और लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया को किसी भी तरह के बाहरी या आंतरिक डिजिटल मैनिपुलेशन से बचाया जा सके। जब तक इस आभासी संगठन के पीछे के सच को पूरी तरह नहीं समझ लेते, तब तक किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी और देश के लोकतंत्र को इस तरह के सैटिरिकल से बचाए रखना होगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



**संक्रमण**
**महेन्द्र तिवारी**

> भारत में फिलहाल इबोला का कोई पुष्ट मामला सामने नहीं आया है, लेकिन सरकार कोई जोखिम लेने के पक्ष में नहीं है। कोविड महामारी के दौरान मिले अनुभवों के आधार पर इस बार पहले से ही तैयारी शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय लगातार विश्व स्वास्थ्य संगठन और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के संपर्क में है ताकि ताजा जानकारी मिलती रहे और जरूरत पड़ने पर तुरंत कदम उठाए जा सकें। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है लेकिन सावधानी बहुत जरूरी है। यदि कोई व्यक्ति हाल में प्रभावित देशों से लौटा हो और उसे बुखार, कमजोरी, उल्टी या रक्तस्राव जैसे लक्षण महसूस हों तो उसे तुरंत अस्पताल जाकर जांच करानी चाहिए।

# इबोला के खतरे के बीच भारत सतर्क

अफ्रीका के कुछ देशों में इबोला विषाणु के नए और बेहद खतरनाक प्रकोप ने पूरी दुनिया को एक बार फिर से चिंता और सतर्कता की स्थिति में ला खड़ा किया है। युगांडा और कांगो जैसे देशों में तेजी से फैल रहे इस घातक संक्रमण को देखते हुए भारत ने भी अपनी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं और विशेषकर हवाई अड्डों पर निगरानी को अत्यधिक कड़ा कर दिया है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने नई और सख्त मानक संचालन प्रक्रिया लागू करते हुए विमानन कंपनियों और हवाई अड्डा प्रशासन को विशेष निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों का मुख्य उद्देश्य किसी भी संभावित संक्रमित व्यक्ति की समय रहते पहचान करना और इस बीमारी को देश के भीतर फैलने से रोकना है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 17 मई 2026 को इस प्रकोप को अंतरराष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति घोषित कर दिया। संगठन के अनुसार कांगो और युगांडा में तेजी से फैल रहे संक्रमण ने वैश्विक चिंता को बढ़ा दिया है। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार 246 संदिग्ध मामले और 80 मौतें दर्ज की गई थीं, लेकिन बाद में यह संख्या लगातार बढ़ती चली गई। कई रिपोर्टों में 600 से अधिक संदिग्ध मामलों और 139 से अधिक मौतों का उल्लेख किया गया है। कुछ ताजा रिपोर्टों में 900 से अधिक संदिग्ध मामलों और 220 संभावित मौतों की भी आशंका जताई गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह संक्रमण बंडिबुग्यो प्रकार के इबोला विषाणु से जुड़ा हुआ है। इस प्रकार को बेहद खतरनाक इसलिए माना जा रहा है क्योंकि इसके लिए अब तक कोई स्वीकृत और पूरी तरह प्रभावी टीका उपलब्ध नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी स्वीकार किया है कि इस प्रकार के संक्रमण के लिए अभी केवल सहायक उपचार ही संभव है। यही कारण है कि संक्रमित व्यक्ति की जल्दी पहचान और उसे तुरंत अलग करना सबसे प्रभावी उपाय माना जा रहा है। भारत सरकार ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर विशेष निगरानी शुरू कर दी है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई जैसे बड़े हवाई अड्डों पर अतिरिक्त स्वास्थ्य दल तैनात किए गए हैं। अफ्रीकी देशों से आने वाले यात्रियों की उष्मीय जांच की जा रही है ताकि बुखार या संक्रमण के शुरुआती संकेत तुरंत पकड़े जा सकें। यात्रियों से स्वास्थ्य घोषणा पत्र भी भरवाए जा रहे हैं जिनमें उनकी पिछली यात्राओं और स्वास्थ्य स्थिति से संबंधित जानकारी ली जा रही है। इबोला का सबसे खतरनाक पहलू इसका लंबा उद्भवन काल माना जाता है। संक्रमण के बाद लक्षण सामने आने में 2 से 21 दिन तक का समय लग सकता है। इस दौरान संक्रमित व्यक्ति सामान्य दिखाई दे सकता है, लेकिन वह दूसरों को संक्रमित करने की क्षमता रखता है। इसी कारण भारत में आने वाले यात्रियों की पिछले 1 महीने की यात्रा जानकारी को बारीकी से जांचा जा रहा है। यदि कोई यात्री हाल में प्रभावित देशों में गया हो या वहां से होकर आया हो तो उस पर अतिरिक्त निगरानी रखी जा रही है। हवाई अड्डों पर विशेष पृथक कक्ष बनाए गए हैं ताकि किसी यात्री में लक्षण मिलने पर उसे तुरंत सामान्य लोगों से अलग किया जा सके। ऐसे यात्रियों के रक्त और अन्य नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशालाओं में भेजा जा रहा है।





स्वास्थ्य मंत्रालय ने अस्पतालों को भी तैयार रहने के निर्देश दिए हैं। डॉक्टरों और नर्सों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे संक्रमण से सुरक्षित रहते हुए मरीजों का इलाज कर सकें। सुरक्षात्मक कपड़े, दस्ताने और उच्च गुणवत्ता वाले मास्क के उपयोग को अनिवार्य किया गया है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने विमानन कंपनियों को भी सख्त निर्देश दिए हैं। यदि उड़ान के दौरान कोई यात्री अचानक तेज बुखार, उल्टी, कमजोरी या रक्तस्राव जैसे लक्षण दिखाता है तो चालक दल को तुरंत वायु यातायात नियंत्रण और स्वास्थ्य अधिकारियों को सूचना देनी होगी। कुछ मामलों में संदिग्ध यात्रियों को विमान में अलग सीटों पर बैठाने और उनके संपर्क में आए यात्रियों की जानकारी सुरक्षित रखने के निर्देश भी दिए गए हैं ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनसे संपर्क किया जा सके। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार इबोला दुनिया की सबसे घातक बीमारियों में से एक है। यह बीमारी संक्रमित व्यक्ति के खून, पसीने, उल्टी, लार या शरीर के अन्य तरल पदार्थों के संपर्क से फैलती है। इसके शुरुआती लक्षण सामान्य वायरल बुखार जैसे लग सकते हैं। मरीज को तेज बुखार, सिरदर्द, गले में दर्द, कमजोरी और मांसपेशियों में दर्द होता है। बाद में उल्टी, दस्त और गंभीर स्थिति में आंतरिक या बाहरी रक्तस्राव शुरू हो सकता है। यही कारण है कि शुरुआती पहचान को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। युगांडा और कांगो में स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। कई स्वास्थ्यकर्मी भी संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेतावनी दी है कि संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों, सीमित स्वास्थ्य सुविधाओं और स्थानीय अविश्वास के कारण संक्रमण को नियंत्रित करना बेहद कठिन हो रहा है। कुछ इलाकों में उपचार केंद्रों पर हमले तक किए गए हैं, जिससे राहत कार्य प्रभावित हुए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि आज की दुनिया पहले की तुलना में कहीं अधिक जुड़ी हुई है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों और व्यापार के कारण कोई भी संक्रमण कुछ घंटों में दूसरे महाद्वीप तक पहुंच सकता है। यही कारण है कि अमेरिका, कनाडा, सिंगापुर और यूरोप के कई देशों ने भी यात्रियों की अतिरिक्त जांच और निगरानी शुरू कर दी है। कई देशों ने प्रभावित क्षेत्रों की यात्रा को लेकर चेतावनी भी जारी की है। भारत में फिलहाल इबोला का कोई पुष्ट मामला सामने नहीं आया है, लेकिन सरकार कोई जोखिम लेने के पक्ष में नहीं है। कोविड महामारी के दौरान मिले अनुभवों के आधार पर इस बार पहले से ही तैयारी शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय लगातार विश्व स्वास्थ्य संगठन और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के संपर्क में है ताकि ताजा जानकारी मिलती रहे और जरूरत पड़ने पर तुरंत कदम उठाए जा सकें। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है लेकिन सावधानी बहुत जरूरी है। यदि कोई व्यक्ति हाल में प्रभावित देशों से लौटा हो और उसे बुखार, कमजोरी, उल्टी या रक्तस्राव जैसे लक्षण महसूस हों तो उसे तुरंत अस्पताल जाकर जांच करानी चाहिए। बीमारी को छिपाना या इलाज में देरी करना समाज के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।

लोगों को हाथों की सफाई, संक्रमित व्यक्ति से दूरी और स्वास्थ्य संबंधी निर्देशों का पालन करना चाहिए। इबोला के बढ़ते मामलों ने दुनिया को एक बार फिर यह याद दिलाया है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को हर समय तैयार रहना चाहिए। महामारी केवल स्वास्थ्य संकट नहीं होती बल्कि वह सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक चुनौती भी बन जाती है। यदि समय रहते तैयारी न की जाए तो छोटी सी लापरवाही भी बड़े संकट में बदल सकती है। फिलहाल भारत की कोशिश यही है कि यह बीमारी देश की सीमाओं तक पहुंचे ही नहीं और यदि कोई मामला सामने आए भी तो उसे तुरंत नियंत्रित किया जा सके ताकि देश की जनता सुरक्षित रह सके।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# रिलेशनशिप रखने इन बातों की बांध लें गांठ



संकलित
**दर्शन**

किसी संबंध का आरंभ आकर्षण से होता है। यदि आप आसानी से उसे प्राप्त कर लेते हैं, तो आकर्षण समाप्त हो जाता है। किंतु यदि प्राप्ति में बाधा उत्पन्न होती है तो उसके प्रति प्रेम का जन्म होता है। जब आप प्रेम का अनुभव करते हैं तो कुछ समय के पश्चात मांग उठती है। जब आप मांगना शुरू करते हैं, तो प्रेम घट जाता है। मांग प्रेम को नष्ट कर देती है। आनंद दूर हो जाता है, तो आप कहते हैं, 'ओह, मैंने यह संबंध बनाकर भूल की है।' फिर उससे बाहर निकलने के लिए संघर्ष और पीड़ा से गुजरना पड़ता है। इससे बाहर निकलने के बाद आप एक अन्य संबंध बनाते हैं, और वही कहानी दोहराई जाती है। किसी भी संबंध को बनाए रखने में तीन बातें आवश्यक हैं : समुचित धारणा, समुचित अवलोकन और समुचित अभिव्यक्ति। अक्सर लोग कहते हैं कि कोई भी उन्हें नहीं समझता है। कोई भी मुझे नहीं समझता है, ऐसा कहने के बजाय आप कह सकते हैं कि मैं स्वयं को ठीक से व्यक्त नहीं कर पाता हूं। यदि आप एक स्पेनिश व्यक्ति से रूसी भाषा बोलते हैं, तो वह निश्चित रूप से नहीं समझेगा। सही धारणा तब हो सकती है, जब आप स्वयं को दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण से देखते हैं। सही धारणा, फिर सही अवलोकन। आपकी धारणा समुचित हो सकती है, लेकिन आप प्रतिक्रिया किस प्रकार देते हैं? आप अपने भीतर कैसा अनुभव करते हैं? अपने स्वयं के मन का निरीक्षण करना दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है। आपके भीतर संवेदना तथा प्रवृत्तियों के अवलोकन के साथ संस्कारों का अवलोकन भी आवश्यक है।


# ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार स्वामी विवेकानद जी अपने आश्रम में एक छोटे पालतू कुत्ते के साथ टहल रहे थे। तभी अचानक एक युवक उनके आश्रम में आया और उनके पैरों में झुक गया और कहने लगा- स्वामीजी मैं अपनी जिंदगी से बड़ा परेशान हूँ। मैं प्रतिदिन पुरुषार्थ करता हूँ लेकिन आज तक मैं सफलता प्राप्त नहीं कर पाया। पता नहीं ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है, जो इतना पढ़ा-लिखा होने के बावजूद भी मैं नाकामयाब हूँ। युवक की परेशानी को स्वामीजी ने तुरंत समझ लिया। उन्होंने युवक से कहा- भाई! थोड़ा मेरे इस कुत्ते को कहीं दूर तक सैर करा दो। उसके बाद मैं तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर दूंगा। उनकी इस बात पर युवक को थोड़ा अजीब लगा लेकिन दोबारा उसने कोई प्रश्न नहीं किया और कुत्ते को दौड़ाते हुए आगे निकल पड़ा। कुत्ते को सैर कराने के बाद, जब वह युवक आश्रम में पहुंचा तो यह देखा कि युवक का चेहरा तेज है लेकिन उसका छोटा कुत्ता थक के जोर-जोर से हांफ रहा था। स्वामीजी ने पूछा- भाई, मेरा कुत्ता इतना कैसे थक गया? तुम तो बड़े शांत दिख रहे हो। क्या तुम्हें थकावट नहीं हुई? युवक ने कहा- स्वामीजी, मैं धीरे-धीरे आराम से चल रहा था, लेकिन मेरा कुत्ता अशांत था। सभी जानवरों के पीछे दौड़ता था, इसीलिए बहुत थक गया था। तब विवेकानंद ने कहा- भाई, तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर तो यही है! तुम्हारा लक्ष्य तुम्हारे आसपास है, लेकिन तुम उससे दूर चलते हो। अन्य लोगों के पीछे दौड़ते रहते हो और तुम जो चाहते हो वह दूर हो जाता है। युवक ने विवेकानंद के उत्तर से संतुष्ट होकर अपनी गलती को सुधारने का निर्णय लिया।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### रुपए का अवमूल्यन चुनौती भी, अवसर भी

पश्चिम एशिया में जारी तनाव, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और बढ़ती महंगाई के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था एक नए दबाव का सामना कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऊर्जा की बचत की अपील और आर्थिक मंदी की आशंका व्यक्त करना इसी चिंता को दर्शाता है। होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव के कारण कच्चे तेल, गैस और उर्वरकों की कीमतों में तेज बढ़ोतरी हुई है, जिससे भारत का आयात बिल काफी बढ़ गया है। इसका सीधा असर भारतीय रुपए पर पड़ रहा है और अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि भविष्य में रुपया प्रति डॉलर 100 रुपए के स्तर तक पहुंच सकता है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। रुपए का अवमूल्यन चुनौती भी है, और अवसर भी है।

*– अशोक साहू, जगदलपुर*

## ट्रेंड

### जनमानस परिवर्तन



देश जनमानस परिवर्तन जैसे गंभीर मुद्दों पर निर्णायक कदम उठा रहा है। यह मुद्दा केवल जनसंख्या परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और सांस्कृतिक संरचना से भी जुड़ा है।
**-अन्नपूर्णा देवी,** केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### मुफ्त राशन




अब दिल्ली सरकार की ओर से 25 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवारों को भी मुफ्त राशन मिलेगा। नई सीबीडीसी-आधारित प्रणाली के माध्यम से राशन का लाभ सीधे लोगों के खातों में पहुंचेगा।
**- रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### देश की बर्बादी



यह एक तरह का धीमा जहर है जो गरीबों को तबाह कर रहा है। मोदी सरकार हर दिन थोड़ा-थोड़ा करके कीमतें बढ़ा रही है। अगर एक हफ्ते में कीमतें 10-12 रुपये बढ़ जाती हैं, तो इसका मतलब है कि मोदी जी इन मुद्दों पर ध्यान नहीं देना चाहते और देश को बर्बादी की ओर धकेल रहे हैं।
**- मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस


### आंतरिक शांति का संदेश



ऐसे समय में जब दुनिया संघर्ष, तनाव, विभाजन और अशांति का सामना कर रही है, गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर का करुणा, सहअस्तित्व और आंतरिक शांति का संदेश पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक प्रतीत होता है। संवाद और मानवता में उनका विश्वास लाखों लोगों को प्रेरित करता रहता है।
**- विक्रमजीत सिंह,** राज्यसभा सदस्य

## करंट अफेयर

# गर्मियों के दौरान वायु गुणवत्ता अधिक खराब हो सकती है



दुनिया भर में वायु प्रदूषण को किसी भी अन्य पर्यावरणीय जोखिम की तुलना में समय से पहले होने वाली अधिक मौतों से जोड़ा जाता है। इससे फेफड़ों के कैंसर, श्वसन संक्रमण, हृदय एवं फेफड़ों संबंधी बीमारियों तथा अन्य कारणों से मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है। कनाडा जैसे देशों में भी, जहां वायु प्रदूषण को आमतौर पर कम जोखिम वाला माना जाता है, हर साल 17,000 से अधिक समयपूर्व मौतें और 140 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के आर्थिक नुकसान इससे जुड़े हैं। भारी उद्योगों और जंगलों में लगने वाली आग से उत्पन्न प्रदूषण बाहरी हवा को इतना दूषित कर सकता है कि वह तत्काल स्वास्थ्य जोखिम पैदा करने लगती है। जलवायु परिवर्तन तापमान, हवाओं और वर्षा के स्वरूप में बदलाव के जरिए वायु गुणवत्ता को और खराब कर सकता है, जिससे प्रदूषकों का उत्सर्जन बढ़ता है। वर्ष 2100 तक अमेरिका में 10 करोड़ लोग गर्मियों के दौरान अस्वास्थ्यकर हवा में सांस लेने को मजबूर हो सकते हैं। यह संख्या वर्ष 2000 की तुलना में सात गुना अधिक होगी। शोध के अनुसार यदि वायु को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो लोगों के सामने या तो घरों के भीतर रहने जैसे बचाव उपाय अपनाने अथवा बीमारी और मृत्यु के बढ़े हुए जोखिम का सामना करने का विकल्प होगा।

## ऑफ बीट

# क्या छोटे व्यायाम सत्र भी उपयोगी हो सकते हैं ?

'माइक्रोडोज़िंग' शब्द की शुरुआत साइकेडेलिक ड्रग्स की बेहद कम मात्रा में सेवन को लेकर हुई थी, जिससे मूड और प्रदर्शन में सुधार हो सके और दुष्प्रभाव कम हों। अब यह शब्द किसी भी चीज़ की अल्प मात्रा में खपत के लाभ को संदर्भित करने लगा है–जिसमें व्यायाम भी शामिल है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि कोई व्यक्ति समयाभाव के कारण 30 मिनट की दौड़ नहीं कर सकता, तो छोटे–छोटे व्यायाम सत्र भी स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हो सकते हैं। कम से कम कितना चलना जरूरी है ।विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, वयस्कों को सप्ताह में कम से कम 150 मिनट का मध्यम तीव्रता वाला एरोबिक व्यायाम (जैसे कि तेज़ चलना) या 75 मिनट का तीव्र व्यायाम (जैसे दौड़ना) करना चाहिए। यह व्यायाम दौड़ना, तैरना, साइकिल चलाना या टीम स्पोर्ट्स जैसी गतिविधियां हो सकती हैं। साथ ही, मांसपेशियों को मज़बूत करने वाले व्यायाम (जैसे भार उठाना या स्प्रिंटिंग) सप्ताह में दो बार करना भी आवश्यक है। क्या घरेलू काम भी व्यायाम है? रोज़मर्रा की गतिविधियां जैसे बच्चों के साथ खेलना या बस स्टॉप तक पैदल जाना भी कुल शारीरिक गतिविधि में योगदान देती हैं। जैसे कि पोछा लगाना आदि मध्यम तीव्रता की गतिविधियों के अंतर्गत आ सकते हैं।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# स्वास्थ्य अवसंरचना सर्वोच्च मानकों की होनी चाहिए, गुणवत्ता से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं

## सीएम नायब ने बड़ी विकास परियोजनाओं की समीक्षा की, कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में एक उच्च स्तरीय 'प्रगति' समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें राज्यभर में चल रही 75 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाली प्रमुख विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने प्रत्येक परियोजना का कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश देते हुए सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य क्षेत्र की तीन बड़ी परियोजनाओं पर विशेष चर्चा हुई। फरीदाबाद सिविल अस्पताल में बनने वाले 'मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल' एवं सर्विस ब्लॉक के संबंध में अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि इसका कार्य 28 प्रतिशत पूरा हो चुका है तथा यह परियोजना 18 जनवरी 2028 तक पूर्ण हो जाएगी।

इसके साथ ही, सोनीपत सिविल अस्पताल परिसर में

**मुख्यमंत्री ने युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए जिला स्तर पर जॉब फेयर बढ़ाने के**



138.12 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे 100 बिस्तरों वाले मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल के संबंध में अधिकारियों ने बताया कि इसका 20 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है तथा यह परियोजना 19 अक्टूबर 2027 तक पूर्ण कर ली जाएगी।

वहीं, असंध, करनाल में 76.19 करोड़ रुपए की लागत से 100 बिस्तरों वाले अस्पताल के निर्माण कार्य के संबंध में अधिकारियों ने जानकारी दी कि इसका 25 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है।

### विकासात्मक एवं इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को गति देने पर जोर

विकासात्मक एवं इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को गति देने के लिए सरकार द्वारा प्रशासनिक निगरानी को और कड़ा किया गया है। फरीदाबाद के सेक्टर-78 में 378.90 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर के संबंध में अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि इसका 50 प्रतिशत भौतिक कार्य पूरा हो चुका है तथा यह परियोजना फरवरी 2027 तक पूर्ण होने का अनुमान है।

शिक्षा एवं कृषि क्षेत्र के तहत करनाल में 422.54 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय परिसर के निर्माण कार्य के संबंध में अधिकारियों ने बताया कि इसका कार्य 43 प्रतिशत तक पहुंच चुका है।

### पानीपत शुगर मिल में इथेनॉल प्लांट स्थापना को मंजूरी

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को जानकारी देते हुए बताया कि सहकारिता विभाग के तहत पानीपत शुगर मिल्स में 200 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से 90 केएलपीडी क्षमता का नया मल्टी-फीड इथेनॉल प्लांट स्थापित करने को मंजूरी मिल गई है। इसकी निविदा प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के लिए मामला हाई-पावर्ड परचेज कमेटी के समक्ष भेजा जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि यह परियोजना वर्ष 2027-28 के दौरान पूर्ण हो जाएगी।

### अग्निशमन सेवा के आधुनिकीकरण और आपदा प्रबंधन को मिलेगा बल

मुख्यमंत्री को यह भी अवगत कराया गया कि अग्निशमन सेवा को आधुनिक बनाने के लिए जींद के खेड़ी मसानिया में 100 करोड़ की लागत से बनने वाले फायर ट्रेनिंग सेंटर के लिए भूमि की रजिस्ट्री कराई जा चुकी है तथा ड्राइंग-डिजाइन तैयार करने के लिए 2 करोड़ रुपये की राशि पीडब्ल्यूडी को हस्तांतरित कर दी गई है। इसके साथ ही, आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 120 करोड़ रुपए की लागत से 104 मीटर ऊंचे एरियल लैडर प्लेटफॉर्म की खरीद के लिए मंजूरी उपरांत संशोधित आरपीएफ सरकार को भेज दिया गया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि सभी परियोजनाओं में निर्धारित नियमों एवं समय-सीमा का पालन अनिवार्य है। किसी भी स्तर पर देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

---

### पूर्व बीजेडी सांसद देबाशीष भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** ओडिशा के पूर्व राज्यसभा सांसद देबाशीष सामंतराय ने मंगलवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। बीजद से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने के बाद देबाशीष सामंतराय ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देना चाहता हूं। उनके कार्यक्रमों और व्यक्तित्व से प्रेरित होकर भाजपा में शामिल हो रहा हूं।



### मीरा रोड में बकरीद से पहले बवाल, दो गुट भिड़े

**मुंबई।** यहां के मीरा रोड इलाके में ईद उल अजहा से पहले उस समय तनाव फैल गया, जब एक हाउसिंग सोसायटी में कुर्बानी के लिए लाए गए बकरों को लेकर विवाद शुरू हो गया। पूनम क्लस्टर सोसायटी के कुछ लोगों ने परिसर के अंदर बकरों को रखने का विरोध किया। यह विवाद बढ़ गया और दो पक्षों के बीच झड़प की स्थिति बन गई।



### कालाहांडी में दम घुटने से 6 की मौत

**कालाहांडी।** ओडिशा के कालाहांडी के मदनपुर रामपुर थाना इलाके के कार्लखुंटा गांव में निर्माणाधीन सेप्टिक टैंक में प्रवेश करने के बाद दम घुटने से 6 लोगों की मौत हो गई। यह घटना सेंटरिंग के दौरान घटी, जब एक मजदूर को बचाने के चक्कर में कई घुस गए।

---

**राजधानी में मंगलवार को हुई क्वाड की बैठक से इतर दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने किए इस समझौते पर हस्ताक्षर**

# अब नहीं चलेगी चीन की दादागिरी, भारत और अमेरिका के बीच हुआ दुर्लभ खनिज समझौता

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



अब वो दिन ज्यादा दूर नहीं जब दुर्लभ खनिजों और पृथ्वी तत्वों के मामले में दुनिया में बना हुआ चीन का एकाधिकार खत्म हो जाएगा। क्योंकि मंगलवार को नई दिल्ली में हुई क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर इसे लेकर भारत और अमेरिका के बीच एक महत्वपूर्ण समझौते हुआ है। जिस पर विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर और उनके अमेरिकी समकक्ष, विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने हस्ताक्षर किए हैं। समझौते को 'फ्रेमवर्क ऑन सिक्योरिंग ऑफ सप्लाई इन द माइनिंग एंड प्रोसेसिंग ऑफ क्रिटिकल मिनरल्स एंड रेयर अर्थस' का नाम दिया गया है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि समझौते की मदद से जटिल खनिजों के खनन और प्रसंस्करण की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक रूपरेखा तैयार की गई है। यहां बता दें कि दोनों देशों के बीच यह समझौता एक ऐसे समय पर हुआ है। जब भारत बीते समय में अमेरिका के नेतृत्व में इस विषय पर गठित किए गए पैक्स सिलिका समूह में आधिकारिक रूप से शामिल हुआ है।

### सही समय पर उठाया गया कदम

डॉ.जयशंकर ने कहा कि यह समझौता सही समय पर किया गया एक बेहद महत्वपूर्ण कदम है। जिससे जटिल खनिजों और पृथ्वी तथ्वों के खनन और प्रसंस्करण, पुनर्निर्माण और निवेश के साथ बेहतर सप्लाई चेन सुनिश्चित करने को लेकर भारत और अमेरिका के बीच सहयोग को और अधिक गहराई प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही लचीली और विविधतापूर्ण सप्लाई चेन के अलावा जटिल खनिजों और पृथ्वी तत्वों के अपशिष्ट से जुड़ी हुई परियोजनाओं को लेकर वित्तपोषण सहित प्रभावी प्रबंधन करने में भी मदद मिलेगी। इसके अलावा यह समझौता इस बात को भी बखूबी प्रमाणित करता है कि चुनौतियों और अवसरों से भरी हुई इस दुनिया में हमारा सहयोग कितना मजबूत और घनिष्ट रहा है।

### आगे बढ़ेगा मोदी-ट्रंप का विजन

मंत्रालय ने कहा कि यह हस्ताक्षरित रूपरेखा एक प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फरवरी 2025 में वाशिंगटन डीसी में हुई बैठक में तय किए गए विजन को आगे बढ़ाने की दिशा में एक मील के पत्थर के समान है। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों द्वारा जारी किए गए संयुक्त बयान में उभरती हुई तकनीक, उन्नत मैन्युफैक्चरिंग के साथ ही एक सुरक्षित और लचीली सप्लाई चेन स्थापित करने के लिए दुर्लभ खनिजों के रणनीतिक महत्व को रेखांकित किया गया था। दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने इसे भारत और अमेरिका की साझा रणनीतिक प्राथमिकता बताया था।

### जटिल क्षेत्रों में बढ़ेगा सहयोग

समझौते से दोनों देशों के बीच निरंतर सहयोग को मजबूती मिलेगी। इसका एक लक्ष्य जटिल और दुर्लभ खनिजों के क्षेत्र में सप्लाई चेन सुरक्षा को भी पुख्ता बनाना है। 20 फरवरी 2026 को भारत, अमेरिकी नेतृत्व वाले पैक्स सिलिका कदम के साथ बतौर हस्ताक्षरकर्ता देश के रूप में जुड़ा है। भारत ने एक अन्य महत्वपूर्ण घोषणापत्र पर भी हस्ताक्षर किए हैं। जिसे हम द्विपक्षीय भारत-अमेरिका एआई संभावना साझेदारी के रूप में मानते हैं। जयशंकर ने इस मामले पर वाशिंगटन डीसी में 4 फरवरी 2026 को आयोजित की गई विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत का नेतृत्व किया था। दोनों देश भू-सामरिक गतिविधियों से जुड़े मंच (एफओआरजीई) से संबंधित कदम में भागीदारी कर रहे हैं।

### हर समय रहेगी उपलब्धता: रुबियो

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि मैंने बीते कुछ दिनों में भारत में हुई अपनी तमाम वार्ताओं में दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को खासी अहमियत दी है। क्योंकि इसका संबंध भारत, अमेरिका के राष्ट्रीय हितों से है। महत्वपूर्ण खनिजों और आपूर्ति श्रृंखलाओं तक विश्वसनीय दीर्घकालिक पहुंच सुनिश्चित करने में हमारे रणनीतिक हित हैं। यह हमारी नवाचार अर्थव्यवस्थाओं के लिए भी अहम है। दुर्लभ खनिजों और पृथ्वी तत्वों का संबंध नवाचार उद्योगों की आधारभूत सामग्रियों को एकल स्रोत एकाधिकारों के प्रति असुरक्षित नहीं छोड़ सकते हैं। जो हमें न केवल संघर्ष के समय पर बल्कि हमारे संप्रभु राष्ट्रीय हितों के खिलाफ एक लाभ के रूप में इन चीजों से वंचित कर सकते हैं। यह भारत-अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी का एक ठोस उदाहरण पेश करता है।

---

**रखरखाव पर मंत्री गडकरी ने की समीक्षा**

## सुरक्षित राजमार्गों के लिए समयबद्ध कार्यनिष्पादन, गुणवत्तापूर्ण निर्माण पर जोर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को पंजाब में 4,335 किमी और दिल्ली और हरियाणा में 3,332 किमी की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की गुणवत्ता और रखरखाव की प्रगति की समीक्षा की। नई दिल्ली में समीक्षा में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा और हर्ष मल्होत्रा तथा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों और परियोजना ठेकेदारों ने भाग लिया।

### जमीनी स्तर पर काम में तेजी लाने पर ध्यान केंद्रित करने पर ज़ोर

गडकरी ने बैठक में राजमार्ग परियोजनाओं के जमीनी स्तर पर कार्य निष्पादन में तेजी लाने और उन्हें समय पर पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदारों से तालमेल बढ़ाने और परियोजना की समय-सीमा का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने परियोजना गुणवत्ता की निरंतर निगरानी के महत्व पर जोर देते हुए एजेंसियों को राष्ट्रीय राजमार्गों के स्थायित्व और लंबे समय तक व्यावहारिक उपयोग बढ़ाने के लिए आधुनिक निर्माण प्रौद्योगिकियों और सर्वोत्तम इंजीनियरिंग प्रथा अपनाने के निर्देश दिए।

### टिकाऊपन,निर्बाध संपर्क मार्ग पर विशेष बल

गडकरी ने पंजाब, दिल्ली और हरियाणा के प्रमुख राजमार्गों पर यात्रा गुणवत्ता बेहतर बनाने और निर्बाध सड़क संपर्क सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों से निर्माण और रखरखाव में उच्च मानकों को प्राथमिकता देने को कहा, जिससे यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और अधिक कुशल यात्रा अनुभव मिले। गडकरी ने रखरखाव कार्यों में दायित्वपूर्ण रुख अपनाने और कमियों की पहचान कर समय से मरम्मत का काम पूरा करने के लिए नियमित निरीक्षण पर जोर दिया।

### मानसून की अग्रिम तैयारी के निर्देश

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने अधिकारियों को सभी परियोजनाओं में मानसून की तैयारी हेतु अग्रिम उपाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने मानसून काल में मार्ग व्यवधान में कमी तथा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मार्ग से प्रभावी जल निकासी प्रबंध, ढलान संरक्षित रखने के उपाय और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र अपनाने के महत्व पर जोर दिया। गडकरी ने संबंधित एजेंसियों को सतर्कता बरतने तथा जलभराव, भू-कटाव और मौसम संबंधी अन्य चुनौतियों से तत्परता से निपटकर निर्बाध यातायात सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

---

**पंजाब के युवाओं से की नशा छोड़ने की अपील**

## तरुण चुघ के साथ यो यो हनी ने उठाया लस्सी का गिलास

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने मशहूर रैपर और पंजाबी सिंगर यो यो हनी सिंह के साथ लस्सी का गिलास उठाते हुए मंगलवार को पंजाब के युवाओं से नशा छोड़ने की अपील की। यो यो हनी सिंह ने मंगलवार को बीजेपी नेता तरुण चुघ के साथ मुलाकात की है। भाजपा नेता चुघ ने अपने एक्स हैंडल पर मुलाकात की फोटो भी शेयर की।

यो यो हनी सिंह ने युवाओं से नशा छोड़ने की अपील की, साथ ही कहा कि युवा पंजाब की पहचान को अपनाएं। उन्होंने युवाओं से कहा कि दूध, दही, लस्सी पीएं और नशीले पदार्थों से दूर रहें। वहीं, तरुण चुघ ने कहा कि आज पंजाब की शान, युवाओं के दिलों पर राज करने वाले प्रसिद्ध गायक यो यो हनी सिंह जी से मुलाकात कर पंजाब को नशामुक्त बनाने के संकल्प पर सार्थक चर्चा हुई। अगर हनी सिंह वापसी कर सकते हैं तो पंजाब का युवा भी नई शुरुआत कर सकता है। आइये हम सब



मिलकर पंजाब को नशामुक्त बनाने का संकल्प लें।

चुघ ने कहा कि हनी सिंह ने बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपना नाम कमाया है। गलत राह पर जाने के बाद उन्होंने आठ साल तक संघर्ष किया, वापसी की और सिंगिंग की दुनिया में फिर से नंबर-1 बन गए। उनकी यह कहानी बेहद प्रेरणादायक है। तरुण चुघ ने हनी सिंह से गुजारिश की कि वे अपनी आवाज और गानों के जरिए पंजाब के बच्चों को हेरोइन, स्मैक और हशीश जैसे नशों से बाहर निकालने के लिए प्रेरित करें।

---

**मामले में दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश**
**हरियाणा के मुख्य सचिव तथा रेवाड़ी के एसपी को नोटिस जारी**

## एनएचआरसी ने रेवाड़ी में 3 श्रमिकों की मृत्यु की घटना पर स्वतः संज्ञान

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने मीडिया में प्रकाशित उन समाचारों पर स्वतः संज्ञान लिया है, जिनके अनुसार 19 मई 2026 को हरियाणा के रेवाड़ी जिले के एक औद्योगिक क्षेत्र में स्थित रासायनिक कारखाने में हुए विस्फोट में छह व्यक्ति घायल हो गए। बताया गया है कि कारखाने के चिलिंग प्लांट में मरम्मत कार्य चल रहा था, तभी विस्फोट के कारण आग लग गई। उपचार के दौरान 20 मई 2026 को एक श्रमिक की अस्पताल में मृत्यु हो गई। दो अन्य श्रमिकों के कंकाल अवशेष कारखाने से बरामद किए गए।

आयोग ने अवलोकन किया है कि समाचार रिपोर्ट की सामग्री, यदि सत्य है, तो यह पीड़ितों के मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मामला उठाती है। इसलिए, आयोग ने हरियाणा के मुख्य सचिव तथा रेवाड़ी के पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी कर मामले में दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। रिपोर्ट में घायलों के स्वास्थ्य की स्थिति तथा मृतकों के परिजनों और घायलों को प्रदान किए गए मुआवजे, यदि कोई हो, का विवरण शामिल किए जाने की अपेक्षा की गई है।

**परिजनों और घायलों को मुआवजे, यदि कोई हो, का विवरण शामिल किए जाने की अपेक्षा की**

पिछले पाँच दिनों के दौरान प्रकाशित हुईं मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, उक्त कारखाने में घरेलू तथा विदेशी बाजारों के लिए रासायनिक उत्पाद, औद्योगिक स्याही और एल्युमिनियम फॉयल का निर्माण किया जाता है। कई विस्फोटों के बाद कारखाने के लगभग 300 कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

---

## केंद्र ने प्याज का न्यूनतम सुनिश्चित खरीद मूल्य 1,270 से बढ़ाकर 1,580 रु. प्रति क्विंटल किया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने प्याज के भंडार का न्यूनतम सुनिश्चित खरीद मूल्य 1,270 से बढ़ाकर 1,580 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है। संशोधित न्यूनतम सुनिश्चित खरीद मूल्य राज्य सरकारों के अनुरोध पर किया गया है, जो मंगलवार से लागू हो गया है। इस संबंध में उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को नई दिल्ली में उपभोक्ता मामलों के विभाग, भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ के अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता की। एक पोस्ट में, जोशी ने कहा कि यह बैठक गुणवत्ता वाले प्याज भंडार की प्रभावी खरीद को सुविधाजनक बनाने और किसानों को बेहतर लाभ सुनिश्चित करने के लिए आयोजित की गई थी।

### नासिक में प्याज किसानों ने सरकारी खरीद मूल्य के विरोध में प्रदर्शन किया

महाराष्ट्र के नासिक जिले में मंगलवार को विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) नेताओं के नेतृत्व में बड़ी संख्या में प्याज किसानों ने सरकारी खरीद मूल्य के विरोध में प्रदर्शन किया और व्यस्त मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध कर दिया। पुलिस ने चांदवाड कस्बे में 'कांदा उत्पादक शेतकरी क्रांति महामोर्चा' द्वारा यातायात बाधित किए जाने के बाद हस्तक्षेप किया और प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया, जहां कुछ आंदोलनकारियों ने राजमार्ग पर फंसे वाहनों के टायरों की हवा निकालने की भी कोशिश की।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के विधायक रोहित पवार, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता अंबादास दानवे और कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने बैलगाड़ी पर बैठकर रैली का नेतृत्व किया, बाद में पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

प्रदर्शन के दौरान पवार ने कहा कि सरकार ने प्याज के लिए 1,580 रुपए प्रति क्विंटल का मूल्य घोषित किया है, जिससे किसान संतुष्ट नहीं हैं। किसानों को प्याज का 24 रुपए प्रति किलोग्राम का भाव मिलना चाहिए। सरकार हमारे आंदोलन से डरी हुई है। मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और अन्य मंत्री बुधवार को दिल्ली जाएंगे। अब देखना होगा कि आगे क्या होता है। प्याज उत्पादकों ने प्याज के लिए 3,000 रुपए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), बिक चुकी उपज पर 1,500 रुपए प्रति क्विंटल सब्सिडी, निर्यात प्रतिबंध वापस लेने तथा सहकारी संस्था नेफेड द्वारा प्याज खरीद में कथित भ्रष्टाचार की विस्तृत एवं निष्पक्ष जांच की मांग की।

---

## कच्चा तेल सस्ता तो पेट्रोल- डीजल का रेट हर दिन क्यों बढ़ाया जा रहा: खड़गे

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष ने पेट्रोल और डीज़ल की बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम हुई हैं, तब भी देश में पेट्रोल-डीज़ल के दाम लगातार ऊंचे क्यों बने हुए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी अपने बयान में खड़गे ने कहा कि 26 मई 2014 को जब प्रधानमंत्री ने सत्ता संभाली थी, उस समय भारतीय बास्केट का कच्चा तेल 108.05 डॉलर प्रति बैरल था और डॉलर के मुकाबले रुपया 58.59 पर था। उस समय पेट्रोल 71.51 रुपए और डीज़ल 56.71 रुपए प्रति लीटर बिक रहा था। खड़गे ने दावा किया कि वर्तमान में कच्चे तेल की कीमत 99 डॉलर प्रति बैरल से नीचे है, इसके बावजूद पेट्रोल और डीज़ल की कीमतें बढ़कर क्रमशः 102.12 रुपए और 95.20 रुपए प्रति लीटर पहुंच गई हैं। उनके अनुसार, पिछले 12 वर्षों में पेट्रोल लगभग 42.8 प्रतिशत और डीज़ल करीब 67.9 प्रतिशत महंगा हो चुका है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पेट्रोल और डीज़ल की महंगाई का सीधा असर परिवहन, खाद्य वस्तुओं और आम आदमी की रोजमर्रा की जिंदगी पर पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता को राहत देने के बजाय मुनाफाखोरी में लगी हुई है। खड़गे ने सवाल किया कि जब कच्चा तेल सस्ता हुआ है, तो आम जनता को इसका लाभ क्यों नहीं मिल रहा। उन्होंने केंद्र सरकार से पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों में राहत देने की मांग की।

---

**दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने लोगों को राहत देने उठाए कई कदम**

# पीएम वाणी में बड़ा सुधार: क्यूआर स्कैन से मिलेगा वाईफाई कनेक्शन, छोटे रिचार्ज प्लान और हॉटस्पॉट से मिलेगी सुविधा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस ढांचे के तहत आम उपभोक्ताओं को राहत देने वाले कई बड़े और उपयोगकर्ता-अनुकूल सुधारों की घोषणा की है। इन नए बदलावों का उद्देश्य देशभर में सस्ती, आसान और भरोसेमंद डिजिटल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना है। संचार मंत्रालय के अनुसार, नई व्यवस्था के तहत अब लैपटॉप और अन्य सेकेंडरी डिवाइसों के लिए क्यूआर कोड आधारित प्रमाणीकरण की सुविधा दी जाएगी। इससे उपयोगकर्ताओं को बार-बार लॉगिन या जटिल सत्यापन प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ेगा और कुछ ही सेकंड में सुरक्षित तरीके से वाई-फाई से जुड़ना संभव होगा।

इसके अलावा पीएम -वाणी नेटवर्क में अब छोटे और लचीले अवधि वाले वाई-फाई प्लान भी उपलब्ध कराए जाएंगे। यानी उपभोक्ता अपनी जरूरत के हिसाब से कुछ घंटों, एक दिन या सीमित समय के लिए कम कीमत वाले इंटरनेट पैक चुन सकेंगे। इससे छात्रों, यात्रियों, छोटे कारोबारियों और अस्थायी इंटरनेट उपयोग करने वालों को विशेष लाभ मिलने की उम्मीद है। सरकार ने पीएम-वाणी हॉटस्पॉट के नामों को भी मानकीकृत करने का फैसला किया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लोग आसानी से असली और भरोसेमंद हॉटस्पॉट की पहचान कर सकें। नकली नेटवर्क या फर्जी वाई-फाई कनेक्शन के खतरे को कम करने में मदद मिलेगी और इंटरनेट सेवाओं की विश्वसनीयता बढ़ेगी।

संचार मंत्रालय ने सभी पीएम-वाणी हितधारकों और सेवा प्रदाताओं को निर्देश दिया है कि संशोधित दिशा-निर्देशों को लागू करते हुए जुलाई तक इन सुविधाओं को पूरे नेटवर्क इकोसिस्टम में पूरी तरह चालू किया जाए। सरकार का कहना है कि ये सुधार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'डिजिटल इंडिया' विजन को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इन पहलों के जरिए देश के हर नागरिक तक सुलभ, किफायती और तेज इंटरनेट कनेक्टिविटी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। पीएम - वाणी योजना के तहत देशभर में सार्वजनिक स्थानों, दुकानों, रेलवे स्टेशनों, बाजारों और ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक वाई-फाई हॉटस्पॉट स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि डिजिटल सेवाओं तक लोगों की पहुंच आसान हो सके और इंटरनेट उपयोग को बढ़ावा मिले।

## खबर संक्षेप

### रुपया 47 पैसे टूटकर 95.73 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में फिर से आई तेजी के बीच मंगलवार को रुपया 47 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.73 (अस्थायी) पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि मजबूत अमेरिकी मुद्रा और घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी ने भी रुपये पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 95.43 के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान इसने 95.33 के ऊपरी एवं 95.76 के निचले स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में यह 95.73 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा जो पिछले बंद भाव से 47 पैसे की गिरावट है। सोमवार को रुपया 34 पैसे मजबूत होकर 95.26 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

### बीएसएनएल का राजस्व दो साल में 19 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल का राजस्व बुनियादी ढांचे में सुधार के कारण दो साल में लगभग 19 प्रतिशत बढ़कर 25,000 करोड़ रुपये हो गया। बयान में संचार राज्यमंत्री चंद्र शेखर पेम्मासानी के प्रसार भारती को दिए गए एक साक्षात्कार का हवाला देते हुए कहा गया है कि बीएसएनएल के बदलाव के लिए सुनियोजित दृष्टिकोण अपनाये जाने से इसके वित्तीय प्रदर्शन में सुधार हुआ है। पेम्मासानी ने कहा, 'वित्तीय सुधार उल्लेखनीय है।

### अदाणी ग्रीन की बीईएसएस की क्षमता बढ़कर 3.37 गीगावाट

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने मंगलवार को कहा कि उसने गुजरात के खावड़ा में अपनी बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) की परिचालन क्षमता बढ़ाकर 3.37 गीगावाट घंटा कर दी है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि मार्च, 2026 में 1.37 गीगावाट घंटा की क्षमता जोड़ने के बाद उसकी कुल परिचालन बीईएसएस क्षमता बढ़कर 3.37 गीगावाट घंटा हो गई है।

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# भारतीय शेयर बाजार को लगा बड़ा झटका, छोटे से देश 'ताइवान' ने पछाड़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनिया भर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई को लेकर मची होड़ अब शेयर बाजारों की तस्वीर भी बदलने लगी है। इसी बदलाव का असर अब भारत पर भी दिखा है, जहां ताइवान ने कुल मार्केट कैप के मामले में भारतीय शेयर बाजार को मामूली अंतर से पीछे छोड़ दिया है। ताइवान का बाजार काफी केंद्रित है और वहां कुछ बड़ी टेक कंपनियों का दबदबा है। इसके उलट भारतीय बाजार कई सेक्टर्स में फैला हुआ है और यहां निवेश का आधार कहीं ज्यादा व्यापक है। भारतीय बाजार की यही विविधता उसे लंबी अवधि में ज्यादा स्थिर बनाती है।

## एआई को लेकर मची होड़ अब शेयर बाजारों की तस्वीर बदल रही

### एआई बूम ने बदल दिया ताइवान का खेल

ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के मुताबिक, ताइवान का कुल मार्केट कैप बढ़कर 4.95 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया है, जबकि भारत का मार्केट कैप 4.92 ट्रिलियन डॉलर पर आ गया। इस बढ़त के साथ ताइवान दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा शेयर बाजार बन गया है। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह एआई सेक्टर में भारी निवेश को माना जा रहा है। दुनिया भर के निवेशक इस समय चिप, मेमोरी और एआई इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने वाली कंपनियों में पैसा लगा रहे हैं। इसका सबसे बड़ा फायदा ताइवान की दिग्गज कंपनी टीएसएमसी को मिला है।




### अकेली टीएसएमसी ने खींचा पूरा बाजार

ताइवान के मुख्य इंडेक्स टायेक्स में टीएसएमसी की हिस्सेदारी करीब 42 फीसदी है। यही वजह है कि कंपनी के शेयरों में तेजी का असर सीधे पूरे बाजार पर दिखाई देता है। इस साल एआई बूम के कारण टीएसएमसी का शेयर करीब 49 फीसदी तक चढ़ चुका है। सेबी प्रमुख ने इसी को ताइवान बाजार का "कंसंट्रेटेड नेचर" बताया। उनका कहना था कि अगर कुछ बड़ी कंपनियों में जबरदस्त तेजी आ जाए तो पूरा मार्केट कैप अचानक ऊपर निकल सकता है। भारत का बाजार इस मामले में अलग है क्योंकि यहां बैंकिंग, आईटी, ऑटो, एफएमसीजी, फार्मा, इंफ्रा और मैन्युफैक्चरिंग जैसे कई सेक्टर्स मिलकर बाजार को सपोर्ट करते हैं।

### विदेशी बिकवाली से भारतीय बाजार पर दबाव

इस साल भारतीय शेयर बाजार पर लगातार विदेशी निवेशकों की बिकवाली का दबाव बना हुआ है। ऊंचे वैल्यूएशन, रुपए की कमजोरी और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने विदेशी फंड्स को सतर्क कर दिया है। यही वजह है कि कई ग्लोबल निवेशकों ने भारतीय बाजार से पैसा निकालकर टेक और एआई आधारित बाजारों की तरफ रुख किया। आईएमएफ के अनुमान के मुताबिक भारत की जीडीपी करीब 4.15 ट्रिलियन डॉलर है, जबकि ताइवान की अर्थव्यवस्था करीब 977 बिलियन डॉलर की है। यानी असली अर्थव्यवस्था के आकार में भारत अब भी काफी आगे बना हुआ है।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर

# दाम बढ़ने से जून में पांच प्रतिशत पर पहुंच सकती है खुदरा मुद्रास्फीति : अर्थशास्त्री

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी और सोने-चांदी पर आयात शुल्क में वृद्धि के चलते खुदरा मुद्रास्फीति जून तक बढ़कर करीब पांच प्रतिशत तक जा सकती है। हालांकि, अर्थशास्त्रियों का मानना है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ब्याज दरों में किसी भी बदलाव से पहले स्थिति का आकलन करने के लिए 'इंतजार और निगरानी' की नीति अपनाएगा। 15 मई से शुरू हुई 11 दिन की अवधि में पेट्रोल की कीमतों में 7.38 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 7.48 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो चुकी है। विश्लेषकों के अनुसार, ईंधन की कीमतों में यह वृद्धि परिवहन, भंडारण और आंशिक रूप से बिजली जैसे क्षेत्रों की लागत बढ़ाकर महंगाई पर सीधा असर डालेगी।

- सोने-चांदी पर आयात शुल्क में वृद्धि का भी प्रभाव पड़ेगा

**खास बातें**

- आरबीआई ब्याज दरों में इंतजार करो की नीति अपनाएगा
- रेपो दर में बदलाव का असर सीमित हो सकता है



### सरकार ने सराफा पर आयात शुल्क किया 15 प्रतिशत

इसके अलावा, सरकार ने 13 मई को सोने और चांदी पर आयात शुल्क बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। इस तरह कीमती धातुओं के गैर-जरूरी आयात पर अंकुश लगाने की कोशिश की गई है।

### जून में मुद्रास्फीति 5 फीसदी से नीचे रह सकती है

ईवाई इंडिया के मुख्य नीति सलाहकार डी.के. श्रीवास्तव ने कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में औसतन 7.5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी से खुदरा मुद्रास्फीति में करीब 0.75 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। मई, 2026 में खुदरा मुद्रास्फीति 4-4.5 प्रतिशत और जून में 4.5-5 प्रतिशत के दायरे में रह सकती है। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति में यह वृद्धि लागत पर आधारित होने से रेपो दर में बदलाव का असर सीमित हो सकता है।

### तेजी का रुझान दिख रहा

हालांकि, यदि मुद्रास्फीति पांच प्रतिशत से ऊपर जाती है और उसमें तेजी का रुझान दिखता है, तो केंद्रीय बैंक दरों में बढ़ोतरी कर सकता है। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च की निदेशक मेघा अरोड़ा ने कहा कि जून में खुदरा मुद्रास्फीति चार प्रतिशत से ऊपर जा सकती है, लेकिन आरबीआई के छह प्रतिशत के ऊपरी संतोषजनक स्तर के भीतर रहने की संभावना है।

### आरबीआई तटस्थ रुख अपना सकता है

अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की पांच जून को होने वाली की बैठक में सभी प्रमुख नीतिगत दरों को यथावत रखते हुए 'तटस्थ रुख' बनाए रखा जा सकता है। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में 42 महीने के उच्चस्तर 8.3 प्रतिशत पर पहुंच गई, जबकि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति 3.48 प्रतिशत रही।

# शेयर बाजार में दो दिन से जारी तेजी पर विराम

**मुंबई (एजेंसी)।** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 479 अंक टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 118 अंक की गिरावट आई। ईरान के दक्षिणी भाग में अमेरिकी हमले की रिपोर्ट के बाद कच्चे तेल के दाम में आई तेजी के बीच बाजार में गिरावट आई। कारोबारियों के अनुसार, इसके अलावा रुपये में गिरावट के बीच वित्तीय और बैंक शेयरों में बिकवाली से भी बाजार नुकसान में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 479.26 अंक यानी 0.63 प्रतिशत टूटकर 76,009.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय इसमें 579.28 अंक की गिरावट आई और यह 75,909.68 अंक पर आ गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 118 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,913.70 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''दक्षिणी ईरान में अमेरिकी सैन्य अभियानों की खबरों के बाद अमेरिका-ईरान शांति समझौते की उम्मीद कम हुई है। इससे कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया और रुपये में कुछ समय की तेजी के बाद फिर से गिरावट देखने को मिली।'' सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल, ट्रेंट, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस, टाइटन और एचडीएफसी बैंक में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टेक महिंद्रा, इटर्नल, मारुति और अदाणी पोर्ट्स शामिल हैं। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.27 प्रतिशत और छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.26 प्रतिशत की बढ़त में रहे। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि विमानन, पेंट, रसायन, लॉजिस्टिक और सीमेंट जैसे ईंधन-गहन क्षेत्रों में कच्चे माल की बढ़ती लागत के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के. ने कहा, ''कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और अनुकूल वैश्विक संकेतों के बीच बाजार में शुरू में स्थिरता देखी गई। हालांकि, ईरान पर अमेरिकी हमलों की खबरों के बाद बाजार का माहौल तेजी से बिगड़ गया।

- सेंसेक्स 479 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **धीरज** पुत्र महावीर निवासी डी–2/146, नंद नगरी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 222/2017, धारा 379/411/34 भा.द.स., थाना गोकलपुरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **धीरज** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **धीरज** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 222/2017, धारा 379/411/34 भा.द.स., थाना गोकलपुरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **धीरज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **01.07.2026** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री श्रुति सारस्वत,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03, (उत्तर–पूर्व)
कमरा नं. 22, प्रथम तल,
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/6892/NE/2026

# समझौते पर अनिश्चितता के बीच सोना 2,800 रुपये टूटा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतें 2,800 रुपये टूटकर 1.62 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं, क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य तनाव के कारण निवेशकों ने डॉलर की ओर अपना रुख कर लिया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,800 रुपये घटकर 1,62,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। सोमवार को, सोने की कीमत 1,65,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''मंगलवार को सोने की कीमतें नीचे आ गईं और एक सीमित दायरे में रहीं, क्योंकि अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण निवेशकों ने सतर्कता का रुख अपनाया। कूटनीतिक मोर्चे पर कोई सफलता न मिलने के कारण अधिकांश प्रतिभागी बाजार से किनारा किये रहे। हालांकि, सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 2,000 रुपये बढ़कर 2,73,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। पिछले सत्र में यह 2,71,000 रुपये रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# जय प्रकाश आजाद की प्रेरणादायक नई पुस्तक का सीआईएसएफ महानिदेशक द्वारा विमोचन



**नई दिल्ली।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के एआईजी (प्रशासन) जय प्रकाश आजाद द्वारा रचित प्रेरणादायक पुस्तक 'होगी जय... हे पुरुषोत्तम नवीन!'का सीआईएसएफ महानिदेशक द्वारा बल मुख्यालय में विमोचन किया गया। महाकवि निराला की प्रसिद्ध कविता 'राम की शक्ति पूजा' से गहन प्रेरणा लेकर लिखी गई यह पुस्तक आधुनिक जीवन की चुनौतियों, निरंतर संघर्षों और क्षणिक निराशाओं के बीच व्यक्ति को आत्मविश्वास, धैर्य तथा कर्म के सकारात्मक मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रबल प्रेरणा प्रदान करती है। श्रीराम के अदम्य साहस, शक्ति पूजा और अंतिम विजय के माध्यम से पुस्तक हर व्यक्ति के भीतर छिपी पुरुषोत्तम की संभावनाओं को जगाती है तथा उन्हें अपनी क्षमताओं पर विश्वास करने के लिए प्रेरित करती है। लेखक श्री जय प्रकाश आजाद ने स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि यह पुस्तक रामायण का पुनर्लेखन नहीं है, बल्कि श्रीराम के जीवन, संघर्ष, धैर्य और कर्मयोग से सीख लेकर आज की युवा पीढ़ी को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करने का सार्थक प्रयास है। पुस्तक में लेखक ने अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी साझा किया है, जिससे यह और अधिक जीवंत, वास्तविक तथा पाठकों के निकट प्रतीत होती है। सरल, सहज और अत्यंत प्रेरक भाषा शैली में लिखी गई यह पुस्तक युवाओं सहित सभी वर्ग के पाठकों के लिए आत्मविश्लेषण, आत्मविश्वास निर्माण और जीवन प्रबंधन का एक उत्कृष्ट मार्गदर्शक सिद्ध होने वाली है।

**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, टी.डी.पी.पी.,**
**जल संसाधन संभाग,जगदलपुर (छ.ग.)**

:: शुद्धि पत्र क्रमांक-01 ::

नि.आ.सू. क्रमांक 01/वलेलि/26-27 दिनांक 13.05.2026 सिस्टम निविदा क्र. 190526 (प्रथम आमंत्रण) जी नंबर 262700705, नि.आ.सू. क्रमांक 03/वलेलि/26-27 दिनांक 14.05.2026 सिस्टम निविदा क्र. 190691 (प्रथम आमंत्रण) एवं नि.आ.सू. क्रमांक 04/वलेलि/26-27 दिनांक 14.05.2026 सिस्टम निविदा क्र. 190692 (प्रथम आमंत्रण) जी नंबर 262700747, नि.आ.सू. क्रमांक 05/वलेलि/26-27 दिनांक 18.05.2026 सिस्टम निविदा क्र. 191017 (प्रथम आमंत्रण) एवं नि.आ.सू. क्रमांक 06/वलेलि/26-27 दिनांक 18.05.2026 सिस्टम निविदा क्र. 191025 (प्रथम आमंत्रण) जी नंबर 262700858 में कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी पत्र क्रमांक 4211220/नि./सर्कु. /2023-24/4212 दिनांक 21.05.2026 के अनुसार कंडिका 2.1.1, 2.6 एवं 4.0 में संशोधन किया जाता है। विस्तृत विवरण छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में देख सकते हैं।
टीप :- निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेंगीं।

कार्यपालन अभियंता
टी.डी.पी.पी. जल संसाधन
संभाग,जगदलपुर

G-262700998/5

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।

**वृष** — व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आयेगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**मिथुन** — लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।

**कर्क** — कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**सिंह** — रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**कन्या** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा–क्षणे तुष्टा की मन :स्थिति रहेगी।

**तुला** — नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद–विवाद से बचें।

**वृश्चिक** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं।

**धनु** — नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

**मीन** — आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

# के2 इनफ्राजेन को बड़ी सफलता 56.91 करोड़ के दो बड़े प्रोजेक्ट


**गुरुग्राम।** देश के इंफ्रास्ट्रक्चर और कोर इंजीनियरिंग सेक्टर की प्रमुख कंपनी के2 इनफ्राजेन को राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड से कुल 56.91 करोड़ रुपये के दो बड़े प्रोजेक्ट मिले हैं। इन ऑर्डर्स के साथ कंपनी ने पावर ट्रांसमिशन सेक्टर में अपनी मौजूदगी और मजबूत की है। इन प्रोजेक्ट्स के तहत झुंझुनूं के मुकुंदगढ़ में 29.85 करोड़ रुपये की लागत से नया 132/33 केवी ग्रिड सब-स्टेशन और उससे जुड़ी लाइनें बनाई जाएंगी। वहीं बीकानेर के सेरूना में 27.06 करोड़ रुपये की लागत से 220 केवी और 132 केवी ट्रांसमिशन लाइनों का निर्माण किया जाएगा। दोनों प्रोजेक्ट्स को 15 महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। दिसंबर 2025 से अब तक कंपनी को ऊर्जा, टीएंडडी रेलवे और रिन्यूएबल इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में 411.91 करोड़ रुपये के नए ऑर्डर मिल चुके हैं। इसके अलावा कंपनी ने सड़क और रेलवे सेक्टर में करीब 580 करोड़ रुपये के टेंडर्स के लिए भी बोली लगाई है, जिससे कंपनी की तेजी से बढ़ती ऑर्डर बुक और विस्तार की रणनीति का संकेत मिलता है। के2 इनफ्राजेन के फाउंडर ऐंड मैनेजिंग डायरेक्टर, पंकज शर्मा ने कहा कि, "के2 इनफ्राजेन पावर इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में बड़े स्तर पर बेहतर गुणवत्ता के साथ काम करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। राजस्थान और कर्नाटक में सीधे टीएंडडी ऑर्डर मिलने से हमारी संस्था का देश के अलग-अलग हिस्सों में विस्तार बढ़ रहा है और रेवेन्यू विजिबिलिटी भी मजबूत हो रही है। आगे चलकर हम सरकारी प्रोजेक्ट्स के जरिए स्थायी आय बढ़ाने के लिए टीबीसीबी (टैरिफ बेस्ड कॉम्पिटिटिव बिडिंग) के अवसरों को भी तलाशने का लक्ष्य रख रहे हैं।"

# किसानों को संतुलित उर्वरक एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन के दिए टिप्स



**गुरुग्राम।** एसजीटी विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान संकाय द्वारा "सामाजिक विकास, एसजीटी का प्रयास" अभियान के अंतर्गत गांव मांकरोला में "संतुलित उर्वरक उपयोग एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन" विषय पर किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, मिट्टी की उर्वरता संरक्षण तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का मार्गदर्शन डॉ. पूजा पंत, डीन ऑफिशिएटिंग, कृषि विज्ञान संकाय, एसजीटी विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लगभग 41 महिला एवं पुरुष किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. आजाद सिंह पंवार, प्रोफेसर, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन विभाग, डॉ. शक्ति ओम पाठक, सहायक प्रोफेसर, मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग तथा डॉ. ओम प्रकाश सिंह खोला, प्रोफेसर, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन विभाग ने किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, मृदा परीक्षण, जैविक खादों के प्रयोग एवं रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। विशेषज्ञों ने किसानों को वैज्ञानिक खेती अपनाने तथा मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने विशेषज्ञों से अपनी समस्याओं पर चर्चा की और समाधान प्राप्त किए।

## शब्द पहेली - 6238



**बाएँ से दाए**
1. राजा का पुत्र-5
4. मन को हरने वाला-4
7. काल,समय,पीरियड-2
8. खोदना-3
9. मोटा आटा-2
10. पशु,मवेशी-4
11. जलापूर्ति का साधन-2
13. पुत्र,बेटा-3
14. क्षार,खारा-2
15. दर,मूल्य-3
17. नौका-2
19. नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22. लालन-पालन-5
25. अच्छा,भला-2
26. पूर्ण करना-3
28. गोष्ठी,सम्मेलन-2
29. हुनरमंद-3
30. पिता का भाई -2
32. कुरुपता-4
34. इसाई साध्वी -2
36. टेंशन,परेशानी-3
37. खुजली -2
38. अशक्त,निर्बल-4
39. नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. झगड़ा, बैर,द्वेष-2
2. सद्पुरुष,अच्छे कुल का-3
3. सार-संभाल-2,3
4. विचार करना-3
5. प्रत्येक-2
6. परंपरा,धर्मविधी-4
7. आवास, गरीबखाना-5
10. संपत्ति-4
12. भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16. भालू-बंदर नचाने वाला-3
17. मां की मां-2
18. भय,खौफ-2
20. वेग,गति-3
21. मुंह,चेहरा-2
22. पैर,ओहदा-2
23. वर्धनशील,बढ़नेवाला-4
24. शकरगंजी,कंद-5
25. सभागार,सभाकक्ष-5
26. भयंकर,खतरनाक-4
27. मोड़-2
31. कायर,डरपोक-3
33. तीन घंटे का समय,प्रहर-3
35. भीगा हुआ-2
37. नौकरानी-2

**शब्द पहेली- 6237 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | रा | ज | क | पू | र | | अ | च | र | ज |
| ज | य | | रा | | क्षि | ति | ज | | त | ला |
| ना | | अ | मा | न | त | | र | बा | | व |
| न | सी | ह | | | व | ह | | म | का | न |
| खा | | म | | र | न | र | | | ल | |
| ना | म | क | र | ण | | स | ला | ह | का | र |
| | हा | | | वी | रा | ना | | र | | ज |
| का | न | न | | र | ज | | | जा | ग्र | त |
| म | | र | ज | | घ | ब | रा | ना | | प |
| का | र | | ग | ज | रा | | ज | | प | ट |
| ज | न | म | त | | ना | ट | क | का | र | |





ऑरेंज कैप
सांई सुदर्शन
638 रन
गुजरात

पर्पल कैप
भुवनेश्वर कुमार
24 विकेट
बेंगलुरु

## खबर संक्षेप



### ओलंपिक में योगासान को शामिल करने पर जोर

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि भारत की 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने की इच्छा को ध्यान में रखते हुए भविष्य के ओलंपिक खेलों की सूची में योगासन को शामिल करने के लिए जोर दिया जाएगा। यह खेल चार से आठ जून तक अहमदाबाद में पहली विश्व चैंपियनशिप के साथ विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार है। इस विश्व चैंपियनशिप में 60 से अधिक देशों के 529 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनमें से 114 भारतीय योगासन खिलाड़ी भी शामिल हैं। भारतीय टीम का चयन ट्रायल के बाद किया गया था और अभी वह अहमदाबाद के वीर सावरकर खेल परिसर में ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा ले रही है।

### आईएएमई सीरीज में शिव नील पर रहेगी नजर

**कोयंबटूर।** आईएएमई कार्टिंग की प्रतियोगिता आईएएमई सीरीज इंडिया में भारत के पहले एफवन ड्राइवर नरेन कार्तिकेयन के बेटे शिव नील पर सबकी नजर रहेगी।



आरए मोटरस्पोर्ट्स इस प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है, जिसमें पांच राउंड होंगे। इस सीरीज का पहला राउंड 31 मई को सीओएएसटीटी सर्किट में होगा, जिसमें 34 प्रतिभागी भाग लेंगे। आईएएमई का का पूरा नाम इटालियन अमेरिकी मोटर इंजीनियरिंग है। इसमें खिलाड़ी मिनी अंडर10, मिनी, जूनियर और सीनियर वर्गों में हिस्सा लेंगे। नील के अलावा रेहान खान रशीद और आरुतरन प्रभु भी आकर्षण का केंद्र होंगे। इस सीरीज का दूसरा चरण भी 28 जून को कोयंबटूर में होगा।

# फ्रेंच ओपन : सबालेंका, ओसाका की विजयी शुरुआत, मेदवेदेव हारे

एजेंसी ⏭ पेरिस


विश्व की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी एरीना सबालेंका ने फ्रेंच ओपन में भीषण गर्मी का पूरा फायदा उठाते हुए पहले दौर में शानदार जीत दर्ज की तो वहीं पुरुष वर्ग में रूस के स्टार खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव को बड़ा उलटफेर झेलना पड़ा। सबालेंका ने स्पेन की जेसिका बौजास मानेइरो को 6-4, 6-2 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। मुकाबले के दौरान उन्होंने नेट के पास आक्रामक खेल दिखाते हुए कई शानदार वॉली पॉइंट जीते। रोलां गैरों में लगातार तीसरे दिन तापमान 32 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान था। गर्म मौसम के कारण क्ले कोर्ट तेजी से सूख रहे हैं और सामान्य से अधिक तेज खेल हो रहा है, जिससे नेट पर आक्रामक रणनीति कारगर साबित हो रही है। मैच के बाद सबालेंका ने कहा, /"इस समय खेल का सबसे मजेदार हिस्सा यही है कि मैं नेट पर आकर अंक जीत पा रही हूं। मैंने अपने खेल के इस हिस्से में काफी सुधार किया है और इस पर गर्व है।/" सबालेंका ने इस मैच के दौरान हीरे से जड़े नेकलेस पहनकर ध्यान आकर्षित किया तो वहीं अपने फैशनेबल कपड़ों से सुर्खियां बटोरने नाओमी ओसाका ने महिला एकल में जर्मनी की लौरा सीगमंड को 6-3, 7-6 (3) से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

### अमेरिका के कोवासेविच को 6-1, 6-0, 6-4 से हराया




### 19 वर्षीय जोडर ने खेला डेब्यू मैच, गंवाए केवल पांच गेम

**पेरिस।** जब दो बार के मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज चोट के कारण बाहर हो गए हैं और फ्रांस के 21 वर्षीय आर्थर फिल्स भी फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गए हैं तब स्पेन के 19 वर्षीय राफेल जोडर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर की राह में सबसे बड़ी चुनौती बनकर सामने आ रहे हैं। पिछले कुछ समय से एटीपी प्रतियोगिताओं में धूम मचा रहे जोडर ने फ्रेंच ओपन में अपने पदार्पण मैच में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिका के अलेक्जेंडर कोवासेविच को 6-1, 6-0, 6-4 से हराया। जोडर ने क्ले कोर्ट पर खेले जाने वाले इस ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में पहले मैच में केवल पांच गेम गंवाए। फ्रेंच ओपन में पदार्पण पर इससे कम गेम गंवाने वाले आखिरी खिलाड़ी नोवाक जोकोविच थे, जिन्होंने 2005 में रॉबी जिनेप्री के खिलाफ तीन गेम गंवाए थे।



### स्वियातेक ने जोन्स को किया बाहर

इस बीच चार बार की चैंपियन इगा स्वियातेक ने अपने पहले मैच में 136वीं रैंकिंग की खिलाड़ी एमर्सन जोन्स को 6-1, 6-2 से हराकर बाहर कर दिया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन एलेना रायबाकिना ने वेरोनिका एरजावेक को 6-2, 6-2 से और इटालियन ओपन विजेता एलिना स्वितोलिना ने अन्ना बोंडार को 3-6, 6-1, 7-6 (3) से हराया।



### मोनफिल्स ने टेनिस को कहा अलविदा

गेल मोनफिल्स ने अपने हमवतन फ्रांसीसी खिलाड़ी ह्यूगो गैस्टन से 6-2, 6-3, 3-6, 2-6, 6-0 से हारने के बाद टेनिस को अलविदा कहा।
आठवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर ने टोबी सैमुअल को 6-4, 6-4, 6-2 से हराया जबकि 15वीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड ने रोमन सफिउलिन के खिलाफ 6-2, 7-6 (5), 5-7, 0-6, 6-2 से जीत हासिल की।

## आईपीएल : रजत के नाबाद 93 रन, डफी को 3 विकेट

# पाटीदार के कमाल से टाइटंस को 92 रन से हराकर आरसीबी फाइनल में

भाषा ⏭ धर्मशाला

कप्तान रजत पाटीदार की 93 रन की विस्फोटक पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग के पहले क्वालीफायर में मंगलवार को गुजरात टाइटंस को 92 रन से रौंदकर पांचवीं बार फाइनल में जगह पक्की की। पाटीदार ने मात्र 33 गेंदों की बेखौफ नाबाद पारी में नौ छक्के और पांच चौके जड़े। उन्होंने कुछ जीवनदान मिलने के बाद अंत के ओवरों में गेंदबाजों की जमकर धुनाई की और मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। अनुभवी विराट कोहली और कृणाल पंड्या ने 43-43 रनों की पारियां खेलीं। आरसीबी ने पांच विकेट पर 254 रन बनाने के बाद टाइटंस को 20वें ओवर में 162 रन पर आउट कर लगातार दूसरी बार खिताब जीतने की ओर मजबूत कदम बढ़ाया। इस हार के बाद टाइटंस को 29 मई को दूसरे क्वालीफायर में राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेले जाने वाले एलिमिनेटर मुकाबले के विजेता से भिड़ना होगा। बड़े स्कोर का पीछा करते समय टाइटंस के बल्लेबाज पूरी तरह दबाव में आ गए और लगातार विकेट गंवाते रहे। टीम ने पावरप्ले में ही पांच विकेट गंवा दिए, जिससे आरसीबी की जीत दूसरी पारी के छठे ओवर में ही लगभग तय हो गई। राहुल तेवतिया ने 43 गेंदों में चार छक्कों और आठ चौकों की मदद से 68 रन बनाकर टाइटंस को शर्मनाक हार से बचाने की कोशिश की। उनके अलावा सिर्फ जोस बटलर (29) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर सके। आरसीबी के लिए जैकब डफी ने तीन विकेट लिए, जबकि भुवनेश्वर कुमार, कृणाल पंड्या और रसिख सलाम ने दो-दो विकेट चटकाए। जोश हेजलवुड को एक सफलता मिली। बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार लय में चल रहे साई सुदर्शन (14) ने पहले ओवर में डफी के खिलाफ लगातार दो चौकों के साथ आक्रामक शुरुआत दिलाई, लेकिन इस गेंदबाज के अगले ओवर में वह हिट विकेट हो गए। उनका बल्ला हाथ से छूटकर विकेटों से टकरा गया।

**विराट कोहली और कृणाल पंड्या ने 43-43 रन बनाए**



### सूर्यवंशी व आर्चर पर रॉयल्स की उम्मीदें, सनराइजर्स से आज टक्कर

**मुल्लांपुर।** अपने विस्फोटक बल्लेबाजों की मौजूदगी से बेहद मजबूत नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम बुधवार को आईपीएल के एलिमिनेटर में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी की तो उसे 15 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी और तेजतर्रार गेंदबाज जोफ्रा आर्चर से सावधान रहना होगा। सनराइजर्स की टूर्नामेंट की शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही थी लेकिन उसने दूसरे चरण में लय हासिल कर ली। नियमित कप्तान पैट कमिंस के आने से भी टीम को काफी फायदा हुआ, क्योंकि उसने अपने इन आखिरी 7 मैचों में से 5 में जीत हासिल की। सनराइजर्स ने लीग चरण में राजस्थान रॉयल्स को दो बार हराया था और इस तरह से कमिंस और उनकी टीम को बहुत अधिक दबाव वाले नॉकआउट मुकाबले में मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल होगी।

- **आज शाम 7.30 बजे से मुकाबला**

## डिविलियर्स ने 88 गेंद में कूटे 247 रन, लगातार लगाए 6 सिक्स

### टीम ने बनाया 447 का स्कोर



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज मैथ्यू डिविलियर्स ने विस्फोटक बैटिंग से धूम मचा दी। उन्होंने मैच में 88 गेंद में 247 रन की पारी खेली। मैथ्यू डिविलियर्स ने 23 चौके और 22 छक्के लगाए। इस दौरान उन्होंने लगातार छह छक्के लगाने का कमाल भी किया।

मैथ्यू डिविलियर्स ने दोहरे शतक वाली पारी एनपीसीएल 40 ओवर कप टूर्नामेंट में खेली। वे लॉन्गरिज क्रिकेट क्लब टीम का हिस्सा थे। डिविलियर्स के आतिशी खेल से इस क्लब ने व्हेली क्रिकेट क्लब के सामने 40 ओवर में चार विकेट पर 447 रन का स्कोर बनाया।

### व्हेली टीम 112 पर ढेर

व्हेली की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 39 ओवर में 112 पर ढेर हो गई. उसे 355 रन से हार मिली। इस टीम के चार ही बल्लेबाज दहाई के पार जा सके लेकिन इनमें से भी कोई 20 रन से आगे नहीं गया। लॉन्गरिज की ओर से व्हाइटहेड सबसे सफल रहे जिन्होंने 15 रन देकर चार शिकार किए। 25 साल के डिविलियर्स साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज हैं। वे साउथ अफ्रीकी टी20 लीग में जोबर्ग सुपर किंग्स का हिस्सा थे। इस टीम के लिए उन्होंने 11 मैच में 116 की स्ट्राइक रेट से 151 रन बनाए थे। साउथ अफ्रीका के घरेलू वनडे टूर्नामेंट में उन्होंने बोलैंड के खिलाफ 77 गेंद में 133 रन की पारी खेली थी। उन्होंने अभी तक 12 फर्स्ट क्लास मैच में 659, आठ लिस्ट ए में 389 और 20 टी20 में 545 रन बनाए हैं। वे घरेलू क्रिकेट में वॉरियर्स टीम की तरफ से खेलते हैं।

# नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट: मैराथन मुकाबले में जीते गुकेश प्रज्ञाननंदा ने वेस्ली को हराया

- कार्लसन को करना पड़ा पहले दौर में हार का सामना

एजेंसी ⏭ ओस्लो

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत करते हुए विन्सेंट कीमर के खिलाफ एक कड़े और तनावपूर्ण मैराथन मुकाबले के बाद जीत हासिल की और आर प्रज्ञाननंदा ने वेस्ली सो को हराया, लेकिन विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। गुकेश ने लगभग 5 घंटे तक चले 144 चाल के मुकाबले के बाद आर्मागेडन (मुख्य बाजी ड्रॉ रहने के बाद टाईब्रेक मुकाबला) में जीत के बदौलत 1.5 अंक हासिल किए, जबकि कीमर को क्लासिकल मुकाबला बराबर रहने के कारण एक अंक से ही संतोष करना पड़ा। इस मैराथन मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी अंतिम चरणों में स्पष्ट रूप से घबराया हुआ दिखा जबकि जर्मन खिलाड़ी ने पूरे क्लासिकल मुकाबले में संयम बनाए रखा। टाईब्रेक में हालांकि गुकेश ने जीत हासिल करने में देर नहीं लगाई।





### गुकेश-प्रज्ञाननंदा दूसरे स्थान पर

फिरोजा ने इस तरह से 10 दौर की प्रतियोगिता में तीन अंकों के साथ शुरुआती बढ़त हासिल कर ली है, जबकि गुकेश और प्रज्ञाननंदा 1.5-1.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। वेस्ली सो और कीमर के एक-एक अंक हैं, जबकि कार्लसन ने अभी तक अपना खाता नहीं खोला है।

### हम्पी और दिव्या जीती

महिला वर्ग में बिबिसारा असाउबायेवा ने कोनेरु हम्पी पर क्लासिकल मुकाबले में ही जीत हासिल की। मौजूदा चैंपियन अन्ना मुजिचुक को झू जिनर ने आर्मागेडन टाईब्रेक में हराया। दिव्या देशमुख ने महिला विश्व चैंपियन जू वेनजुन के खिलाफ आर्मागेडन में शानदार प्रदर्शन करते हुए टाईब्रेक में जीत हासिल की।

## पन्नीरसेल्वम ने जीते दो स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर इनियान पन्नीरसेल्वम ने श्रीलंका में राष्ट्रमंडल शतरंज चैंपियनशिप में रैपिड और ब्लिट्ज दोनों खिताब जीतकर दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। तमिलनाडु के इस खिलाड़ी ने प्रत्येक प्रारुप में सात राउंड में 6.5 अंक हासिल करके दोनों वर्गों में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। रैपिड स्पर्धा में ग्रैंडमास्टर श्रीहरि ने रजत और जीएम मित्राभा ने कांस्य पदक हासिल किया। ब्लिट्ज प्रतियोगिता में ग्रैंडमास्टर रोहित कृष्णा ने रजत और श्रीहरि ने कांस्य पदक जीता। मित्राभा ने क्लासिकल वर्ग का खिताब जीता, जबकि श्रीलंका के रानिंदु लियानागे ने रजत और श्रीहरि ने कांस्य पदक हासिल किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 26 मई तक किया गया, जिसमें भारत, श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, मॉरीशस, मालदीव, पाकिस्तान, बांग्लादेश, कीनिया, मलेशिया, सिंगापुर, स्कॉटलैंड और कनाडा के खिलाड़ियों ने भाग लिया।



### आईसीसी विमेंस रैंकिंग

# लिंसी ने लगाई 38 पायदान की छलांग, बनीं 'नंबर-2' गेंदबाज

एजेंसी ⏭ दुबई

इंग्लैंड की स्पिनर लिंसी स्मिथ नवीनतम आईसीसी विमेंस टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में 38 पायदान की छलांग लगाकर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। लिंसी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज में 6 विकेट अपने नाम किए थे। बाएं हाथ की स्पिनर लिंसी ने टी20 रैंकिंग में अपनी साथी स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन को पछाड़ दिया है, जो अब रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसक गईं।

### गेंदबाजों में शीर्ष 7 में 4 खिलाड़ी इंग्लैंड के

टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 7 में से 4 खिलाड़ी इंग्लैंड से हैं। इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लॉरेन बेल ने शुरुआती दो मुकाबलों में 3 विकेट हासिल किए थे, लेकिन अंतिम मुकाबले में नहीं खेल सकीं। वह फिलहाल चौथे स्थान पर बनी हुई हैं, जबकि कार्यवाहक कप्तान चार्ली डीन ने सीरीज में पांच विकेट लेकर सातवें स्थान पर अपनी पकड़ और मजबूत कर ली है।



### सोफी ने की टॉप-10 में वापसी

बल्लेबाजी रैंकिंग पर नजर डालें तो न्यूजीलैंड की पूर्व कप्तान सोफी डिवाइन 2 साल में पहली बार टॉप-10 में वापसी करने में सफल रहीं। उन्होंने इस सीरीज में कुल 132 रन बनाए, जिसमें शुरुआती 2 मुकाबलों में 45 और 87 रनों की पारियां शामिल हैं।

### शैफाली को हुआ एक स्थान का फायदा

बल्लेबाजों की रैंकिंग की बात करें तो वहां भी टॉप-10 में कुछ बदलाव देखने को मिले हैं। ऑस्ट्रेलिया की ताहलिया मैक्ग्रा एक स्थान आगे आई गई हैं और वह 729 रेटिंग पॉइंट्स के साथ छठे नंबर पर पहुंच गई हैं। वहीं शैफाली वर्मा को भी फायदा मिला है, वह 724 रेटिंग पॉइंट्स के साथ आठवें से सातवें नंबर पर पहुंच गई हैं।

## फ्री स्टाइल में भारत ने ओवर ऑल पहला स्थान प्राप्त किया

# एशियन कुश्ती प्रतियोगिता: हरियाणा के पहलवानों ने जीते सभी पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



अंडर-23 एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में मंगलवार को खेले गए फ्री स्टाइल मुकाबलों में देश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मंगलवार को हुए मुकाबलों में देश के खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य सहित सात पदक जीते। इसमें सभी पहलवान हरियाणा के हैं। फ्री स्टाइल में भारत ने ओवर ऑल पहला स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता वियतनाम में आयोजित की जा रही है। 74 किलोग्राम में दीपक ने स्वर्ण पदक जीता। 65 किलोग्राम में मोहित और 79 किलोग्राम में चंद्रमोहन ने स्वर्ण पदक जीता। 125 किलोग्राम में लक्की ने रजत पदक जीता। 61 किलोग्राम में दीपक ने और 92 किलोग्राम में पुनित ने रजत पदक जीता। 86 किलोग्राम में सचिन मोर ने कांस्य पदक जीता। इससे पहले सोमवार को हुए मुकाबलों में विक्की ने 97 किलोग्राम में और अक्षय ने 57 किलोग्राम में स्वर्ण पदक जीता था। चंद्रमोहन ने कजाकिस्तान के येरखान अबिलोव के खिलाफ 7-6 से रोमांचक जीत हासिल करके खिताब अपने नाम किया। 61 किलोग्राम में वर्ग के फाइनल में, दीपक ने कज़ाकिस्तान के नूरदानत ऐतानोव के खिलाफ 4-4 से कड़ा मुकाबला खेला, लेकिन आखिर में उन्हें सिल्वर मेडल से ही संतोष करना पड़ा। 74 किलोग्राम वर्ग में एक ब्रॉन्ज़ मेडल भी जीता, जब दीपक ने तुर्कमेनिस्तान के वतन अन्नाइराज़ोव को 10-0 से एकतरफा मुकाबले में हरा दिया। कुमार पुनीत ने 92 किलोग्राम वर्ग में भारत की झोली में एक ओर सिल्वर मेडल डाला, फाइनल मुकाबले में किर्गिस्तान के उलुकबेक सोरोमबेकोव से 1-12 से हार गए। मोर सचिन ने 86 किलोग्राम वर्ग में बॉबुरबेक रुज़िम्बोएव के खिलाफ 4-1 से शानदार जीत हासिल करके ब्रॉन्ज़ मेडल जीता। लक्की को 125 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर मेडल से ही संतोष करना पड़ा, वे फाइनल मुकाबले में कज़ाकिस्तान के रिज़ाबेक ऐतमुखान से 0-10 से हार गए। भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

## पाकिस्तान की शह पर चीन ने फिर छेड़ा कश्मीर राग

# बोला ड्रैगन, कश्मीर के मुद्दे का यूएन चार्टर, सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के तहत निकाला जाना चाहिए शांतिपूर्ण समाधान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

यह तो जगजाहिर है कि कश्मीर को लेकर पाकिस्तान और चीन दोनों की हमेशा से टेढ़ी नजर बनी रहती है। ताजा मामला बीजिंग के ग्रेट हाल ऑफ द पीपल में हुई पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेनाप्रमुख जनरल असीम मुनीर की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हुई बैठक के बाद जारी किए गए संयुक्त घोषणापत्र से जुड़ा हुआ है। जिसमें दोनों देशों ने एक बार फिर से कश्मीर को लेकर अर्नगल विलाप करते हुए कहा है कि इस मामले का समाधान संयुक्त राष्ट्र चार्टर और सुरक्षा परिषद के पुराने प्रस्तावों के आधार पर शांतिपूर्ण ढंग से निकाला जाना चाहिए। घोषणापत्र में सिर्फ कश्मीर ही नहीं बल्कि दोनों देशों के सहयोग से बनाए जा रहे चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपैक) का भी उल्लेख करते हुए दोनों देशों ने भारत के खिलाफ जहर उगला है।

### भारत दे चुका करारा जवाब

दोनों मामलों को लेकर भारत ने कई बार चीन और पाकिस्तान को साफ शब्दों में यह बता दिया है कि कश्मीर ही नहीं बल्कि अविभाजित जम्मू कश्मीर उसका अभिन्न अंग है था और हमेशा रहेगा। पाकिस्तान 2019 में भारत द्वारा हटाई गई धारा-370 के बाद से बौखलाया हुआ है। क्योंकि देश के कई बड़े नेता यह कह चुके हैं कि जल्द ही पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) पर भी फिर से भारत का कब्जा होगा। ऐसे में नापाक इरादों वाले पाकिस्तान को लगता है कि कहीं भारत भविष्य में पीओके पर हमला कर उसे भी अपने क्षेत्राधिकार में न ले। इसलिए वह चीन और उसके द्वारा पीओके के गिलगित बालिस्तान इलाके में बनाई जा रही सीपैक परियोजना के जरिए मामले में उसे शामिल कर भारत को धमकाने की कोशिश करता रहता है। लेकिन हर बार वह मुंह की खाता है।

### जिनपिंग की भारत यात्रा से पहले आया बयान

यहां बता दें कि एक ओर भारत में इस बात को लेकर चर्चा जारी है कि चीन के राष्ट्रपति सितंबर महीने में होने वाले ब्रिक्स देशों के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत की यात्रा पर आएंगे। वहीं उससे ठीक पहले उसके दोनों पड़ोसी देश द्वारा कश्मीर का मामला उठाकर एक बार फिर से संबंधों में तनाव पैदा करने वाला एक बयान दिया गया है। जिससे साफ हो गया है कि चीन की भारत के साथ खासतौर पर कश्मीर के मामले में बनी हुई तल्खी फिलहाल पूरी तरह से खत्म नहीं हुई है।

बोले जायसवाल, जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, था और हमेशा रहेगा, किसी और देश की टिप्पणी बर्दाश्त नहीं।

# कश्मीर पर चीन-पाकिस्तान के बयान को भारत ने किया सिरे से खारिज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कश्मीर को लेकर चीन और पाकिस्तान द्वारा जारी किए गए साझा घोषणापत्र को लेकर भारत ने मंगलवार को बेहद सख्त अंदाज में प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान जारी कर कहा कि भारत जम्मू-कश्मीर के मामले में किसी भी अन्य देश द्वारा की गई टिप्पणी को सिरे से खारिज करता है। क्योंकि उन्हें ऐसा करने का कोई अधिकार नहीं है। यह पूरा प्रदेश लद्दाख समेत भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग है, था और हमेशा बना रहेगा। उन्होंने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा परियोजना यानी सीपैक को दोनों देशों द्वारा वैधता प्रदान किए जाने के प्रयासों को भी पूरी तरह से नकारते हुए कहा कि यह कदम या तथाकथित परियोजना भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करते हैं। हमारा देश जल संसाधन सहयोग से जुड़े हुए समझौतों को कभी मान्यता नहीं देता है। भारत ने चीन और पाकिस्तान के बीच 1963 में सीमा समझौते को कभी अपनी स्वीकृति प्रदान नहीं की है। मंत्रालय द्वारा यह बयान मीडिया में आई कुछ खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए जारी किया गया है।

## कनाडा के पीएम से मिले पीयूष गोयल

# व्यापार, निवेश सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग आगे बढ़ाने पर दोनों देश सहमत

एजेंसी ▶▶ ओटावा

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, भारत-कनाडा आर्थिक संबंधों को सुदृढ़ बनाने की दिशा में कनाडा के ओटावा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कनाडा के पीएम मार्क कार्नी से भेंट करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। पीयूष गोयल ने पीएम कार्नी की हाल की भारत यात्रा को स्मरण किया, जिससे भारत-कनाडा साझेदारी को नई गति और नया आत्मविश्वास मिला। दोनों पक्षों ने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने के लिए दूरदर्शी चर्चा करते हुए भारत-कनाडा सीईपीए के शीघ्र संपन्न होने की आशा व्यक्त की। पीएम कार्नी ने कहा कि भारत के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता एक क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगा और एक व्यापक नए बाज़ार के द्वार खोलेगा।



### *कनाडा के मंत्रियों संग उच्च स्तरीय बैठकें की*

*पीयूष गोयल अपनी इस यात्रा के दौरान 100 से अधिक कंपनियों के उद्योगपतियों सहित अब तक के सबसे बड़े भारतीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। 25 से 27 मई की तीन दिवसीय यात्रा का उद्देश्य भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाना है, जिसमें भारत-कनाडा व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के लिए जारी वार्ताओं में तेजी लाना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। ओटावा में गोयल ने व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, कृषि और रणनीतिक क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को परिपुष्ट करने के लिए वरिष्ठ कनाडा के नेताओं और मंत्रियों के साथ उच्च स्तरीय बैठकों की एक श्रृंखला आयोजित*

